» वर्ष 73 » अंक 234 » पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 23 मई, 2026
» ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2083
» नगर » मूल्य 5 रुपए ▪▪

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

'आज तुम सिर्फ तुम हो, यह सच से भी सच्चा है, इस पूरी दुनिया में, तुमसे बेहतर तुम कोई और नहीं हो सकता।'
- डॉ. सूस

# त्विषा केस: पति समर्थ ने किया सरेंडर दिल्ली एम्स की टीम करेगी पोस्टमॉर्टम

## प्रदेश सरकार ने की सीबीआई जांच की सिफारिश, जबलपुर में वकीलों ने किया हंगामा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एक्ट्रेस त्विषा शर्मा हाईप्रोफाइल केस में त्विषा के पति समर्थ ने शुक्रवार को जबलपुर जिला न्यायालय में सरेंडर कर दिए। इधर, त्विषा के शव का दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की टीम दोबारा पोस्ट मार्टम करेगी। त्विषा के परिजन दोबारा पीएम कराने की मांग कर रहे थे, जिसे भोपाल कोर्ट ने ठुकरा दिया था। मगर हाईकोर्ट, जबलपुर ने शुक्रवार को मंजूरी दे दी।



इधर केस की जांच राज्य शासन ने सीबीआई को सौंप दी है। प्रदेश की गृह सचिव कृष्णावेणी देसावतु ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दिल्ली की विशेष पुलिस का दायरा पूरे मध्यप्रदेश तक बढ़ा दिया है। बता दें कि पूर्व में त्विषा के परिजनों ने प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर सीबीआई जांच की मांग की थी। सीबीआई को हैंडओवर होने तक भोपाल पुलिस अपनी कार्रवाई करती रहेगी। इस दौरान पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी भी होगी। दिल्ली एम्स ककी टीम के भोपाल पहुंचने तक अदालत ने त्विषा का शव सुरक्षित रखने के निर्देश पुलिस को दिए हैं। दूसरी तरफ त्विषा का वकील पति समर्थ शुक्रवार को सरेंडर करने जबलपुर जिला कोर्ट पहुंचा था। वहां की पुलिस ने समर्थ को हिरासत में ले लिया। बाद में भोपाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। रात तकपुलिस उसे लेकर भोपाल पहुंच जाएगी।

वहीं रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके परिवार के लिए शुक्रवार का दिन मुसीबत बढ़ाने वाला रहा। पिछले दस दिनों से जितने भी मोर्चों पर त्विषा की सास व पति को राहत मिलती रही है, वे सभी शुक्रवार को उल्टे पड़ते नजर आए। त्विषा की मौत के बाद भोपाल में 10 दिन पहले हुए पीएम की रिपोर्ट पर मृतका के पिता ने संदेह जताया था।

### मुंह ढककर कोर्ट पहुंचा था समर्थ

इससे पहले शुक्रवार को हाईकोर्ट में समर्थ की तरफ से लगाई गई अग्रिम जमानत याचिका उसके अधिवक्ताओं ने वापस ले ली। जस्टिस अवनींद्र सिंह की पीठ में पेश हुए समर्थ के वकीलों ने दलील दी कि वह जिला अदालत में सरेंडर करेगा। इसके थोड़ी देर बाद ही जबलपुर जिला अदालत में समर्थ मुंह ढककर सरेंडर करने पहुंचा था, जहां वकीलों ने भी समर्थ के सरेंडर का विरोध करते हुए हंगामा कर दिया।

### पूर्व जज की बेल रद्द करने की मांग

एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने की मांग की गई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि अग्रिम जमानत मिलने से केस की आरोपी रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। मामले को युगलपीठ में भेजा गया है। जहां 25 मई को अगली सुनवाई होगी।

**दहेज हिंसा पर एनसीआरबी की रिपोर्ट**

### रोजाना 16 महिलाओं की होती है मौत, मप्र टॉप 3 में

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, भारत में साल 2024 में 5,737 दहेज मौतें दर्ज की गईं। हालांकि यह साल 2017 में दर्ज मौतों की तुलना में कम है, लेकिन आंकड़े अब भी चिंताजनक हैं। औसतन, देश में हर दिन 16 महिलाओं की हत्या सिर्फ दहेज के लिए की जा रही है। इस मामले में मप्र टॉप 3 में शामिल है। साल 2024 में दर्ज हुई कुल दहेज मौतों में से एक तिहाई से अधिक मामले अकेले उप्र में सामने आए, जहां कुल 2,038 केस दर्ज किए गए। इसके बाद 1,078 मौतों के साथ बिहार दूसरे स्थान पर रहा। उच्च संख्या वाले अन्य राज्यों में मध्य प्रदेश (450), राजस्थान (386), और पश्चिम बंगाल (337) शामिल हैं।

# भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत मप्र में 30 तक हीट वेव की चेतावनी

## मानसून का 3 दिन में दिखेगा असर, केरलम-तमिलनाडु में आंधी की चेतावनी

**नगर संवाददाता, भोपाल।** इन दिनों देश का नक्शा मौसमी नजर में तीन रंगों में बंटा हुआ है। रेड, ओरेंज और येलो। जिन राज्यों में रेड रंग चमक रहा है, वहां भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है वहीं मप्र में भी 30 मई तक हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की गई है।

इधर, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक इस समय मानसून पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुका है। अगले दो से तीन दिन में यह बंगाल की खाड़ी में पूरी तरह पहुंच जाएगा। 26 मई को इसके केरलम के तट से टकराने की प्रबल संभावना है। इससे पहले मानसून का असर देश के तटीय राज्यों में दिखने लगेगा। आईएमडी इंडिया ने भारत के निचले राज्यों जैसे केरलम, तमिलनाडु, कनार्टक, ओडिशा और पूर्वी राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। इन राज्यों में अगले दो से तीन दिन में भारी बारिश और तेज आंधी की संभावना है। इसके बाद मानसून आगे बढ़ेगा और देश के अन्य राज्यों में अपनी दस्तक देगा।



भोपाल के रोशनपुरा चौराहे में दोपहर 2 बजे बच्चों धूप से बचता दंपत्ति।

**रेड कलर वॉर्निंग**

छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा

**यहां ओरेंज अलर्ट**

राजस्थान, महाराष्ट्र बिहार, पश्चिम बंगाल तेलंगाना, आंध्र प्रदेश

### मप्र में पारा फिर 46 पार, चार जिलों में चली लू

मध्य प्रदेश में गर्मी का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। प्रदेश के चार जिलों में शुक्रवार को लू चली। इसमें टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी और रीवा का नाम शामिल है। छतरपुर के नौगांव में एक बार फिर पारा 46 डिग्री पार चला गया। यहां शुक्रवार को अधिकतम तामपान 46.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह देश का दूसरा सबसे गर्म स्थान रहा। नंबर वन पर उत्तर प्रदेश का बांदा जिला रहा। जहां अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। मप्र में नौगांव के बाद खजुराहो में पारा 46.4 डिग्री रहा।

### 13 जिलों में पारा 44 डिग्री, भोपाल में गिरा

शुक्रवार को एमपी के 13 जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री या इससे ऊपर रहा। हालांकि चार दिन पहले तक यह आंकड़ा 22 जिलों में था। प्रदेश में बीते तीन दिन में पारा कुछ नीचे की ओर लुढ़का है। हालांकि इससे गर्मी में कोई कमी नहीं आई है। बात करें प्रदेश की राजधानी भोपाल की तो यहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रहा।

## संक्षिप्त खबरें

**आज भारत आएंगे रूबियो**

### 'भारत दोस्त, जितना तेल चाहिए हम देंगे'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को भारत को बेहतरीन साझीदार बताया और कहा कि भारत जितना ईंधन खरीदना चाहता है, अमेरिका बेचने को तैयार है। अपनी पहली भारत यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उन्हें क्वाड देशों के मंत्रियों से मिलने का मौका मिलेगा। रूबियो 23-26 मई तक भारत में रहेंगे और कोलकाता, आगरा, जयपुर व नई दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, 'वे (भारत) हमारे बेहतरीन सहयोगी और साझीदार हैं।



### फिजिक्स पेपर लीक की मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश के सबसे बड़े मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने महाराष्ट्र के पुणे से एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसे फिजिक्स के सवाल लीक करने का मुख्य स्रोत बताया जा रहा है। सीबीआई के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का नाम मनीषा संजय हवलदार है। सीबीआई ने बताया कि मनीषा हवलदार को एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। इस वजह से उसे फिजिक्स के प्रश्नपत्रों तक सीधी पहुंच हासिल थी। अप्रैल 2026 के दौरान उसने कई फिजिक्स सवाल लीक किए।

**नीट विवाद सीबीआई ने मनीषा को किया अरेस्ट**

**TATA IPL आईपीएल में आज**

**लखनऊ बनाम पंजाब**

**समय : शाम 7.30 बजे से**

**प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**

# वन्यजीव संरक्षण में रोल मॉडल बनकर उभरा है मप्र : मुख्यमंत्री

## जैव-विविधता दिवस पर कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री भी हुए शामिल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वैश्विक वन्यजीव संरक्षण का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक रोल मॉडल बनकर उभरा है। हमारी सरकार ने जैव विविधता के क्षेत्र में कई तरह के नवाचार कर प्रदेश नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट चीता विश्व में वन्यजीवों के पुर्नस्थापन का एक चमत्कारिक उदाहरण है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं चीता संरक्षण पर आयोजित वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में चीता प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया था, तब कई लोगों ने इसे लेकर आशंकाएं जताई थी और डर का वातावरण निर्मित था। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों को दोबारा बसाना चुनौतीपूर्ण था। प्रोजेक्ट की शुरुआत में कुछ ऐसे मामले सामने आए जिसने उन्हें तनाव में ला दिया था। रात भर यही बात सोचते रहते थे कि इन्हें कुछ हो गया ,तो केंद्रीय मंत्री क्या कहेंगे। हालांकि वन विभाग की टीम ने बेहतर प्रयास किए और चीतों का कुनबा बढ़ता गया। अब हमारे पास टाइगर स्टेट, लेपर्ड स्टेट, चीता स्टेट वल्चर स्टेट, घड़ियाल स्टेट ,वुल्फ स्टेट का टाइटल है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आईआईएफएम भोपाल में 5 रुपए के डाक टिकट की लांचिंग की।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दुनिया की भीषण त्रासदियों में शामिल भोपाल गैस त्रासदी के अपशिष्ट का संपूर्ण निष्पादन कर पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बड़े नुकसान के बाद भी 30 प्रतिशत वन क्षेत्र बचा हुआ है, जिसमें से भारत के पास 23 फीसदी वन क्षेत्र है। हमारा उद्देश्य जीवों की किसी भी नस्ल को खत्म न होने देना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता हरित भारत से होकर गुजरेगा।

# 12 राज्यों की 26 सीटों पर 18 को रास चुनाव

## खरगे और दिग्विजय समेत 24 सांसद हो रहे रिटायर, 2 सीटों पर होगा उपचुनाव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों पर 18 जून को चुनाव होगा। चुनाव आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। बता दें कि राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन, और रवनीत सिंह बिट्टू समेत 24 नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इन सभी सीटों से मौजूदा सदस्य 21 जून से 19 जुलाई के बीच रिटायर हो रहे हैं। इनके अलावा, दो रिक्त सीटों पर भी उपचुनाव होगा। ये सीटें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के नेता सीवी षणमुगम के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। चुनाव आयोग के नोटिफिकेशन के मुताबिक, 1 जून को नोटिफिकेशन जारी होगा। इसके बाद 9 जून को नामांकन की जांच की जाएगी, 11 जून को नामांकन वापस लिया जाएगा। इसके बाद 12 राज्यों की 26 सीटों पर 18 जून को मतदान होगा। राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा।



### मध्य प्रदेश में तीन सीटें हो रहीं रिक्त

राज्यसभा चुनाव आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार-चार सीटों पर, मध्य प्रदेश और राजस्थान में तीन-तीन सीटों पर, झारखंड में दो सीटों पर और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में एक-एक सीट पर होंगे।

### बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही इस्तेमाल

आयोग ने निर्देश दिया है कि बैलेट पेपर पर प्रीफेंस टिक करने के लिए केवल वायलेट यानी बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसरों को आदेश दिए गए हैं कि वह केवल वायलेट कलर पेन ही उपलब्ध कराएं। अन्य किसी कलर के पेन का उपयोग वर्जित होगा।




**क्रीमी लेयर मामले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

### माता-पिता आईएएस हैं तो आरक्षण क्यों चाहिए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने ऐसे परिवारों पर सवाल खड़े किए, जिन्होंने आरक्षण की मदद से पहले ही आर्थिक और शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की हासिल कर ली है और अब भी आरक्षण का फायदा ले रहे हैं। पिछड़े वर्गों के क्रीमी लेयर के लिए आरक्षण से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन बच्चों के लिए आरक्षण की जरूरत पर सवाल खड़े किए, जिनके माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं। कोर्ट ने कहा, 'अगर माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं तो आरक्षण क्यों चाहिए?' बेंच ने कहा कि ऐसे में अगर बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम इस चक्र से कभी बाहर नहीं निकल पाएंगे। इस मुद्दे पर हमें भी विचार करना होगा।



**सुप्रीम कोर्ट बोला-सिर्फ कंटेंट पर आपत्ति**

### करप्शन इन ज्यूडीशियरी के लेखकों पर बैन हटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एनसीईआरटी बुक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने पहले दिया फैसला बदल दिया है। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन तीन शिक्षाविदों ने विवादित हिस्सा लिखा, उन्हें हटा दिया जाए और दोबारा काम न दिया जाए। अब शुक्रवार को तीनों शिक्षाविदों की याचिका पर कोर्ट ने आदेश बदलते हुए कहा कि केंद्र, राज्य, यूनिवर्सिटी और सरकारी फंड पाने वाले संस्थान इस मामले में खुद फैसला लें। जिन 3 शिक्षाविदों का नाम आया था, उनमें प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार शामिल हैं। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इन लोगों ने जानबूझकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और छात्रों के सामने न्यायपालिका की नकारात्मक छवि दिखाई।

**सीक्रेट वेडिंग** | **बहामास के एक द्वीप पर होगी जूनियर ट्रंप की शादी**

# शादी में नहीं होंगे ट्रंप, 50 लोग होंगे शामिल

**वॉशिंगटन/बहामास, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर इस वीकेंड (शनिवार-रविवार) बहामास के एक छोटे से द्वीप पर पाम बीच की सोशलाइट बेटिना एंडरसन के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। सीएनएन को इस योजना से परिचित दो सूत्रों ने बताया कि इस बेहद निजी और पारिवारिक समारोह में खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शामिल नहीं होंगे।

सूत्रों के मुताबिक, शादी के मेहमानों की सूची को जानबूझकर काफी छोटा रखा गया है। इस विवाह समारोह में केवल परिवार के बेहद करीबी लोग और दूल्हा-दुल्हन के सबसे पक्के दोस्त ही शामिल हो रहे हैं, जिनकी कुल संख्या 50 से भी कम है। गुरुवार दोपहर ओवल ऑफिस में जब राष्ट्रपति ट्रंप से इस शादी को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी योजनाओं पर काफी अस्पष्ट जवाब दिया। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, 'वह (जूनियर) चाहते हैं कि मैं वहां जाऊं, लेकिन यह एक बहुत ही छोटा और निजी समारोह होने जा रहा है, और मैं वहां पहुंचने की कोशिश करूंगा।' हालांकि, उन्होंने आगे व्यस्तताओं का हवाला देते हुए कहा, 'यह मेरे लिए सही समय नहीं है। ईरान संकट और अन्य चीजें इस समय मेरी प्राथमिकता हैं।'



### जूनियर की यह दूसरी शादी

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप जूनियर और एंडरसन चाहते थे कि शादी की खबरें मीडिया में लीक न हों ताकि कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित और विशेष बना रहे। इससे सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान भी हो गया, क्योंकि राष्ट्रपति की मौजूदगी के कारण कार्यक्रम स्थल को अत्यधिक सुरक्षित (हेविली फोर्टिफाइड) बनाना पड़ता, जिससे मेहमानों को असुविधा होती। इस शादी में ट्रंप जूनियर के अन्य भाई-बहनों के शामिल होने की पूरी उम्मीद है। यह डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की दूसरी शादी होगी। इससे पहले वह वैनेसा ट्रंप के साथ 12 साल तक शादी के रिश्ते में रहे थे, जिसके बाद 2018 में उनका तलाक हो गया था। संयोगवश, वैनेसा ट्रंप ने हाल ही में बुधवार को घोषणा की है कि वह ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) से पीड़ित हैं। बेटिना एंडरसन से पहले, ट्रंप जूनियर ने साल 2020 से 2024 के बीच किम्बर्ली गुइलफॉयल से सगाई की थी, जो ग्रीस में अमेरिकी राजदूत हैं और कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम की पूर्व पत्नी हैं।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण आरोहण समारोह हुआ सम्पन्न

**जागरण, सतना**

करही सतना स्थित श्री रामा कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन टेक्निकल विंगद्ध में आरोहण अचीवर्स अवार्ड सेरेमनी आयोजित हुई। समारोह का आयोजन सी एस डब्ल्यू असिस्टेंट प्रोफेसर एमबीए जितेंद्र द्विवेदी एवं टीम के निर्देशन में हुआ। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य अकादमिक और खेल के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर आलोक चौबेए कुलगुरू महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालयए विशिष्ठ अतिथि डॉ अनामिका सिंहए सचिव आकार वेलफेयर सोसायटी उपस्थित रहे।




पुरस्कार वितरण हेतु संस्था प्रमुख शम्मी पुरी डायरेक्टर शाश्वत पुरी डायरेक्टर टेक्निकल विंग डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण में टेक्निकल विंग डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर शाश्वत पुरी ने ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण की महत्ता समझाई और महाविद्यालय के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। एकेडमिक पुरस्कारों में कुल इंजीनियरिंग फार्मेसी और एमबीए से कुल 90 विद्यार्थियों को सेमेस्टर टॉपर और बेस्ट अटेंडेंस अवॉर्ड दिया गया। वहीं दूसरी ओर स्पोर्ट्स के लिए कुल 113 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने क्रिकेट वॉलीबॉल खो.खो मलखंभ फाइन आर्ट्स ड्रॉप रो बॉलए बास्केटबॉल जैसे खेलो में स्टेट और नेशनल लेवल पर कीर्तिमान रचे हैं।

एकेडमिक डायरेक्टर शुभी खरे ने अवगत कराया कि स्टेट लेवल पर हमारी संस्था ने बीते दो सालों में 89 स्टेट लेवल और 17 नेशनल केवल खिलाड़ी दिए हैं। इसके बाद साल के सबसे बड़े स्टूडेंट अवॉर्ड स्टूडेंट ऑफ द ईयर की घोषणा की गई। जिसमें टेक्निकल विंग से अमन कुशवाहा को पुरस्कृत किया गया। डॉ अनामिका सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉर्डिनेटर जितेंद्र द्विवेदी और उनकी टीम को बधाई दी और सभी विजेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। संस्था के स्तंभ एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे, डीन इंजीनियरिंग हायर सेमेस्टर दीपेश निगमए डीन फर्स्ट ईयर अभय मिश्रा, डीन फार्मेसी डॉ अमित पांडे, एडमिनिस्ट्रेटर विकास शर्मा, कॉर्डिनेटर सीएसडब्लू जितेंद्र द्विवेदी सूर्यांकर वर्मा अरुण प्रताप सिंह शिखा शुक्ला सरल तिवारी प्रतिमा मिश्रा विनय डोंगरे अनुभव श्रीवास्तव प्रिंस शुक्ला पलाश गुप्ता सुमित द्विवेदी एवं अन्य सभी स्टाफ मेंबर उपस्थित रहे मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## पूर्व प्रधानमंत्री की मनाई पुण्य तिथि



**जागरण, सतना।** ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर गौंटिया कांग्रेस कमेटी बेला की अगुवाई मे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि ग्राम पंचायत पगरा विधानसभा रामपुर बघेलान मे मनाई गई जिसमें योगेन्द्र सिंह पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चिड्डी बुनकर महिला पंचायत अध्यक्ष ठाकुर दीन गौंटिया मंगलेश पटेल पंचायत सचिव रजनीश पटेल श्रीचन्द्र देव गौंटिया गोलू पटेल शेषकुमार रावत रजनीश रावत गुरू प्रताप पटेल अंकुर रावत सचिन रावत दीपक रजनीश रावत लल्लू रावत अजीत रावत परदेशी बुनकर अंसुल व्दिवेदी नन्दू बुनकर रंजीत रावत अमन रावत अवतार सिंह गौंटिया समशेर रावत आदि गौंटिया ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन मे बताया की सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे जो देश के चहुंमुखी विकास के लिए जाने जाते हैं देश की आन बान के लिए मरमिट जाने वाली हस्ती थे हमारे शरीर का प्रत्येक टुकड़ा खून की हर बूंद देश के लिए है।

# विंध्य क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा और खनन उद्योग को मिलेगी नई दिशा




## एकेएस और सोलार इंडस्ट्रीज का ऐतिहासिक समझौता

**जागरण, सतना।** तकनीकी शिक्षा औद्योगिक नवाचार और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए एकेएस यूनिवर्सिटी ने देश की अग्रणी औद्योगिक कंपनी सोलार इंडस्ट्रीज इंडिया के साथ महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता केवल एक औपचारिक साझेदारी नहीं बल्कि शिक्षा और उद्योग जगत के बीच ऐसा सशक्त सेतु माना जा रहा हैए जो आने वाले समय में खनन एवं निर्माण उद्योगों के स्वरूप को नई दिशा दे सकता है। एमओयू पर सोलार इंडस्ट्रीज की ओर से हेड टेक्निकल सर्विसेज इंडिया योगेंद्र निगम ने हस्ताक्षर किए जबकि विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम का सफल समन्वयन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर बालेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनीए कुलपति प्रोफेसर बीण्एण् चोपड़े तथा इंजीनियरिंग संकाय के डीन डॉण्जीण्केण्प्रधान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने एक.दूसरे को मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग की प्रतियां सौंपकर दीर्घकालिक सहयोग और विश्वास का संदेश दिया।इस एमओयू के माध्यम से उद्योग और अकादमिक जगत मिलकर खनन एवं निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए अत्याधुनिक तकनीकोंए अनुसंधान और नवाचार पर कार्य करेंगे। ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में संयुक्त रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा जिससे विद्यार्थियों को वैश्विक औद्योगिक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त होगा। यह साझेदारी विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखेगीए बल्कि उन्हें वास्तविक औद्योगिक परिस्थितियों में कार्य करने का अवसर भी प्रदान करेगी। समझौते के अंतर्गत उन्नत तकनीकोंए आधुनिक उत्पादों और शोध.आधारित सेवाओं के विकास हेतु दोनों संस्थान मिलकर कार्य करेंगे।

# उप मुख्यमंत्री ने स्व. दादा असीम बनर्जी को दी श्रद्धांजलि



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वरिष्ठ समाजसेवी उत्तम बनर्जी के पिता स्वर्गीय असीम बनर्जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सतना स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ पहुंचे, जहां उन्होंने स्व. दादा असीम बनर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा उन्हें इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का संबल दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. असीम बनर्जी का जीवन सामाजिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण रहा। उनके निधन से समाज ने एक सज्जन एवं प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व को खो दिया है। श्रद्धांजलि सभा में महापौर योगेश ताम्रकार, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, अखण्ड प्रताप सिंह, बालेन्द्र गौतम, श्रीकृष्ण महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# 64 लाख के सामुदायिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण

## पतेरी को मिली विकास की नई सौगात

**जागरण, सतना।** नगर पालिक निगम सतना द्वारा वार्ड क्रमांक 29 पतेरी में 64 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण माननीय महापौर योगेश कुमार ताम्रकार जी ने किया। लोकार्पण के उपरांत भवन को क्षेत्रवासियों को समर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि यह भवन सामाजिकए सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। महापौर ताम्रकार ने कहा कि नगर निगम प्रत्येक वार्ड के समग्र विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारा जा रहा हैए जिससे नागरिकों को विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराएगा। लोकार्पण समारोह में राजेश चतुर्वेदी , स्पीकर नगर पालिक निगम सतना, स्वप्ना वर्मा, प्रदेश महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा, गोपी गेलानी, अध्यक्ष निर्माण विभाग, श्रीमती रानी बालकृष्ण शुक्ला,डप्ब् सदस्य,वरिष्ठ समाजसेवी बालकृष्ण शुक्ला, रोजल प्रताप सिंह,सहायक यंत्री नगर पालिक निगम सतना,सुश्री सुहालिया अंसारी,उपयंत्री नगर पालिक निगम सतना सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



# रामपुर जनपद सीईओ को मातृ शोक, शोक सभा आयोजित



**जागरण, रामपुर बघेलान।** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पांडेय की मॉ के निधन रामपुर बाघेलान सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया।जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की आंखें नम हो गईं और वातावरण भावुक हो उठा।जिसमें मुख्यरूप से जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह पटेल नंदू जनपद सदस्य अनिल कुमार साकेत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बीपीओ महेश प्रसाद शर्मा अलंकार सिंह एडीओ सीआर प्रजापति पीसीओ जगद बहादुर सिंह विकास मिश्रा डीण्ओण् अजय भारतीय प्रकाश पांडेय प्रमोद तिवारी राजेंद्र यादव शिवकुमार पटेल विवेक गौतम श्रीमती ज्योति सोनी विकास पाण्डेय श्रीमती प्रतिभा द्विवेदी संतोष शुक्ला धनराज सिंह जीवेंद्र प्रताप सिंह कुंजबिहारी वर्मा अखंड प्रताप सिंह जसवीर कोल चंद्रदेव कुशवाहा शिवेंद्र पयासी सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।और दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# हनुमान जैसा शिष्टाचार विनम्रता की समाज को बहुत आवश्यकता है : वाजपेई

**जागरण, सतना।** हनुमान जैसा शिष्टाचार विनम्रता की समाज को बहुत आवश्यकता है हनुमान जब विप्र रूप लेकर श्री राम से मिले तो क्षत्रिय वेष में आए श्री राम को प्रणाम किया यह इस बात का परिचय है कि ब्राह्मण चाहे कितना विद्वान और ज्ञानी हो परंतु उसमें विनम्रता ही सबसे बड़ा सदगुण है उक्त प्रवचन श्री संतधाम आश्रम में महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन के सानिध्य में आयोजित भक्ति अमृत महोत्सव के अवसर पर दिल्ली से पधारे पंडित अशोक वाजपेई जी ने उपस्थित भक्तगणों को दिए। श्री वाजपेई ने अपने कथा में श्री हनुमान चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा राम सामने खड़े हैं परंतु दो भक्तों के राम को ईश्वर समझने में भ्रमहुआ सती जी और सुग्रीव जी जबकि दोनों के साथ सतगुरु है सती के साथ शिव हैं गुरु शंकर रूपीड़ सुग्रीव के साथ हनुमंत हैं परंतु सती का भ्रम होना सती के विनिष्ठ कर गया सुग्रीव के भ्रम ने राम से मिला दिया। आशय है कि सती ने शिव अर्थात गुरु की बात नहीं मानी और सुग्रीव ने हनुमान की बात मान ली अर्थात ईश्वर मिलन के लिए गुरु के प्रति विश्वास होना अनिवार्य है हनुमान जैसा शिष्टाचार विनम्रता की समाज को बहुत आवश्यकता है।



# संस्कार परिवर्तन समर कैंप का रामपुर बाघेलान में भव्य शुभारंभ

**जागरण, सतना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कृष्णा नगर सतना सेवा केंद्र की शाखा रामपुर बघेलान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संस्कार परिवर्तन समर कैंप का शुभारंभ बड़े ही उत्साह आध्यात्मिकता एवं आनंदमय वातावरण के साथ हुआ ।कार्यक्रम के प्रथम दिवस में सर्वप्रथम सभी बच्चों का तिलक लगाकर एवं प्रेमपूर्वक स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रार्थना गीत के माध्यम से बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी गई। कैंप में बच्चों को विभिन्न रोचक एक्टिविटीज़ खेल एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के माध्यम से मोरल वैल्यूज़ श्रेष्ठ संस्कार तथा जीवन को सही दिशा देने की शिक्षा प्रदान की गई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीके लीला दीदी बीके अनीता दीदी बीके शुभम भाई सम्मिलित रहे। इस अवसर पर बच्चों को आत्मा एवं परमात्मा के ज्ञान से भी परिचित कराया गया तथा सात दिवसीय राजयोग कोर्स के प्रथम एवं द्वितीय दिवस के महत्वपूर्ण विषयों के बारे में सरल एवं सहज रूप में समझाया गया। पूरा कार्यक्रम आध्यात्मिकता एवं मनोरंजन का सुंदर संगम रहाए जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई ।कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गयाए जिससे बच्चों ने शांति एवं आनंद की अनुभूति की। तत्पश्चात सभी को प्रसाद स्वरूप टोली वितरित की गई तथा अगले दिन पुनः उपस्थित होने का निमंत्रण भी दिया गया।



## बाबू जगजीवन राम एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में लाखों की लागत से निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं वर्षा ऋतु के पूर्व बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार 21 मई को बाबू जगजीवन राम एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद फामिदा आफताब चोखे भाई एवं अर्चना विनीत जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुए। कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम अंतर्गत बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित जैन कॉलोनी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अंतर्गत मंगवाई कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर कुल लगभग 22 लाख रुपये की लागत से नाली एवं नाला निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

## भीषण गर्मी से राहत दिलाने शासकीय दफ्तरों का समय बदलने की मांग, अपाक्स ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**पन्ना।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन अपाक्स ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शासकीय कार्यालयों का समय प्रातःकालीन करने की मांग की है। अपाक्स के प्रांताध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि वर्तमान में प्रदेश के अनेक जिलों में तापमान 46 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। तेज गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों के कारण जनजीवन के साथ-साथ शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि दोपहर के समय लू लगने, निर्जलीकरण, चक्कर आने जैसी स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले कर्मचारी, महिला कर्मचारी, वरिष्ठ कर्मचारी तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित अधिकारी-कर्मचारी ज्यादा परेशान हैं। अपाक्स ने प्रदेशहित एवं कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए मांग की है कि जब तक तापमान सामान्य नहीं हो जाता, तब तक शासकीय कार्यालयों का समय सुबह जल्दी का कर दिया जाए अथवा ऐसा उपयुक्त समय निर्धारित किया जाए।

# 5 प्रमुख चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण, 10 आंगनवाड़ी बनेंगी आधुनिक चाइल्ड-फ्रेंडली प्री-स्कूल



**जागरण, सतना।** जिले में समग्र विकास, शहरी सौंदर्यीकरण और बाल हितों को केंद्र में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने शुक्रवार को जिला खनिज प्रतिष्ठान एवं कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी मद से संबंधित समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर कलेक्टर ने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उन्हें सीएसआर मद के तहत आवंटित की गई आंगनवाडी केन्द्र और चौराहों की साज-सज्जा एवं विकास का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम मैहर दिव्या पटेल, जनपद पंचायत के सीईओ, नगर पालिका सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सीएसआर प्रबंधक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उसकी सौंदर्यता बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी क्रम में औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सीएसआर फंड के सहयोग से मैहर शहर के 5 प्रमुख चौराहों का व्यवस्थित विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसी प्रकार बाल विकास एवं प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगरपालिका मैहर अंतर्गत संचालित 60 आंगनवाड़ी केंद्रों में से प्रथम चरण में 10 केंद्रों को चाइल्ड-फ्रेन्डली आकर्षण बढाकर उनहें प्री-स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

# विट्स के छात्रों का एनपीटीईएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय सदैव ही उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति कटिबद्ध रहा है। निरंतर ही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित करते रहे हैं। इसी क्रम में विंध्या इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड साईंस के छात्रों ने नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नालॉजी एनहांस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) द्वारा आयोजित परीक्षा जनवरी-जून 2026 में बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा निधि धनवानी फण्डामेंटल्स ऑफ डिजिटल मार्केटिंग में 97 परसेंट के साथ टॉपर 1 केटेगरी तो वहीं माही खटवानी 96 परसेंट के साथ टॉपर 1 केटेगरी में रहीं व एलीट गोल्ड सर्टीफिकेट अर्जित किया। खास बात यह रही कि दोनों ही छात्राओं ने ऑल ओवर इंडिया टॉप 1 परसेंट केटेगरी में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हॉसिल की। वहीं वेदांशी चंदानी एवं धान्या शर्मा ने एलीट सिल्वर सर्टीफिकेट अर्जित कर अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिचय दिया। एनपीटीईएल द्वारा आयोजित इस परीक्षा में मैनेजेमेंट संकाय के 20 से अधिक छात्रों ने विशेष उपलब्धि हॉसिल की। छात्रों की इस सफलता के पीछे डॉ स्नेहा सिंह परिहार का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं निरंतर सहयोग रहा। ज्ञात हो कि एनपीटीईएल देश की सभी आईआईटी एवं आईआईएससी का गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के संचार का एक संयुक्त प्रयास है जो कि मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन भारत सरकार द्वारा संचालित है जिसके अंतर्गत देश के अग्रणी संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी इत्यादि के अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न विषयों पर पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं एवं उन्हीं के माध्यम से परीक्षा भी आयोजित की जाती है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विट्स संस्थान के चेयरमैन सुनील सेनानी, प्राचार्य डॉ. पी. के. शुक्ला, वाइस प्रिंसिपल अखिल प्रताप सिंह, एचआर एण्ड फाइनेंस हेड निवेदिता मिश्रा, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड प्रो. प्रमोद पाण्डेय, डीन-मैनेजेमेंट एण्ड कॉमर्स डॉ प्रीति द्विवेदी समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनायें प्रेषित की।

# जिले में 86 फीसदी से ज्यादा हुआ तेंदुपत्ता संग्रहण




## तपती धूप में परिवार सहित पत्ता तुड़ाई में लगे गरीब

### 51 वन समितियों में पत्ता तोड़ाई का कार्य अंतिम चरण में



जागरण, सीधी

जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने की शुरुआत 15 मई से हुई। मौसम अनुकूल रहा इस वजह से तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य लक्ष्य के अनुसार काफी तेजी के साथ शुरू हुआ। सीधी जिले को 1 लाख 6 हजार 411 मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में सीधी जिले में निर्धारित लक्ष्य का 86 प्रतिशत से ज्यादा तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य पूर्ण हो चुका है। 21 मई की स्थिति में 92 हजार 295 मानक बोरा तेंदुपत्ता का संग्रहण कार्य पूर्ण हो चुका है। सर्वाधिक तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य बहरी रेंज में किया गया। यहां 105 प्रतिशत तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य पूर्ण होने के साथ ही बंद भी हो चुका है। अब केवल रेंज चुरहट, मझौली, सीधी क्षेत्र की वन समितियों में ही तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। तीन दिनों में तेंदुपत्ता संग्रहण का पूरा कार्य सीधी जिले में पूर्ण हो जाएगा। तपती धूप में परिवार सहित तेंदुपत्ता श्रमिक जंगलों में तेंदुपत्ता तोड़नें में पूरी तरह से मुस्तैद हैं। बताते चलें कि इस वर्ष 51 वन समितियों के माध्यम से सीधी जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य होना था। सीधी जिले को 1 लाख 6411 मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य इस वर्ष मिला है। 51 समितियों के माध्यम से अभी तक 92 हजार 295 मानक बोरा तेंदुपत्ता का संग्रहण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह लक्ष्य का 86 प्रतिशत है। सीधी जिले में बहरी रेंज में सबसे ज्यादा 105 प्रतिशत तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य पूरा किया जा चुका है। कुसमी एवं मझौली अंचल में भी तेजी के साथ तेंदुपत्ता तोड़ने का काम किया जा रहा है। चुरहट रेंज में भी तेंदुपत्ता तोड़ने का काम काफी द्रुत गति से चल रहा है। इस रेंज में भी तेंदुपत्ता की गुणवत्ता काफी अच्छी बताई गई है। इसी वजह से तेंदुपत्ता मौसम अनुकूल होते ही तोड़ने का काम किया जा रहा है। बताते चलें कि इस वर्ष मौसम की प्रतिकूलता के चलते तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य काफी विलंब से शुरू हुआ है। मौसम के अनुकूल होने पर तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य 10 मई के आसपास शुरू हो जाता था। इस वर्ष बूंदा-बांदी एवं हल्की बारिश का दौर मई महीने में शुरू रहा। जिसके चलते तेज धूप नहीं खिल सकी। तेंदुपत्ता की गुणवत्ता के लिए तेज धूप का खिलना काफी जरूरी होता है। साख कर्तन का कार्य विभाग द्वारा समय पर कराया गया था। जिससे तेंदुपत्ता भरपूर मात्रा में तैयार हो सके। जंगलों में तेंदुपत्ता काफी मात्रा में तैयार भी हुई है। लेकिन मौसम की प्रतिकूलता के चलते तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य निर्धारित से काफी विलंब से शुरू हुआ है। फिर भी जिला लघु वनोपज संघ द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य काफी तेजी के साथ हो। जिससे ज्यादा से ज्यादा तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य हो सके। उधर तेंदुपत्ता संग्रहण के कार्य में लगे श्रमिकों में काफी उत्साह है।

### आदिवासी परिवारों का सहारा है तेंदुपत्ता

जिले के आदिवासी परिवारों का तेंदुपत्ता आजीविका का बड़ा सहारा है। गर्मी के दिनों में तेंदुपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू होने को लेकर आदिवासी परिवारों को काफी बेसब्री से इंतजार रहता है। उनके द्वारा तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य शुरू होते ही सुबह से लेकर शाम तक तोड़ने का कार्य किया जाता है। आदिवासी परिवारों को यह अच्छे से मालूम रहता है कि कौन सा तेंदुपत्ता गुणवत्ता को लेकर सही है। इसी वजह से उनके द्वारा अच्छी गुणवत्तायुक्त तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य किया जाता है। तेंदुपत्ता की गुणवत्ता को लेकर सीधी जिले का तेंदुपत्ता काफी श्रेष्ठ माना जाता है। इसी वजह से इसकी मांग काफी ज्यादा रहती है। तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य सही तरीके से संपन्न करानें के लिए जिला लघु वनोपज संघ पूरी व्यवस्थाओं को बना चुका है। विभागीय सूत्रों के अनुसार तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य सीधी जिले में मई महीने में किया जाता है। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही बना ली जाती हैं। यह अवश्य है कि मौसम की प्रतिकूलता की वजह से निर्धारित तिथि से कुछ विलंब से तेंदुपत्ता तोड़ने का काम शुरू होता है। फिर भी सीधी जिले के वन समितियों में पर्याप्त मात्रा में उत्कृष्ट तेंदुपत्ता रहने के कारण निर्धारित लक्ष्य काफी आसानी से पूर्ण कर लिया जाता है।

# पानी के किनारे तीन घंटे बैठी रही टी-17 बाघिन, पर्यटकों ने किया दीदार

## संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में दिखा दुर्लभ नजारा

**जागरण, सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व में भीषण गर्मी के बीच एक दुर्लभनजारा देखने को मिला। यहां की प्रसिद्ध बाघिन टी-17 शुक्रवार को करीब तीन घंटे तक पर्यटकों के सामने एक जल स्रोत के किनारे बैठी रही। यह पहली बार है जब यह बाघिन इतनी देर तक शांत मुद्रा में पर्यटकों के करीब दिखाई दी। दोपहर लगभग 12 बजे पर्यटक सफारी के दौरान जंगल में एक जल स्रोत के पास पहुंचे। तभी उनकी नजर पानी के किनारे आराम कर रही टी-17 बाघिन पर पड़ी। गर्मी से राहत पाने के लिए बाघिन लंबे समय तक वहीं बैठी रही, जिससे पर्यटकों को उसे करीब से देखने का मौका मिला। पर्यटकों ने इस पल को अपने कैमरों में कैद कर लिया। बाघिन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए, जहां लोगों ने उसके शांत स्वभाव और शाही अंदाज की सराहना की। कई पर्यटकों ने इस अनुभव को अपनी सबसे यादगार जंगल सफारी बताया। गर्मी के मौसम में वन्यजीव अक्सर जल स्रोतों के आसपास सक्रिय हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को उन्हें देखने के अधिक अवसर मिलते हैं।



गर्मी के कारण जंगली जानवर अक्सर पानी वाले क्षेत्रों के पास आते हैं और ठंडक पाने के लिए वहीं रुकते हैं। इसी वजह से यह बाघिन पर्यटकों को आसानी से दिखाई दी।

**राजेश कन्ना टी, डीएफओ**
**संजय टाईगर रिजर्व**

टी-17 बाघिन का इस तरह लंबे समय तक खुले में दिखना वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक रोमांचक अनुभव रहा। इस वीडियो के सामने आने के बाद पर्यटकों में एक बार फिर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जंगल सफारी के प्रति लोगों का आकर्षण और बढ़ेगा।

# डॉ. एसबी सिंह की पुण्य तिथि पर हुआ नि:शुल्क भोजन



**जागरण, सीधी।** जिले की प्रतिष्ठित बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ स्व. डॉ. एसबी सिंह पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की पुण्य तिथि मे शशि वेलफेयर सोसायटी द्वारा दीनदयाल रसोई योजना में 22 मई शुक्रवार को नि:शुल्क भोजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे नगर के जरूरतमंद लोगो एवं जिला चिकित्सालय मे भर्ती मरीजो एवं उनके सहयोगियो और रोजमर्रा कमाने वाले मजदूरो को इस योजना का लाभ मिला। डॉ. स्वेता सिंह द्वारा प्राय: ही यहा नि:शुल्क भोजन का आयोजन कराया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रशान्त सिंह बाघेल, समिति सदस्य राजभान जायसवाल, रजनीश तिवारी, विकास नामदेव, मिठाई लाल यादव, भूपति कोल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी की वजह से ड्राइविंग लायसेंस का बढ़ाया गया पोर्टल

**जागरण, सीधी।** अत्यधिक गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला परिवहन विभाग ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों को राहत प्रदान की है। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर के समय तापमान अत्यधिक होने के कारण दूर-दराज क्षेत्रों से ड्राइविंग लाइसेंस के लिए फोटो खिंचवाने आने वाले आवेदकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ड्राइविंग लाइसेंस पोर्टल के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। अब 30 जून 2026 तक लाइसेंस पोर्टल का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। पूर्व में यह समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित था। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य गर्मी के मौसम में आवेदकों को अधिक सुविधा प्रदान करना और भीड़ को व्यवस्थित करना है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले आवेदक बढ़े हुए समय का लाभ उठाकर अपनी प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकेंगे।

# तंबाकू निषेध सप्ताह का कार्यक्रम 25 से

**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 के अवसर पर जिले में 25 मई से 31 मई 2026 तक तंबाकू निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम निकोटिन और तंबाकू की लत का आकर्षण बेनकाब करें निर्धारित की गई है। तंबाकू निषेध सप्ताह का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को तंबाकू एवं निकोटिन युक्त उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दौरान जिले भर में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, हस्ताक्षर अभियान, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष जागरूकता सत्र, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक तथा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से विशेष रूप से युवाओं को तंबाकू सेवन के गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं तंबाकू सेवन से दूर रहें और अपने परिवार, विशेषकर बच्चों एवं युवाओं को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। विभाग का मानना है कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही तंबाकू मुक्त समाज के लक्ष्य को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित यह विशेष अभियान जिले में स्वास्थ्य चेतना को मजबूत करने और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**जागरण, सीधी।** जिले में लगातार बढ़ती गर्मी और लू (तापघात) के संभावित प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि आवश्यक सावधानियां अपनाकर स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गर्मी के मौसम में बाहर निकलते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। घर से निकलने से पहले भोजन अवश्य करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। सिर, गर्दन और कान को गमछे या तौलिये से ढककर ही बाहर जाएं। छतरी और धूप के चश्मे का उपयोग करें तथा बाहर जाते समय पानी साथ रखना न भूलें। अधिक से अधिक पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। गर्मी के मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को दोपहर के समय बाहर न जाने दें। उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें। मौसमी फलों का सेवन बढ़ाएं और घर के भीतर ठंडक बनाए रखने के उपाय करें, ताकि शरीर का तापमान नियंत्रित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने कुछ जरूरी परहेज भी बताए हैं। बिना भोजन किए घर से बाहर न निकलें। लंबे समय तक तेज धूप में खड़े होकर काम करने से बचें। गर्म और बंद कमरों या भीड़-भाड़ वाले स्थानों में अधिक देर न रहें। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच बच्चों और बुजुर्गों को बाहर न जाने दें। धूप में बच्चों या पालतू जानवरों को वाहन में अकेला न छोड़ें। नंगे पैर चलने से बचें और चाय, कॉफी, अत्यधिक मीठे तथा गैसयुक्त पेय पदार्थों का सेवन कम करें। लू लगने पर शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो सकता है। त्वचा गर्म और सूखी हो जाती है। इसके अलावा तेज सिरदर्द, उल्टी या मतली, मांसपेशियों में कमजोरी, सांस फूलना, चक्कर आना और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# यूएई से रिश्ते मजबूत करने की पहल

*अपनी विदेश यात्रा के पहले पड़ाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ ) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ गर्मजोशी भरे महौल में हुई बैठक के बाद जो समझौते किये, वे दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों के बारे में ही बताते हैं। इनसे दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को नयी गति मिलने की उम्मीद है। दोनों नेताओं ने बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया के हालात पर भी चर्चा की और प्रधानमंत्री मोदी ने यूएइ पर हमले की निंदा की।*

*दोनों देशों के बीच स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व को लेकर अहम समझौता हुआ है। इसके तहत यूएइ के फुजैरा में कच्चे तेल के संभावित भंडारण को भारतीय रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व का हिस्सा बनाने की योजना है। दोनों देशों ने भारत में एलएनजी और एलपीजी भंडारण सुविधाओं में संभावित सहयोग के लिए भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। गुजरात के वाडिनार में जहाजों की मरम्मत के लिए भी दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है। रणनीतिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर भी भारत और यूएइ ने समझौता किया। इस साल जनवरी में जब यूएइ के राष्ट्रपति नयी दिल्ली की राजकीय यात्रा पर आये थे, तब रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए एक ढांचागत समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किये गये थे। प्रधानमंत्री मोदी की अबू धाबी यात्रा में इस ढांचे पर सहमति बनी।*

*यूएइ ने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। यूएइ की संस्थाओं द्वारा की गयी इस घोषणा के तहत एमिरेट्स न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा भारत के आरबीएल बैंक में तीन अरब डॉलर का निवेश, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी द्वारा नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट फंड ऑफ इंडिया के साथ भारत में प्राथमिकता वाले बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में एक अरब डॉलर का निवेश और इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा भारत की सम्मान कैपिटल में एक अरब डॉलर के निवेश का फैसला शामिल है।*

*दरअसल, भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच पिछले कुछ वर्षों में संबंध लगातार प्रगाढ़ और मजबूत हुए हैं। कठिन समय में यूएइ का समर्थन दोनों देशों की गहरी मित्रता को दिखाता है। इस मुलाकात में दोनों देशों ने होमुर्ज खोले जाने को अपनी प्राथमिकता बताया है। इससे संकेत मिलते है। की अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर भारत यूएई साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे। वर्तमान मे दोनों देश ऊर्जा, व्यापार, निवेश, तकनीक और सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच पूर्व मे लागू मुक्त व्यापार समझौते (सीईपीए) के बाद द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसका सीधा मतलब है कि यूएई के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) अफ्रीका, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों, पश्चिम एशियाई देशों, स्वतंत्र देशों का राष्ट्रकुल (सीआईएस) देशों तथा कुछ यूरोपीय देशों के लिए प्रवेश द्वार का काम करता है। जाहिर है दोनों देशों के बीच वस्तु व्यापार में मजबूत वृद्धि हुई है साथ ही सेवाओं का व्यापार भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे नए बाजार खुल रहे हैं और अधिक मूल्य सृजित हो रहा है। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान हुई कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के बाद दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूती मिलेगी। जाहिर है, प्रधानमंत्री मोदी की यूएइ यात्रा भारत के लिए बड़े लाभ लेकर आयी है। यूएइ भारत का महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत आर्थिक संबंध हैं। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से निवेश, ऊर्जा क्षेत्र और रक्षा सहयोग में और वृद्धि होने की संभावना है। जहां तक रणनीतिक रक्षा साझेदारी समझौता का सवाल है, तो यह क्षेत्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जबकि पेट्रोलियम भंडार संबंधी समझौता भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।*

प्रसंगवश

# मेलोडी नहीं, मोदी की डिप्लोमेसी का जादू ..!

हरि वर्मा

*मोदी अपने-आप में ब्रांड हैं। सियासी पिच पर बिहार के चुनावी अखाड़े में गमछा से गर्दा उड़ाने की शैली हो या अगोसा (अंगोछा) से असमिया अस्मिता से जुड़ने का अंदाज या फिर बंगाल में झालमुड़ी की तीखी मिर्ची का विरोधियों को स्वाद चखाना हो या अब चॉकलेटी मेलोडी से मेलोनी को मेलोडी उपहार भेंट कर कुछ मीठा हो जाने की मिठास, दुनिया में छा जाने की मोदी की यह अनोखी शैली है। दुनिया इसकी दीवानी है।*

*सियासी पिच हो या सोशल मीडिया, मोदी अपने आप में ब्रांड हैं और यही कारण है कि उनका जादू देश-दुनिया में सर आंखों चढ़कर बोल रहा है। पांच देशों की यात्रा के आखिरी पड़ाव में मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को मेलोडी टॉफी उपहार में दी तो एकाएक तीन घंटे के भीतर ही सोशल मीडिया पर यह मोदी मैजिक (वीडियो) 6 करोड़ से ज्यादा बार छा गया। इसी की चर्चा होती रही। और तो और मेलोडी टॉफी बनाने वाली पारले जी प्रोडक्ट इंडस्ट्री का शेयर (स्टॉक) 5 फीसदी तक उछलकर शेयर सर्किट (5.25 रुपये) हो गया। दरअसल, यह मेलोडी का नहीं बल्कि मोदी का जादू है। विरोधी भले इसे मोदी की नौटंकी बताते हों लेकिन हकीकत जुदा है और दुनिया दीवानी।*

*मोदी सियासी पिच पर आक्रामक हेलिकॉप्टर शॉट से न केवल विरोधियों को चुनावी मैच में हराते रहे हैं बल्कि गूगली गेंदों से गिल्ली भी उड़ाने के माहिर हैं। हाल के बंगाल के चुनाव में झालमुड़ी खाकर विरोधियों को तीखी मिर्ची का अहसास कराया। अब इटली की पीएम मेलनी के साथ मोदी की यह मैत्री वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक तौर पर देश में मिठास घोलने जा रही है। मोदी-मेलनी मिलन के दरम्यान भारत में 2029 तक 29 बिलियन यूरो तक की अर्थव्यवस्था का खाका खींचा गया।*

*2020 में कोरोना संकट के दौरान जब मोदी ने ताली-थाली बजाने या दीए-बाती जलाने की अपील की तो सारा देश एक अपील पर उनके साथ खड़ा हो गया था। तब भी विरोधियों ने ताली-थाली पीटने का मजाक उड़ाया। तभी मोदी ने वोकल फॉर लोकल का नारा देकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। खादी कारोबार को 11 वर्षों में 447 फीसदी की वृद्धि दिलाकर 170.51 करोड़ के कारोबार तक ला दिया। बुनकरों की स्थिति बदली। फैशन और ब्रांडिंग के जमाने में हस्तकरघा की ओर लोगों का ध्यान खींचा।*

*स्टार्टअप और मेक इन इंडिया जैसी अपील से रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा। करीब-करीब 65 फीसदी रक्षा उपकरण देश में बनने लगे। आकाश और ब्रह्मोस का निर्यात होने लगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाले ब्रह्मोस अब उत्तर प्रदेश में बनने लगे हैं। रक्षा मंत्रालय 67 फीसदी घरेलू खरीद को बढ़ावा दे रहा है। स्टार्टअप की वैश्विक रैंकिंग में भारत तीसरे नंबर पर आ गया है और यूनिकॉर्न 1 अरब डॉलर से ज्यादा हैं। तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर जोर है।*

*मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी बढ़ा है। लोकप्रियता के मामले में दुनिया भर के नेताओं को मोदी ने पछाड़ दिया है। इंस्टा हो या यूट्यूब, मोदी के फॉलोअर्स सर्वाधिक हैं। यही कारण है कि जब वह बंगाल के चुनाव में झालमुड़ी खाते हैं तो एकाएक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर झालमुड़ी की बाढ़ आ जाती है। अब मेलोडी टॉफी छा गई है। मोदी अपने प्रशंसकों के बूते ही सियासी पिच से लेकर दुनिया भर में छाए रहते हैं। देश में सत्ता के शिखर पर हैं। अपनी मेहनत के बूते राज्यों में भी कमल और सहयोगियों (एनडीए) का विस्तार कर रहे हैं।*



अमेरिका-ईरान संघर्ष

युद्ध रुकने के बाद भी स्थिति सामान्य होने में महीनों लगेंगे

# इतिहास का सबसे बड़ा उर्जा संकट

रंजन टंडन

अमेरिका-ईरान संघर्ष के तीसरे महीने में पहुंचने के साथ, वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अशुभ संकेत नजर आ रहे है। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी ने दुनिया की तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस आपूर्ति के पांचवें हिस्से के प्रवाह को रोक दिया है, और इतिहास में सबसे बड़ा ऊर्जा व्यवधान शुरू हो गया है। एक अरब बैरल से अधिक तेल पहले ही नष्ट हो चुका है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें डीजल और जेट ईंधन जैसे परिष्कृत उत्पादों पर अत्यधिक दबाव बना रही हैं। सल्फर की कमी (उर्वरक उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण कच्चे तेल और गैस प्रसंस्करण का उप-उत्पाद) और फारस की खाड़ी से उर्वरक शिपमेंट का नुकसान वैश्विक खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। रुकी हुई परियोजनाएँ और नौकरी का नुकसान तय है। आर्थिक परेशानियाँ निश्चित रूप से सभी आय स्तरों पर बनी रहेगी। बाजारों को अस्थाई रूप से स्थिर करने के लिए प्रमुख तेल उपभोक्ताओं और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसियो ने रणनीतिक भंडार की रिलीज शुरू करने का फैसला किया है। नवीनतम आईईए रिपोर्ट के अनुसार, 400 मिलियन बैरल की भंडार में से 164 मिलियन बैरल पहले ही वैश्विक बाजारों में प्रवेश कर चुका हैं।

हालांकि सऊदी अरामको और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी ने इस व्यवधान मे बीच का रास्ता निकलते हुए अवरुद्ध समुद्री मार्ग को दरकिनार कर दिया और वैकल्पिक भूमिगत पाइपलाइनों के माध्यम से आपूर्ति के नुकसान को आंशिक रूप से कम कर दिया। हालाँकि, ये आपूर्ति उपाय मूल्य अस्थिरता को नियंत्रित करने में अपर्याप्त साबित हुए। दूसरी ओर, मांग में कटौती केवल एक अस्थायी उपाय है क्योंकि भंडार तेजी से कम हो रहा है और युद्धरत देशों के बीच बातचीत आगे बढ़ने में विफल हो रही है।

अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं आपात्कालीन समय में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) रखती हैं। जापान और दक्षिण कोरिया अपने एसपीआर के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी का पालन करते हैं, जनादेश के तहत घरेलू निजी रिफाइनरियों को भूमिगत भंडारण सुविधाएं पट्टे पर देते हैं और एडीएनओसी जैसे विदेशी तेल उत्पादक जो मेजबान देश के साथ इसके एक हिस्से को निर्यात करने के अधिकार के साथ विशाल स्टॉक बनाए रखते हैं, इनकार का पहला अधिकार रखते हैं।

भारत ने दो राज्य-स्वामित्व वाली रणनीतिक भूमिगत सुविधाओं में कच्चे तेल का भंडारण करने के लिए एडीएनओसी के साथ साझेदारी की है, जबकि 30 मिलियन बैरल की कुल क्षमता के साथ तीसरी साइट विकसित की जा रही है। हालांकि मौजूदा मांग की तुलना मे यह सात दिनों के स्टॉक के बराबर है, जो आईईए द्वारा निर्धारित 90-दिवसीय बेंचमार्क से काफी कम है। फिर भी, यह भविष्य के विस्तार और पीपीपी मॉडल के लिए एक रोडमैप तैयार करता है।



ईरान युद्ध के बीच, 1 मई को ओपेक से यूएई के बाहर निकलने से अनिश्चित बाजार में जटिलताएं बढ़ गईं। हालाँकि चौथे सबसे बड़े सदस्य के वॉकआउट ने शुरू में समूह की राजनीति का डर पैदा कर दिया था, उसके बाद से कोटा प्रतिबंधों से राहत के रूप मे एक और अधिक सकारात्मक तस्वीर सामने आई है। प्रति दिन 5 मिलियन बैरल तक उत्पादन बढ़ाने के लक्ष्य को पाने के लिए अबू धाबी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को दरकिनार करते हुए फुजैराह तक पश्चिम-पूर्व पाइपलाइन के निर्माण में तेजी ला दी है, जिसके 2027 तक चालू होने की उम्मीद है, यह अमीराती तेल निर्यात क्षमता को दोगुना कर देगा और एशिया की प्यास को काफी हद तक कम कर देगा।

इस बीच, ब्राज़ील ने वर्तमान व्यवधान के दौरान एशिया में बहुत अधिक मात्रा में कच्चे तेल के निर्यात की सूचना दी है। ब्राजीलियाई-ग्रेड क्रूड ने एशियाई बाजारों के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। माल ढुलाई बाधाओं के बावजूद, चीन के आयात में इसकी हिस्सेदारी अप्रैल में 18 प्रतिशत हो गई। इधर, लैटिन अमेरिकी मीडियम-स्वीट क्रूड ने भारतीय ऊर्जा मिश्रण में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। मौजूद उपलब्ध बाजार में रिलायंस, राज्य के स्वामित्व वाली रिफाइनरियों के अलावा ब्राजीलियाई कच्चे तेल के लिए एक प्रमुख खरीदार बना हुआ है और एशिया में पेट्रोब्रास के तेल शिपमेंट का एक बड़ा हिस्सा उसके पास है।

हालाँकि, नाइजीरिया, अंगोला और लीबिया जैसे अफ्रीकी स्रोतों ने यूरोप और एशिया को सीमित सहायता प्रदान की है। दुनिया में 11वां सबसे बड़ा भंडार रखने के बावजूद, नाइजीरिया का तेल उद्योग, कई छोटी रिफाइनरियों के साथ, कई परिचालन और सुरक्षा बाधाओं के प्रति संवेदनशील है। यह क्षेत्र, आउटेज से ग्रस्त है, जो ऐतिहासिक रूप से कम निवेश, पुरानी पाइपलाइन और खराब टर्नअराउंड रखरखाव से जूझ रहा है। दूसरी ओर प्रतिदिन 650,000 बैरल संसाधित करने की क्षमता वाली अफ्रीका की सबसे बड़ी लागोस स्थित डांगोट रिफाइनरी ने यूरोप में जेट ईंधन और डीजल के शिपमेंट में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

हाल ही मे डोनाल्ड ट्रम्प की बीजिंग यात्रा वाशिंगटन के कूटनीतिक प्रस्ताव के रूप में उभरी, जो वैश्विक वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा के बजाय दो बराबर स्तर के लोगों के बीच बैठक का संकेत देती है। इन दिनों व्याप्त गंभीर ऊर्जा स्थिति के साथ, और जी 2 ढांचे को आगे बढ़ाने के लिए, ट्रम्प ने शी जिनपिंग के साथ चर्चा के दौरान ईरानी कच्चे तेल को संसाधित करने वाली चीनी स्वतंत्र रिफाइनरियों पर प्रतिबंधों में ढील देने के संकेत दिए । अमेरिकी ट्रेजरी की रिपोर्ट के अनुसार, हेंगली पेट्रोकेमिकल, चीन की दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनरी, कच्चे तेल के लिए तेहरान के सबसे बड़े ग्राहकों में से एक मानी जाती है।

बढ़ते भू-राजनीतिक टकराव के बीच, इस विकास को वैश्विक तेल गतिशीलता को प्रबंधित करने के प्रयास के साथ-साथ अमेरिकी प्रतिबंध नीति में एक नए चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। क्या यह कदम एशियाई बाजारों में ईरानी तेल की निरंतर उपस्थिति और ऐसे पारगमन की सुविधा देने वाले 'छाया बेड़े' को वैध बना सकता है, क्योंकि वाशिंगटन शांति स्थापित करने के लिए बीजिंग को लुभा रहा है? ऐसा लगता है कि अमेरिका किसी भी तरह से अपने युद्ध के कारोबार को तेल के अर्थशास्त्र से अलग करना चाहता है।

मौजूदा वैश्विक कमी और रूस के साथ चीन के निरंतर तेल व्यापार को देखते हुए, अमेरिकी ट्रेजरी ने रूसी तेल छूट को दूसरी बार बढ़ाया। यूराल के निरंतर प्रवाह से कच्चे तेल के बाजार को अस्थायी रूप से स्थिर करने और दो सबसे बड़े उपभोक्ताओं, चीन और भारत को नवीनीकृत ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने की उम्मीद है। इस कदम से सल्फर और अन्य तेल डेरिवेटिव की आपूर्ति बढ़ेगी, जिससे उर्वरक उत्पादन में वृद्धि होगी।

कुछ विश्लेषकों का अनुमान है कि युद्ध जून की शुरुआत तक समाप्त हो जाएगा। बाजार इसे सतर्क आशावाद के साथ देख रहे हैं क्योंकि युद्ध-पूर्व की स्थितियाँ बहाल होने और इसे सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। जबकि तेल के नए स्रोत उभर रहे हैं और उनका स्थायित्व प्रतिबंधित है, ऐसे मे एक सामूहिक पहल स्थिति को उबार सकती है।

खुला मंच

# चढ़ गया जुल्मी कॉकरोच रे...

पीए सिद्धार्थ

झून्नू लाल जी अपनी मस्ती में नब्बे के दशक की फिल्म दलाल के गाने की तर्ज पर गुटर गुटर गुटम, चढ़ गया ऊपर रे, जुल्मी कॉकरोच...रे, ' गाते हुए अकेले चले जा रहे थे। मैंने उन्हें बताया कि गाने में कबूतर है और वह इसमें कॉकरोच ले आए हैं। वह हंसते हुए बोले, 'अमा यार! आजकल देश में कॉकरोच के जलवे हैं। पूरे देश भर में कॉकरोच को लेकर नई बहस छिड़ गई है।' मैंने उनसे कहा कि आपके गाने को सुनकर मुझे आदित्य नारायण की कविता 'इधर भी गधे हैं, उधर भी गधे हैं' की याद आ रही है। पर आपके गाने में कबूतर की जगह कॉकरोच आ गया है। वह बोले, 'मियां! पहले ज़माना गधों का था। पर जब से पाकिस्तान गधों के निर्यात से विदेशी मुद्रा कमाने लगा है, हमने गधों को पाकिस्तान के लिए छोड़ दिया है। जब सरकारी स्कूलों के बच्चे अपना सबक याद करके नहीं आते थे तो मास्साब गुस्से से बोलते थे, 'गधा कहीं का'। अब गधों का कायांतरण हो रहा है। गधे कॉकरोच में बदल रहे हैं।'

गधों के कॉकरोच में बदलने के संबंध में कही गई उनकी बात सुनकर मेरा अपना मानना है कि मनुष्य भले गधे में बदल जाए, पर कॉकरोच से बेहतर है। कम से कम गधा मेहनत करता है और कॉकरोच की तरह जूठन या अपशिष्ट पर ज़िंदा नहीं रहता। आदमी समय बदलने के साथ धोबी या कुम्हार का ऐसा बंधुआ गधा हो जाता है जो बिना किसी प्रतिकार के अपनी ज़िम्मेवारियों का निर्वहन करता रहता है। बूढ़ा होने पर उसके सामने जो भी रूखा-सूखा डाल दिया जाए, वह उसे खाकर अपने आपको धन्य समझता है और भगवान का शुक्र अदा करता है।

मैंने उनसे पूछा, 'जिस गधे को भारत में मूर्ख समझा जाता है, वह कई अन्य देशों में प्रशंसा का पात्र है। लेकिन कॉकरोच को हर युग में हिकारत से देखा जाता रहा है। ऐसे में मुख्य न्यायाधीश का कहना कितना सही है कि समाज में कुछ 'परजीवी' हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं। पर अगर हम लचर-पचर व्यवस्था को इसी तरह ढोते रहे तो सचमुच आदमियों और गधों क्या अंतर रह जाएगा।' वह मेरी बात सुनकर सोचते हुए बोले, 'मैं भी अभी तक यह नहीं समझ पा रहा हूं कि उन्होंने जिन लोगों के फर्जी डिग्री के ज़रिए वकालत या अन्य पेशे में प्रवेश करने की बात कही है, क्या वह राजनीति पर भी लागू होती है। कई लोग डिग्री ही नहीं, ऐसे फर्जी विषयों में भी जाली डिग्री हासिल कर लेते हैं जो दुनिया के किसी भी विश्वविद्यालय में पढ़ाए ही नहीं जाते। ऐसे लोग जब क़ानून, मीडिया या सोशल मीडिया की बजाय राजनीति में प्रवेश कर सफल हो जाते हैं तो यही लोग कॉकरोच की तरह अपशिष्ट के लिए आगे-पीछे घूमने लगते हैं।'

महिला सुरक्षा

शिक्षा के बावजूद दहेज प्रथा खत्म नहीं हुई बल्कि इसने आधुनिक रूप ले लिया

# सुरक्षा से पहले सब्र करना सिखाते हैं महिलाओं को

अद्वैता काला

वे उन महिलाओं जैसी दिख रही थीं, जिनके होने पर भारत गर्व कर सकता है। पढ़ी-लिखी। शहरी। अंग्रेजी बोलने वाली। मध्यमवर्गीय। उनमें से एक ने फिल्मों में काम किया था और एमबीए कर रही थी। दूसरी ग्रेटर नोएडा के उस 'आकांक्षी इलाके' से थी, जहां 'गेटेड सोसाइटी', कोचिंग सेंटर और आगे बढ़ने के अवसर ही सब कुछ हैं। ये ऐसी महिलाएं नहीं थीं, जो गांवों से हों या जिन्हें शिक्षा से वंचित रखा गया हो। वे रील्स, डेस्टिनेशन वेडिंग्स और स्टार्टअप की महत्वाकांक्षा वाले भारत से ताल्लुक रखती थीं। फिर भी, दोनों की मौत दहेज प्रताड़ना के कारण हुई ।

भोपाल में, 31 वर्षीय ट्विशा शर्मा अपनी शादी के कुछ ही महीनों बाद ससुराल में मृत पाई गईं। उनके परिवार ने दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा, क्योंकि ट्विशा आधुनिक भारतीय नारी की छवि का प्रतिनिधित्व करती थीं-पढ़ी-लिखी, मुखर और आत्मनिर्भर। उन्होंने फिल्मों में काम किया था, ऑनलाइन कंटेंट बनाया था और कथित तौर पर अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती थीं। जांचकर्ता अब सीसीटीवी फुटेज, व्हाट्सएप संदेशों और ससुराल में लगातार की गई क्रूरता के आरोपों की जांच कर रहे हैं। लगभग उसी समय ग्रेटर नोएडा से एक और खबर आई। 24 साल की दीपिका नागर की शादी के महज 18 महीने बाद ही, कथित तौर पर अपने ससुराल की छत से गिरने से मौत हो गई। उसके मायके वालों का कहना है कि उसे दहेज की मांगों को लेकर परेशान किया जाता था। उसे पीटा गया और फिर छत से नीचे फेंक दिया गया, ताकि उसकी मौत एक हादसा लगे।

अलग-अलग शहर। अलग-अलग परिवार। पर कहानी एक जैसी। शहरी भारत दहेज को लेकर इस तरह बात करता है, मानो यह किसी दूसरी सदी की बात हो और यह ऐसी सामाजिक बुराई है, जो केवल गांवों और अशिक्षित परिवारों तक ही सीमित है। पर, सच्चाई यह है कि ये शहरी परिवेश में भी उतने ही आम हैं। शिक्षा या आर्थिक प्रगति के बावजूद दहेज प्रथा खत्म नहीं हुई, बल्कि इसने अपना रूप आधुनिक बना लिया है। आजकल, मोल-भाव शायद ही भद्दा दिखता है। यह 'उम्मीदों', 'तोहफों', 'सहयोग' या 'घर बसाने' जैसे शब्दों के पीछे छिपा रहता है। हालांकि, लेन-देन वही रहता है। दूल्हे की एक बाजार कीमत तय हो जाती है। शादी ऐसी प्रतिष्ठा का सौदा बन जाती है, जो परंपरा के भेष में छिपी होती है। और महिलाएं शिक्षित होने एवं नौकरी करने के बावजूद, विवाह के जरिये दूसरे परिवार में 'शर्तों पर आधारित सदस्य' के रूप में प्रवेश करती हैं। यही वह असहज करने वाला सच है, जिसका सामना करने से शहरी भारत अब भी इन्कार करता है।



वास्तविकता यह है कि भारत में सशक्तीकरण अक्सर दिखावटी होता है। एक महिला भले ही किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करती हो, विदेश जाती हो और आत्मविश्वास से बोलती हो, फिर भी शादी के बंधन में वह अंदर से बेहद कमजोर बनी रहती है। परिवार आज भी बेटियों की परवरिश इस डर के साथ करते हैं कि शादी टूटना एक निजी विफलता है। माता-पिता आज भी दबी जुबान में कहते हैं, 'थोड़ा और समझौता कर लो।' महिलाओं को अपनी सुरक्षा से पहले सब्र करना सिखाया जाता है। ट्विशा शर्मा मामले में जो बात विशेष रूप से विचलित करने वाली है, वह केवल दहेज उत्पीड़न का आरोप नहीं है, बल्कि उस व्यक्ति की छवि है, जो कथित तौर पर उस घर का केंद्र था। कोई अशिक्षित पितृसत्तात्मक व्यक्ति नहीं। एक पढ़ी-लिखी महिला-एक पूर्व न्यायाधीश। एक सास, जो ट्विशा की मौत के बाद दिए टीवी इंटरव्यू में, अपनी मृत बहू के बारे में बात करते हुए बेहद भावहीन नजर आई। यह बात उस मिथक को तोड़ देती है कि महिलाएं दूसरी महिलाओं को सशक्त बनाती हैं। वे अक्सर ऐसा नहीं करतीं।

कई भारतीय घरों में, औरतें उसी भेदभावपूर्ण व्यवस्था की रखवाली करने वाली बन जाती हैं, जिसने कभी खुद उन्हें ही दबाया था। सास की भूमिका एक ऐसी संस्थागत पहचान का रूप ले सकती है, जिसकी जड़ें सत्ता, नियंत्रण और बेटे के घर-परिवार को बनाए रखने में गहरी जमी होती हैं। खुद के भोगे हुए कष्टों से, जरूरी नहीं कि हमेशा दूसरों के प्रति सहानुभूति ही पैदा हो। कभी-कभी तो यह उसी चक्र को फिर से दोहरा देती है।

एक तरफ ट्विशा के शोकाकुल माता-पिता अपनी बेबसी और मानसिक पीड़ा बयां कर रहे थे, तो दूसरी तरफ उनकी सास (जो न्यायपालिका की पूर्व सदस्य थीं) इतनी शांत और संयमित नजर आ रही थीं कि उनका रवैया बिल्कुल ही बेरुखा लग रहा था। वे कानूनी तौर पर दोषी हैं या नहीं, यह तय करना अदालतों का काम है, लेकिन सामाजिक तौर पर, यह नजारा लोगों को खटका, क्योंकि भारत दकियानूसी पुरुषों से तो क्रूरता की उम्मीद करता है; मगर जब वह कामयाब महिलाओं में भावनात्मक कठोरता देखता है, तो विचलित हो जाता है। और शायद यह बेचैनी एक गहरी सच्चाई को उजागर करती है कि पितृसत्ता को केवल पुरुषों से ही बल नहीं मिलता। यह अक्सर उन महिलाओं के जरिये कायम रहती है, जो इसके नियमों को अपने भीतर उतार लेती हैं और उन्हें लागू करती हैं। यही एक वजह है कि दहेज और घरेलू हिंसा पढ़े-लिखे घरों में भी कायम है। यह हिंसा हमेशा शारीरिक नहीं होती। कभी-कभी यह भावनात्मक, प्रशासनिक या मनोवैज्ञानिक होती है-हजारों छोटी-छोटी अपमानजनक बातें, जो संभ्रांत परिवारों के भीतर ही होती हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में आज भी हर साल दहेज से जुड़ी लगभग 7,000 मौतें दर्ज की जाती हैं, यानी, हर दिन करीब 20 महिलाओं की मौत। ये वे ढांचागत विफलताएं हैं, जो बंद दरवाजों के पीछे छिपी हुई हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शहरी क्षेत्र भी इससे अछूते नहीं हैं। भारत के सबसे महत्वाकांक्षी शहर लगातार ऐसे विवाहों को जन्म दे रहे हैं, जिनमें महिलाओं को सौदे की वस्तु के रूप में देखा जाता है। और इन सबके पीछे एक डरावनी सोच छिपी है कि अगर एक बहू 'फेल' हो जाए, तो दूसरी मिल सकती है।

ट्विशा शर्मा और दीपिका को आधुनिक भारत की सफलता की कहानी का प्रतिनिधित्व करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय, वे इसके पाखंड का प्रतीक बन गई हैं। दुखद केवल यह नहीं है कि इनकी मृत्यु हो गई। दुखद यह है कि आज भी, देश में बहुत-सी महिलाएं यह जानते हुए शादी के बंधन में बंधती हैं कि प्रेम एक वैकल्पिक चीज है, गरिमा से समझौता किया जा सकता है और सुरक्षा अनिश्चित है।

जीवन दर्शन

# मनुष्य को अपने भीतर खोजने होते हैं अवसर

प्रकृति किसी को उसकी निष्क्रियता के लिए दोष नहीं देती। यही जीवन का गहरा सत्य है। इसलिए, मेरे जीवन का संदेश यही है कि अपने भाग्य को पढ़ें, जो सामने है, उसे पहचानें, और निडर होकर भविष्य की ओर बढ़ें।

जब हम केवल पुस्तकों तक सीमित हो जाते हैं, चाहे वे कितनी ही श्रेष्ठ और शास्त्रीय क्यों न हों, और केवल लिखी हुई भाषाओं के माध्यम से ही दुनिया को समझने की कोशिश करते हैं, तब हम उस गहरी और प्राकृतिक भाषा को भूलने लगते हैं, जो प्रकृति, घटनाओं और जीवन के अनुभवों के जरिये बिना शब्दों के भी बहुत कुछ सिखाती है। दुनिया में बहुत कुछ लिखा जाता और प्रकाशित होता है, पर बहुत कम बातें ऐसी होती हैं, जो वास्तव में हमारे जीवन व मन पर गहरा असर छोड़ पाती हैं। जैसे खिड़की से आती सूरज की रोशनी तभी साफ दिखाई देती है, जब खिड़की पूरी तरह खुली हो, वैसे ही सत्य को भी हम तभी सही रूप में समझ पाते हैं, जब अपने मन को पूरी तरह खोलकर उसे देखने व स्वीकार करने का साहस करते हैं। इतिहास, दर्शन, कविता, समाज और जीवनशैली, चाहे कितने ही श्रेष्ठ क्यों न हों, इन सबकी तुलना उस साधना से नहीं की जा सकती,



जिसमें हम हर पल सामने उपस्थित सत्य को देखने का अभ्यास करते हैं। सवाल यह है कि क्या हम केवल पाठक बनकर रह जाएंगे, या एक सच्चे दृष्टा बनेंगे? मैंने अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण समय में पुस्तकों का सहारा नहीं लिया, बल्कि प्रकृति के साथ तालमेल बिठाया और खेतों में काम किया। कई बार तो मैंने इससे भी अधिक मूल्यवान अनुभव प्राप्त किए। ऐसे क्षण भी आए, जब मुझे लगा कि वर्तमान के उस खिले हुए सौंदर्य को किसी भी कार्य के लिए छोड़ना उचित नहीं। मुझे अपने जीवन में विस्तार और खुलापन पसंद है। कई बार गर्मियों की सुबह, स्नान के बाद, मैं अपने द्वार पर बैठकर सूर्योदय से दोपहर तक विचारों में डूबा रहता, पेड़-पक्षियों और निस्तब्धता के बीच। वे क्षण मेरे लिए अत्यंत समृद्ध थे, मानो मैं रातों-रात फसल की तरह विकसित हो रहा हूं। यह समय मेरे जीवन से घटा नहीं, बल्कि उसमें अतिरिक्त रूप से जुड़ गया। मैंने समझा कि पूर्व के दार्शनिक जिस ध्यान और कर्म-त्याग की बात करते हैं, उसका अर्थ क्या है। अधिकांश समय मुझे यह भी ज्ञात नहीं होता था कि समय कैसे बीत रहा है। दिन अपने आप आगे बढ़ता, जैसे किसी कार्य को खुद ही करने के लिए आया हो, पर अंततः शाम हो जाती और कोई विशेष कार्य संपन्न ही नहीं होता। फिर भी, उस शांति में, उस मौन में, मैं भीतर से संतुष्ट था। मेरे दिन घड़ी के समय या सामाजिक बंधनों में नहीं बंधे थे, बल्कि वे स्वतंत्र और सहज प्रवाह में जिए जा रहे थे। दूसरों को यह निष्क्रियता प्रतीत हो सकती है, पर यदि प्रकृति मुझे परखे, तो मैं अपने आप को उसके अनुरूप पाता हूं। इसीलिए, मेरा मानना है कि मनुष्य को अवसर अपने भीतर खोजने होते हैं। प्रकृति किसी को उसकी निष्क्रियता के लिए दोष नहीं देती। यही जीवन का गहरा सत्य है। इसलिए मेरे जीवन का संदेश यही है कि अपने भाग्य को पढ़ें, जो सामने है, उसे पहचानें, और निडर होकर भविष्य की ओर बढ़ें।

**हेनरी डेविड थोरेयू**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।**
**ते मर्त्यलोके भुविभारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति ॥**

**भावार्थ**

अर्थ- जिन लोगों के पास न तो विद्या है, न तप, न दान, न शील, न गुण और न धर्म। वे लोग इस पृथ्वी पर भार हैं और मनुष्य के रूप में जानवर की तरह से घूमते रहते हैं।

# किसान कांग्रेस मंडला ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, कृषि विभाग के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**जागरण मंडला।** जिले में किसानों को गेहूं खरीदी, स्लॉट बुकिंग, खाद-बीज उपलब्धता एवं नकली कृषि सामग्री की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इन गंभीर समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस मंडला ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कृषि विभाग एवं प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। किसान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। ज्ञापन में कहा गया कि जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है और किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। किसान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले 20 से 25 दिनों से गेहूं विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग बंद पड़ी हुई है, जिससे किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रहे हैं। प्रशासन द्वारा खरीदी की अंतिम तिथि तो लगातार बढ़ाई जा रही है, लेकिन वास्तविक रूप से किसानों को स्लॉट उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इसके कारण किसानों को मजबूरी में खुले बाजार में कम कीमत पर गेहूं बेचना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई किसानों ने फसल उत्पादन के लिए बैंक एवं सहकारी समितियों से ऋण लिया है, लेकिन गेहूं की बिक्री नहीं होने से वे ऋण जमा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को डिफाल्टर घोषित किए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसान कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की कि किसानों को डिफाल्टर घोषित करने की प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए तथा ऋण भुगतान के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। कृषि सामग्री की कमी को लेकर भी किसान कांग्रेस ने नाराजगी जताई। नेताओं ने कहा कि जिले में किसानों को समय पर यूरिया उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं डीएपी खाद की भी भारी कमी बनी हुई है। किसानों ने आरोप लगाया कि बाजार में नकली बीज एवं नकली खाद खुलेआम बेचे जा रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुछ व्यापारी महंगे दामों पर घटिया एवं नकली सामग्री बेचकर किसानों के साथ ठगी कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा पर्याप्त जांच एवं कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसान कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की कि गेहूं खरीदी केंद्रों पर तत्काल नियमित एवं पारदर्शी खरीदी प्रारंभ कराई जाए, बंद पड़ी स्लॉट बुकिंग व्यवस्था तुरंत चालू की जाए तथा सभी किसानों को स्लॉट उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही जिन किसानों को स्लॉट नहीं मिल पाया है, उनके गेहूं की खरीदी विशेष अभियान चलाकर सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। इसके अलावा किसानों के लिए जिले में यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, नकली खाद-बीज बेचने वाले व्यापारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा खाद-बीज दुकानों की नियमित जांच कराने की मांग रखी गई। किसान कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तर पर विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की भी मांग की। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश ठाकुर ने कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया तो किसान कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल उचित कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान संतोष भल्लावी, इंद्रजीत भंडारी, रजनीश रंजन उसराठे, अभिनव चौरसिया, रेशमा अल्वी, सौरभ जंघेला, जावेद कुरैशी, पूजा शिवंशी, अमन लाहौरी, शुभम बरमैया एवं शाहरुख खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट घरेलू विवाद में डंडे से किया हमला

## इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत, आरोपी पत्नी गिरफ्तार कर भेजी गई जेल



**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते पत्नी द्वारा पति की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार महोबा रोड स्थित मिशन अस्पताल के पास रहने वाले दीपक रैकवार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर मामला सिटी कोतवाली थाना स्थानांतरित किया, जहां भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया।

पुलिस जांच, मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य और परिजनों के बयानों के आधार पर सामने आया कि दीपक रैकवार की पत्नी कमला रैकवार ने घरेलू विवाद के दौरान डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। चोट लगने के बाद दीपक की हालत लगातार बिगड़ती गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया। विधिवत कार्रवाई के बाद आरोपी कमला रैकवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के निर्देशन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक उमा परिहार, उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार, सहायक उप निरीक्षक गिरिजेश राजा, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह सेंगर, भूमिका रहीं

## भीषण गर्मी में बिजली संकट से भड़के वार्डवासी, विद्युत विभाग कार्यालय में किया प्रदर्शन

**छतरपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित लोधी कुइया क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान रहवासियों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में वार्डवासी विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे और जमकर प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि क्षेत्र का ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब पड़ा है, जिससे पूरे इलाके में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं मिलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों की हालत खराब हो रही है। वार्डवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान विभागीय अधिकारियों ने जल्द ही ट्रांसफार्मर ठीक कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के घरों को ढहाने और फांसी की सजा की मांग



**छतरपुर ।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 16 वर्षीय आदिवासी किशोरी के साथ तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना को लेकर पीड़ित परिवार और स्थानीय समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में आदिवासी शिव सेना समिति ग्रुप ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर को एक आवेदन सौंपकर मामले में त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बीते 15 मई 2026 की रात की है। पीड़ित किशोरी किसी जरूरी काम के सिलसिले में बाहर गई हुई थी, जिसके कारण उसे बस स्टैंड पर लौटने में देर हो गई। रात करीब 11 बजे जब वह बस स्टैंड पर मौजूद थी, तभी वहां मोटरसाइकिल से आए तीन युवकों ने उसके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। इसके बाद तीनों आरोपी जबरन उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक सुनसान कमरे में ले गए, जहां उन्होंने किशोरी की बेबसी का फायदा उठाते हुए उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया।

इस घिनौनी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान अरविंद कुशवाहा, रवि कुशवाहा और रविंद्र कुशवाहा के रूप में हुई है। पीड़ित किशोरी के परिजनों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और उसके पिता मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इस घटना ने पीड़ित परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है।

पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में आदिवासी शिव सेना समिति ग्रुप ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि आरोपियों ने एक नाबालिग लड़की की जिंदगी पूरी तरह बर्बाद कर दी है। समिति ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस संवेदनशील मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए।

# सरकारी जमीन पर नाला खोदाई को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन से अधिक घायल

**महाराजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मऊ में शासकीय जमीन पर नाला खुदाई को लेकर दो पड़ोसी पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। कई लोगों के सिर फूट गए और उन्हें लहूलुहान हालत में महाराजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मऊ में प्रेमचंद, जयहिंद, प्रमोद एवं अनिल द्वारा शासकीय भूमि पर नाला खुदाई का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी नरेश पटेल ने जमीन का सीमांकन होने तक खुदाई कार्य रोकने की बात कही। बताया जा रहा है कि सीमांकन को लेकर दोनों पक्षों में पहले से विवाद चला आ रहा था और अधिकारियों से शिकायत भी की गई थी।

बुधवार 20 मई को दोपहर करीब 12 बजे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद अचानक हिंसक हो उठा। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे और मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। संघर्ष में एक पक्ष के नरेश पटेल पिता रामसेवक पटेल उम्र 34 वर्ष के सिर, कान के ऊपर एवं माथे में गंभीर चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं परिवार के अन्य सदस्य भी घायल बताए गए हैं। दूसरे पक्ष के अनिल पिता राजेश पटेल के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि आसाराम पिता बैजनाथ के दाहिने पैर में गंभीर चोट लगने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा प्रेमचंद, जयहिंद एवं प्रमोद पटेल भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए महाराजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. आलोक चौरसिया द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नाव-डोंगियों का होगा अनिवार्य पंजीयन, व्हाट्सऐप ग्रुप से साझा होगी मौसम की जानकारी

## संवेदनशील पुल-पुलियों पर बैरिकेटिंग और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश



**जागरण मंडला।** आगामी वर्षाकाल के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों, राहत एवं बचाव कार्यों तथा संसाधनों की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी विभाग पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ के कारण संपर्क टूटने वाले गांवों की सूची 31 मई तक तैयार की जाए। प्रत्येक गांव में स्थानीय तैराकों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें।

कलेक्टर श्री धोटे ने जिले में संचालित सभी नाव एवं डोंगियों का अनिवार्य रूप से पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाव-डोंगी संचालकों का एक समर्पित व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया जाए, जिसके माध्यम से मौसम संबंधी महत्वपूर्ण अलर्ट और सूचनाएं समय-समय पर साझा की जा सकें।

बैठक में वर्षाकाल के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में त्वरित सुधार कार्य के लिए आवश्यक संसाधन एवं टीमों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए। सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में इमरजेंसी दवाइयों, आवश्यक उपकरणों और मेडिकल स्टाफ की चौबीस घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

कलेक्टर श्री धोटे ने संभावित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडारण की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पशुओं के लिए चारा, दवाइयों एवं उपचार की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा पशुहानि की स्थिति में आर्थिक सहायता संबंधी प्रकरण समय पर तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वर्षाकाल के दौरान जलभराव और तेज बहाव वाले संवेदनशील पुल-पुलियों एवं मार्गों की पहचान कर वहां चेतावनी बोर्ड, संकेतक एवं बैरिकेटिंग लगाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि आपदा की स्थिति में त्वरित सूचना एवं समन्वय के लिए जिले में 24x7 जिला स्तरीय कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा, जिसके माध्यम से समय-समय पर मौसम एवं आपदा संबंधी अलर्ट जारी किए जाएंगे। जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर श्री शैलेंद्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ एवं श्री संस्कार बावरिया, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसएलआर श्री हीरालाल तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सभी विकासखंड अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## नौगांव में बस और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत, ट्रैक्टर के हुए दो टुकड़े

**नौगांव।** नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सेलिब्रेशन होटल के सामने बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक तेज रफ्तार बस और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर बीच से टूटकर दो हिस्सों में बंट गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुप्ता बस क्रमांक एमपी16 पी 1099 और ट्रैक्टर दोनों ही तेज गति से आ रहे थे। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के दो हिस्से हो गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल नौगांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए नौगांव अस्पताल भिजवाया। वहीं दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।


**कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान**
सी.जी. सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ-226002
वेबसाईट: https://cancerinstitute.edu.in, ई-मेल: jdmm.sscih@gmail.com

**जेम बिड सूचना**

सूचित किया जाता है कि जेम बिड्स संदर्भ संख्या नं.0 निम्नवत् है–

| Sr.No. | Name of Items | Bid No. & Date | Pre-bid Meeting Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Pest and Animal Control Service | GEM/2026/B/7568968 Dated 22.05.2026 | 26.05.2026 15:00 |

उपरोक्त बिड जेम पोर्टल पर अपलोड की गई है। सभी इच्छुक सेवाप्रदाताओं से निविदा की शर्तों के अनुसार जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की जाती है। निदेशक, के.एस.एस.एस.सी.आई., लखनऊ बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिडो को किसी भी स्तर पर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट www.cancerinstitute.edu.in पर उपलब्ध है।

Advt No:- KSSSCI/Tender-03/2026-27 निदेशक



**बिरला केबल लिमिटेड**
MP BIRLA GROUP
पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1992PLC007190
Telephone No: 07662-400580, Fax No: 07662-400680
Email: headoffice@birlacable.com; Website: www.birlacable.com

**31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 21410.43 | 20450.51 | 15622.97 | 77111.40 | 66165.23 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 1429.71 | 542.92 | 205.03 | 2263.04 | 668.29 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 1429.71 | 542.92 | 205.03 | 2263.04 | 668.29 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 1080.36 | 402.47 | 148.41 | 1690.29 | 489.14 |
| 5 | समयावधि के लिए विस्तृत आय [ समयावधि के लिए लाभ (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) को समावेशित करते हुए ] | (501.72) | 1625.92 | (1969.91) | 2765.38 | 749.66 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य रु.10/- प्रति) | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| 7 | आरक्षतियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | 25090.31 | 22324.94 |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | 3.60 | 1.34 | 0.49 | 5.63 | 1.63 |

**कम्पनी की अंकेक्षित एकांगी मुख्य वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं:-**

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 21410.43 | 20450.51 | 15622.97 | 77111.40 | 66165.23 |
| 2 | कर के पूर्व लाभ | 1430.55 | 542..58 | 202.99 | 2259.24 | 683.56 |
| 3 | कर के पश्चात लाभ | 1081.04 | 402.17 | 145.07 | 1686.78 | 503.11 |
| 4 | समयावधि के लिए विस्तृत आय | (502.62) | 1625.18 | (1972.71) | 2758.79 | 762.07 |

**टिप्पणियां:** (1) संचालक मण्डल ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 10/- रुपये अंकित मूल्य के पूर्णप्रदत्त समता अंश पर 1.25 रुपये (12.50%) प्रति अंश लाभांश की अनुशंसा की है। लाभांश का भुगतान कम्पनी के आगामी वार्षिक साधारण सभा में अंशधारकों के अनुमोदन पर निर्भर है।

(2) उपरोक्त विवरण कम्पनी के 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित एवं एकांगी वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेवी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई उपरोक्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.birlacable.com पर भी उपलब्ध है। दिए गए क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड को स्कैन करके भी इस पर पहुंचा जा सकता है।

(3) 31 मार्च,2026 को समाप्त वर्तमान तिमाही के दौरान, कंपनी ("अंतरणकर्ता कंपनी " या "कंपनी") के निदेशक मंडल ने 21 मार्च, 2026 के अपने प्रस्तावों के माध्यम से, कंपनी और विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड ("अंतरिती कंपनी") तथा उनके संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों के बीच समामेलन योजना (योजना) को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 और अन्य लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अनुसार, कंपनी का अंतरिती कंपनी में 1 अप्रैल, 2026 की निर्धारित तिथि से समामेलन करने के लिए अनुमोदित किया।

योजना के प्रभावी होने पर, अंतरणकर्ता कंपनी भंग हो जाएगी और अंतरिती कंपनी द्वारा, अंतरणकर्ता कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों को (अंतरिती कंपनी को छोड़कर), अंतरणकर्ता कंपनी में उनके द्वारा धारित ₹10/- अंकित मूल्य वाले प्रत्येक 115 पूर्णतः चुकता इक्विटी शेयरों के बदले, अंतरिती कंपनी के ₹10/- अंकित मूल्य वाले 10 पूर्णतः चुकता इक्विटी शेयर जारी और आवंटित करेगी। अंतरणकर्ता कंपनी में अंतरिती कंपनी द्वारा धारित शेयर तथा इसके विपरीत धारित शेयर निरस्त एवं रद्द माने जाएंगे।

कंपनी ने इस योजना के लिए बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) से अनापत्ति/निरीक्षण पत्र प्राप्त करने हेतु आवश्यक आवेदन दाखिल कर दिए हैं। प्रस्तावित योजना लागू कानूनों के तहत आवश्यक वैधानिक और नियामक अनुमोदनों के अधीन है, जिसमें संबंधित माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ("एनसीएलटी") का अनुमोदन भी शामिल है।

कृते बिरला केबल लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094
नई दिल्ली

दिनांक : 22 मई, 2026

# जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की एलिमा मशीन खराब, बिना जांच के चढ़ा रहे मरीजों को ब्लड

**जागरण, कटनी।** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की हालत इन दिनों बहुत ही खराब है। यहां संसाधनों की कमी के साथ ही मरीजों की जान को भी खतरे में डाला जा रहा है। ब्लड बैंक में बिना एलिमा जांच के ही मरीजों को खून दिया जा रहा है। ऐसे में पता नहीं कितने स्वास्थ्य मरीज संक्रमित हो चुके होंगे। बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में पिछले कुछ दिनों से एलिमा मशीन खराब पड़ी है। ऐसे में बिना एलिमा जांच के मरीजों को खून नहीं दिया जा सकता है। लेकिन यहां दिया जा रहा है। वहीं रैपिड किट की भी कमी बनी हुई है। यह भी पता चला है कि जिला अस्पताल आने वाले कुछ व्हीआईपी मरीजों को खून की आवश्यकता होने पर ब्लड सैंपल जांच के लिए सतना भेजा जाता है, फिर वहां से रिपोर्ट आने के बाद खून चढ़ाया जाता है लेकिन गरीब तबके के मरीजों के लिए यह सुविधा नहीं है बल्कि




उनको बिना जांच के ही खून दे दिया जाता है। ऐसे में मरीजों पर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कल ही जिला चिकित्सालय में लगभग 200 यूनिट ब्लड दान किया गया लेकिन एलिमा मशीन खराब होने की वजह से इस खून की जांच नहीं हो पा रही है तथा जांच के लिए सैंपल जबलपुर भेजे जा रहे हैं। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही यहां खून मरीजों को दिया जाएगा लेकिन कई मरीज इतने गंभीर होते हैं कि उनके लिए जबलपुर से रिपोर्ट आने का इंतजार नहीं किया जा सकता। ऐसे मरीजों को बिना जांच के ही खून चढ़ाया जा रहा है। जिससे आगें चलकर उनके संक्रमित होने का खतरा मंडरा रहा है।

### इसलिए जरुरी है एलिमा जांच

ब्लड बैंक में किसी भी मरीज को खून देने से पूर्व उसे दिए जाने वाले ब्लड का एलिमा टेस्ट होना जरूरी है ताकि डेंगू, हैपेटाइटिस बी, सी व एचआईवी आदि का पता चल सके। ऐसे में बिना एलिमा जांच मरीज को खून नहीं चढ़ाया जा सकता है। अगर किसी मरीज के हैपेटाइटिस या एचआईवी संक्रमित का खून चढ़ा दिया जाता है तो इसके संक्रमण का पता छह माह बाद चलता है जब तक संक्रमण बहुत फैल जाता है। वहीं इस मामले मे ब्लड बैंक प्रभारी से बात की गयी तो उन्होंने बताया की ब्लड क्रॉस चेक मशीन जिसे एलिमा कहते है जो की पिछले तीन दिन से तकनीकी खराबी आ जाने के कारण बंद है इससे स्टॉफ और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मरीजों को ब्लड चढ़ाने से पहले इस मशीन से ब्लड की जाँच की जाती है की ब्लड मरीज को चढ़ाने योग्य है की नहीं लेकिन पिछले दो तीन दिनों से यह नहीं हो पा रहा तत्काल आवश्यकता वाले मरीजों को जबलपुर ब्लड सेम्पल भेजकर रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ता है जो की ठेका कम्पनी सूर्या के अटेंडर करते है जिसमे काफी समय लग जाता है मशीन खराबी की शिकायत हमारे द्वारा सम्बंधित विभाग मे कर दी है जल्दी ही सुधार हो जायेगा।

# ब्यौहारी ब्लॉक कांग्रेस ने पूर्व पीएम स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की आयोजित

**ब्यौहारी।** ब्यौहारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वार्ड 12 में गठित वार्ड कमेटी की बैठक कर सेमारी टोला में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद वार्ड 10 एवं जिला उपाध्यक्ष गीता कोल, अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी पिंटू, विशिष्ट अतिथि ब्यौहारी मंडलम अध्यक्ष विनय द्विवेदी एवं कांग्रेस नेता विजय द्विवेदी द्वारा की गई। कार्यक्रम शुभारंभ में सर्वप्रथम श्रद्धेय राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं धूप-दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभा में वक्ताओं ने राजीव गांधी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश के विकास, तकनीकी क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने तथा युवाओं को नई दिशा देने के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों का स्मरण किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी ने भारत को आधुनिक सोच और नई तकनीक से जोड़ने का कार्य किया। सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं कंप्यूटर क्रांति के क्षेत्र में उनके योगदान को देश सदैव याद रखेगा। उन्होंने युवाओं को राजनीति में भागीदारी का अवसर प्रदान किया तथा ग्राम पंचायतों को अधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी का सपना



एक मजबूत, आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत का था, जिसे कांग्रेस पार्टी आज भी आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उनके आदर्श, विचार एवं राष्ट्रसेवा की भावना देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। अंत में उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धेय राजीव गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम मे विधानसभा अध्यक्ष विक्रम कोल,अनिल नामदेव, अंकित गुप्ता, पंकज चतुर्वेदी, छत्रपाल वर्मन, मुकेश राठौर, रजनी राठौर, बसंत साहू, राजेश साहू, राम मोल कोल, आनंद साहू, हरिश्चंद साहू, रमेश साहू, केशरी राठौर, शैलजा साहू, सुषमा साहू, रोहिणी प्रसाद साहू, पुष्पेंद्र मिश्रा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 13/विशेष विवाह/2026
रीवा, दिनांक 21.01.2026
**इश्तहार**

आवेदक श्यामबाबू चर्मकार पिता स्व. गेंदालाल चर्मकार उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 8 ग्राम पंचामा पो. त्योंथर तहसील त्योंथर थाना सोहागी जिला रीवा म.प्र. एवं आवेदिका मानशी कोल पुत्री श्री मनोज कुमार कोल उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 7 जोलहती पुर्वा तहसील त्योंथर थाना सोहागी जिला रीवा म.प्र. के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
पेशी दिनांक: 29.06.2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-85296

## कटनी सब्जी मंडी के पास चला चाकू, एक युवक गंभीर

**कटनी।** शहर के मुख्य क्षेत्र सब्जी मंडी के पास चाकूबाजी की घटना से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार प्रशांत सोनी पिता विष्णू सोनी उम्र लगभग 40 वर्ष पर धारदार चाकू से हमला किया गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपस्थित नागरिकों के अनुसार हमले में बुच्चड़, उसकी दो बहनें, भांजा एवं दो अन्य साथी शामिल बताए जा रहे हैं। अज्ञात कारणों को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी पक्ष ने प्रशांत सोनी पर हमला कर दिया। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है तथा मामले की जांच जारी है।

## बरगवां मुख्य सड़क स्थित मोबाइल दुकान में चोरी की कोशिश नाकाम

**कटनी।** बरगवां मुख्य सड़क स्थित मोबाइल दुकान में गुरुवार सुबह करीब 4 बजे अज्ञात चोरों ने चोरी की कोशिश की। जानकारी के अनुसार चोरों ने दुकान के शटर को हाथ से खींचकर तोड़ने का प्रयास किया जिससे शटर थोड़ा मुड़ गया। बताया जा रहा है कि एक चोर दुकान के अंदर घुस गया था। घटना दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में साफ नजर आई है। फुटेज में तीन संदिग्ध युवक दुकान के शटर के पास दिखाई दे रहा है जो अंदर घुसने की कोशिश करता नजर आ रहा है। दुकान संचालक अलिम सिद्दीकी ने बताया कि सुबह शटर के साथ छेड़छाड़ और सामान अस्त व्यस्त मिलने के बाद सीसीटीव्ही फुटेज चेक किया गया जिसमें चोरी की कोशिश कैद मिली।

## आस्थाना शाहिद बहादुर खान सैयद बाबा रहमतुल्लाह आले उर्स मुबारक का परचम कुसाई के साथ उर्स का हुआ आगाज

**कटनी।** दरगाह शरीफ में दिनांक 21 मई को परचम कुसाई का रस्म अदायगी की गई एवं दिनांक 22 मई को सुबह 9 बजे मजार शरीफ पर गुसल शरीफ किया गया। दरगाह शरीफ पर और से मुबारक के मौके पर उर्स की कामयाबी की दुआ की गई और लोगों ने मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ किया। सभी शहर की जनता से अपील है कि और उसके मौके में 23 में को कव्वाली का शानदार मुकाबला साहब वारसी कव्वाल एंड पार्टी देवा शरीफ एवं असलम अकरम वारसी कव्वाल एंड पार्टी मुरादाबाद होगा। इस मौके पर मोहम्मद शकील अध्यक्ष, मोहम्मद जावेद सचिन हाजी, अब्दुल कादिर, मुन्ना भाई, गुलाम ख्वाजा नियाजी भाई शमीम बानो महफूज भाई हाजी बदरुद्दीन सैयद नाजिम अली इमरान फरीदी काजी मोहम्मद सलीम मोहम्मद सिकंदर मोहम्मद सिराज तेली मोहम्मद वहीद मोहम्मद वसीम मोहम्मद समीर मोहम्मद शाहरुख मोहम्मद मोईन मोहम्मद नियाज शेख ईदु सहित सभी कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

रीवा शहर में शाकाहारी खाना बनाने हेतु (Cook) की एवं घरेलू कार्य हेतु दंपति की आवश्यकता है, रहने की सुविधा उपलब्ध है। मिलने का समय सुबह 10.00 से 6.00 बजे तक।
मो. 9425735577, 8770082649
RN-85294 (25/5)

## बेचना है

स्टेट हाईवे (फोर लेन) बीड़ा सेमरिया रोड, ढेकहा रीवा में कमर्शियल जमीन 196x205 लगभग 40208 स्क्वायर फीट बेचना है।
सम्पर्क करे :
7745900970, 9425185379, 9599928854 RN- Free (24/5)

## कास्ता पाइप बेचना है

**अजय ट्रेडिंग कंपनी** गोलपार्क पुराना बस स्टैण्ड रीवा कास्ता पाइप के लिए संपर्क करें:- 9425185028
RN-87512 (12/6)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

**कटनी।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर डॉ.राम मनोहर लोहिया वार्ड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं वार्डवासियों ने स्व.राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि राजीव गांधी जी ने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत करने, सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई तथा देश को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर डॉ.राम मनोहर लोहिया वार्ड में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से शुभम सोनखरे को वार्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपस्थित जनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। इसके पश्चात मसूरहा वार्ड में आयोजित बैठक में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन कर विनोद सोनी को सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। वहीं ईश्वरीपुरा वार्ड में भी वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन कर संगठन विस्तार एवं जनसंपर्क को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड.अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। वार्ड स्तर पर संगठन को सशक्त बनाकर जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व.राजीव गांधी के विचार, दूरदृष्टि और विकास की सोच आज भी देश के युवाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। संगठन के विस्तार के माध्यम से पार्टी की जनहितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त रतनगवां /सीतापुर तहसील एवं जिला मऊगंज (म0प्र0)**
रा.प्र.क्र./0038/अ-6/2026-027

रामचन्द्र तिवारी पिता श्री बंशपति प्रसाद तिवारी व एक अन्य
.......... आवेदकगण
बनाम
गिरिजा शंकर दुबे (मृत) द्वारा वारिसान आंचल दुबे व एक अन्य
.......... अनावेदकगण
राजस्व प्र.क्र./0038/अ-6/2026-027
आगामी पेशी दिनांक: 29.05.2026

प्रति,
(अ) आंचल दुबे पिता स्व. गिरिजा शंकर दुबे उम्र 50 वर्ष निवासी मण्डी दीप रोड के पास भोपाल जिला भोपाल (म.प्र.)
(ब) अजय दुबे पिता स्व. गिरिजा शंकर दुबे उम्र 46 वर्ष निवासी सहपुरा भोपाल जिला भोपाल (म.प्र.)

इस न्यायालय में आवेदकगण द्वारा आप लोगों के विरूद्ध म.प्र. भू- रा. संहिता की धारा 109 एवं 110 के तहत ग्राम बेला भाटन स्थित भूमि नं. 168 रकवा 0.75 ए. यानी 0.304 हे. पटवारी हल्का मटियरा तहसील एवं जिला मऊगंज के नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र पेस किया है, जिसकी अगली श्रवण तिथि दिनांक 29.05.2026 को नियत है, यदि किसी कारण वस उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में उसी अनुक्रम में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आप लोगों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त प्रकरण में अपना पक्ष समर्थन करना चाहते है तो नियत पेशी दिनांक 29.05.2026 को समय 11:00 बजे दोपहर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर कार्यवाही में भाग लें सूचना उपरान्त यदि अनुपस्थित रहते हैं तो उक्त प्रकरण की सुनावायी एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 20.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर सूचना पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

नायब तहसीलदार
वृत्त सीतापुर तहसील मऊगंज
जिला मऊगंज (म.प्र.)
RN- 87523

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग जवा जिला रीवा (म.प्र.)**
प्रकरण क्रमांक 0013/अपील/2018-19

इंद्रमणि प्रसाद पाण्डेय पिता श्री श्याम सुंदर निवासी ग्राम जनकहाई कला तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.)
.........अपीलार्थी
बनाम
01. देवकली पाण्डेय वेवा पत्नी जगदीश प्रसाद 02. राजेश पाण्डेय पिता धर्मनारायण पाण्डेय 03. रवडी देवी पति धर्मनारायण पाण्डेय 04. बूटी पुत्री धर्मनारायण पाण्डेय 05. गीता पुत्री धर्मनारायण पाण्डेय 06. सीमा पुत्री धर्मनारायण पाण्डेय 07. रामनारायण पिता श्री जगदीश प्रसाद पाण्डेय 08. राजेश्वरी प्रसाद पाण्डेय पिता श्री जगदीश प्रसाद पाण्डेय 09. विनोद कुमार पाण्डेय पिता श्री जगदीश प्रसाद पाण्डेय 10. नागेश्वर पाण्डेय पिता श्री जगदीश प्रसाद पाण्डेय 11. प्रमोद कुमार पाण्डेय पिता श्री जगदीश प्रसाद पाण्डेय सभी निवासी ग्राम जनकहाई कला तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.)
............ उत्तरवादीगण

अपीलार्थी इंद्रमणि प्रसाद पाण्डेय पिता श्री श्याम सुंदर निवासी ग्राम जनकहाई कला तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत तहसीलदार तहसील जवा के प्रकरण क्रमांक 25/अ-12/2016-17 में पारित आदेश दिनांक 10.07.2018 के विरूद्ध म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। एतद द्वारा उत्तरवादीगण को संसूचित किया जाता है कि प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 05.06.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 18.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग जवा,
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-87524

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड त्योंथर जिला रीवा (म.प्र)**
प्रोसेस नंबर-636/26
व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक तै।-134/26
पेशी-23-7-2026

1. रीता शुक्ला पति मिथिलेश शुक्ला उम्र 38 वर्ष 2. दिव्यांश शुक्ला उम्र 4 वर्ष नाबालिक बाली संरक्षक (वाद मित्र) पिता मिथिलेश शुक्ला दोनों निवासी ग्राम इटौरी तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र) .................
वादीगण
बनाम
1.हर आम वा खास

विषयः प्रतिवादी गण की उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में प्रकासन किए जाने बाबत।

आवेदक क्रमांक RCSA-134/26 रीता शुक्ला पति मिथिलेश शुक्ला उम्र 34 वर्ष ग्राम इटौरी तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र) द्वारा-न्यायालय श्रीमान आशुतोष प्रताप सिंह द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 त्योंथर जिला रीवा (म.प्र) में दावा बाबत उत्ताराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन-7,नियम-1 व्य.प्र.सं.1908 ई.के अंतर्गत हर आम वा खास के विरुद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 23.07.2026 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो न्यायालय में सुबह 11:00 से उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 23.07.2026 का हर आम व खास की ओर से उपस्थित नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई पूर्ण की जावेगी। नोट -यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 23.07.2026 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

आशुतोष प्रताप सिंह
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
त्योंथर जिला रीवा (म.प्र)
RN-85077

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)**
प्रकरण क्रमांक /0704/अपील/2024-25
रीवा दिनांक 04.05.2026

01. राजेन्द्र कुमार सोनी पिता स्व. नत्थुलाल सोनी माता श्रीमती दुअसिया उर्फ सियाकुमारी निवासी मोहल्ला कटरा जैन मंदिर के पास रीवा मध्यप्रदेश हाल मुकाम 40 निखिल बंगला फेस-2 स्नेहनगर मिसरोद भोपाल (म.प्र.)
................ अपीलार्थी।
बनाम
01. राजकुमार सोनी तनय स्व. नत्थुलाल सोनी माता श्रीमती दुअसिया उर्फ सियाकुमारी निवासी मोहल्ला कटरा जैन मंदिर के पास तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) 02. सुमित्रा सोनी पत्नी अशोक कुमार सोनी पुत्री स्व. नत्थूलाल सोनी माता श्रीमती दुअसिया उर्फ सियाकुमारी निवासी व्यंकटेश मंदिर के सामने मोहल्ला मुक्तयारगंज तहसील रघुराजनगर जिला सतना (म.प्र.) 03. सुभद्रा एम कलाडिया पत्नी मीतेश कुमार कलाडिया पुत्री स्व. नत्थूलाल सोनी माता श्रीमती दुअसिया उर्फ सियाकुमारी निवासी डी 308 बसंत नगर हाईकोर्ट सोसाइटी बसंत नगर टाउनशिप के पास बीर सावरकर हाइट 4 गोटा जिला अहमदाबाद (गुजरात) 04. सुनीता सोनी पत्नी राकेश कुमार सोनी पुत्री स्व. नत्थूलाल सोनी माता श्रीमती दुअसिया उर्फ सियाकुमारी निवासी पायेगा कॉलोनी मकान नं. 26 जहांगीराबाद जिला भोपाल (म.प्र.)
............... उत्तरवादीगण
//आम इश्तहार//

उत्तरवादीगण क्रमांक 01 एवं 03 को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी राजेन्द्र कुमार सोनी पिता स्व. नत्थुलाल सोनी माता श्रीमती दुअसिया उर्फ सियाकुमारी निवासी मोहल्ला कटरा जैन मंदिर के पास रीवा मध्यप्रदेश हाल मुकाम 40 निखिल बंगला फेस-2 स्नेहनगर मिसरोद भोपाल (म.प्र.) के द्वारा नजूल अधिकारी जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0183/अ-6/ 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 23.08.2024 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील पेश किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 29.05.2026 को पेशी नियत है। अतः उत्तरवादीगण क्रमांक 01 एवं 03 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 29.05.2026 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, उत्तरवादीगण क्रमांक 01 एवं 03 के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगण क्रमांक 01 एवं 03 के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला - रीवा (म.प्र.)
RN-87525

## नाम सुधार सूचना

मै विवेक कुमार मिश्रा (VIVEK KUMAR MISHRA) पिता श्री बृजभूषण मिश्रा (BRIJBHUSHAN MISHRA) उम्र 34 वर्ष निवासी मकान नं. 85 ग्राम चौंडियार पोस्ट महसॉव तहसील गुढ़ जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूँ शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि आधार नं. 4713 1038 0286 है। यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम विवेक कुमार मिश्रा (VIVEK KUMAR MISHRA) पिता श्री बृजभूषण मिश्रा (BRIJBHUSHAN MISHRA) है। जो कि आधार कार्ड मे दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम अंग्रेजी में BRAJ BHUSHAN MISHRA भूलवश दर्ज हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरे पिता का सही नाम अंग्रेजी में BRIJBHUSHAN MISHRA है जो सही व सत्य है। ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। अतः मेरे पासपोर्ट मे मेरे पिता का नाम अंग्रेजी में BRAJ BHUSHAN MISHRA को सुधारकर सही नाम BRIJBHUSHAN MISHRA दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

विवेक कुमार मिश्रा
RN- 85293

## उत्तर मध्य रेलवे
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या : झॉसी-इन्जी0-मुख्यालय-2026-114** | **अनुमानित लागत रु : 19297626.50**

**कार्य का नाम : (ए)** कन्सट्रक्शन ऑफ (10+10) लेडीज एण्ड जेन्स टॉलेट इन डीआरएम ऑफिस एरीया झॉसी। **(बी)** प्रोवीजन ऑफ लेवोटीरी विथ यूरीनल (रीनोवीकेशन वर्क) इनक्लुडींग स्राउडींग एरीया एट ईएलएस/झॉसी। **(सी)** रीनोवीकेशन ऑफ स्क्रैप यार्ड यूजींग आईओडब्लू हाईट आरआरसी वाल एण्ड बाउण्डरी वाल विथ कॉनएरतिना वायर फेंसिंग ऑन टॉप एट ईएलएस/झॉसी।

**अमानत राशि : 386000.00** | **निविदा बन्द होने की तिथि : 15.06.2026 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह**

• निविदा दिनांक **15.06.2026 को 15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1147/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**खुली निविदा संख्याः JHS-RCNK-M-WHL-26-27-07** **दिनांकः** 21.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नामः** आरसीएनके झांसी में कार्य क्षेत्र के अनुसार एलएचबी व्हील सेट से संबंधित गतिविधियाँ।

**कार्य की लागतः** Rs. 3,37,07,271.94/- (18% जीएसटी सहित)

**अग्रिम राशिः** Rs. 6,74,200.00/- | **कार्य पूरा होने का समयः** छत्तीस महीने

**ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समयः** 20.06.2026, समय 11:00 बजे तक

**प्री-बिड बैठक की तिथि (दिन) और समयः** 28.05.2026 (गुरुवार) को 15:30 बजे

**प्री-बिड बैठक का स्थानः** आरसीएनके झाँसी का कॉन्फ्रेंस हॉल

निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। **1158/26 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झॉसी-इन्जी0-एन-2026-121

**कार्य का नाम :** जोन नं0 3 सी - एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रियेयर एण्ड मेंटेनेन्स, वाइट वास, कलर वास डिस्टेम्पर स्नोसेम, पेंटिंग एण्ड पॉलिसिंग एण्ड सप्लाई ऑफ मेटेरियल वर्क फॉर एस0एस0ई0 (वर्क्स) एनजी ग्वालियर सेक्शन आई.ई. बीएलएनआर (एक्सक्लुडिंग) - केक्युएस (इनक्लुडिंग) सेक्शन अण्डर एडीईएन/ग्वालियर फॉर द ईयर 2026-27

**अनुमानित लागत रू :** 4999900.00 | **अमानत राशि :** 100000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 11/06/2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

● निविदा दिनांक **11/06/2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1159/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** कंस्ट्रक्शन ऑफ़ पिट व्हील लेत शेड नियर सिक लाइन ग्वालियर अंडर एडीईएन /ग्वालियर इन कनेक्शन विथ सप्लाई, इंसटालेसन एंड कमीशनिंग ऑफ़ सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेत (बीजी) विथ शेड एंड विन्च ऑन टर्नकी बेसिस (01 नंबर) फॉर झाँसी डिवीज़न"।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-इन्जी0-एन-2026-122

**अनुमानित लागत :** ₹ 11513685.59 | **अमानत राशि :** ₹ 230300.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 11.06.2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 08 माह

निविदा दिनांक 11.06.2026 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1160/26(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR
**ADMISSION NOTICE**

Admission to Master & Ph.D. degree programmes (2026-27) of Jawaharlal Nehru Krishi Viswa Vidyalaya, Jabalpur and Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwa Vidyalaya, Gwalior will be through an Online Joint Entrance Examination to be conducted on 27.06.2026 by MP Online Limited, Bhopal. Candidates may apply online w.e.f. May 25, 2026 to June 10, 2026. Details available on www.jnkvv.org www.rvskvv.net and www.kvv.mponline.gov.in

IPRO/DI/2026-27/72 **Director Instruction**

## उत्तर मध्य रेलवे
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या : झॉसी-इन्जी0-मुख्यालय-2026-120**

| अनुमानित लागत रू. | अमानत राशि | निविदा बन्द होने की तिथि |
|---|---|---|
| 14881335.08 | 297600.00 | 16.06.2026 at 15:00 hrs. |

**कार्य का नाम :** झॉसी डिवीज़न प्रोविज़न फॉर ट्रैक मशीन स्टाफ रेस्ट रूम एट सीजीएन एंड पाथवे एट बेरियस स्टेशनस अंडर एडीईएन/एचक्यू-1/ झॉसी जूरिडिक्शन।

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह। • निविदा दिनांक **16.06.2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1148/26 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-इन्जी0-मुख्यालय-2026-116 **दिनांकः** 20.05.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर्स एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ़ मटेरियल अंडर एडीईएन/एचक्यू-I/झॉसी फॉर ईयर 2026-27 जोन नंबर- 2सी झॉसी (एक्सक्लुडिंग) टू परौना (एक्सक्युडिंग)

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 9000000.00 | **अमानत राशि (रू):** ₹ 180000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 17.06.2026 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

● निविदा **दिनांक 17.06.2026** को **15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। **1153/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-इन्जी.-मुख्यालय-2026-117

**कार्य का नामः** एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ़ मटेरियल अंडर एडीईएन/एचक्यू-II/झॉसी फॉर ईयर 2026-27 (ए) जोन नंबर- 2बी-2 एसी लोको शेड (बी) जोन नंबर-2बी-3 डीजल शेड (सी) जोन नंबर- 2बी-4 सी एंड डब्ल्यू (आरओएच डिपो)।

**अनुमानित लागतः** ₹ 12000000.00 | **अमानत राशिः** ₹ 240000.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः 17.06.2026 at 15.00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

• निविदा दिनांक **17.06.2026** को **15.00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1149/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला-रीवा (म॰प्र॰)
cmosirmor@mpurban.gov.in

क्रमांक/785/e-tendering/NP/2026 दिनांक 20.05.2026

**ई-निविदा सूचना-प्रथम आमंत्रण**

एतद द्वारा समस्त पंजीकृत फर्म/ अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद सिरमौर जिला-रीवा म.प्र. में वित्त वर्ष 2026-27 हेतु निम्नानुसार कॉलम में वर्णित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दरों की आवश्यकता है। जिस हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारा/आपूर्ति कर्ताओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | आपूर्ति मद का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_509744 | विद्युत सामग्री की आपूर्ति | 10.00 लाख | 1. 2000/- 2. 10000/- | 05.06.2026 |
| 2. | 2026_UAD_509745 | जलप्रदाय सामग्री की आपूर्ति | 10.00 लाख | 1. 2000/- 2. 10000/- | 05.06.2026 |
| 3. | 2026_UAD_509746 | सफाई सामग्री की आपूर्ति | 10.00 लाख | 1. 2000/- 2. 10000/- | 05.06.2026 |
| 4. | 2026_UAD_509747 | स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति | 10.00 लाख | 1. 2000/- 2. 10000/- | 05.06.2026 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्री संदीप सिंह
अध्यक्ष
नगर परिषद सिरमौर
जिला - रीवा (म.प्र.)

सुश्री नेहा शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला - रीवा (म.प्र.)

## संक्षिप्त खबरें

### परमार ने बीजेपी दफ्तर में सुनी समस्याएं




**विसं, भोपाल।** राज्य सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण की पहल की। परमार पूर्वान्ह 11 बजे भाजपा दफ्तर पहुंचे,जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका,उसके लिए मंत्री ने संबंधित विभाग को निर्देशित करने के लिए प्रेषित किया।

### मध्यप्रदेश राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री बोर्ड के अध्यक्ष होंगे,जबकि उनके द्वारा 10 सदस्य नामित किए जाएंगे। अध्यक्ष की अनमुति से मध्यप्रदेश राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकेगा। जिला स्तरीय समिति (डी.एल.सी) के गठन एवं कार्य क्षेत्र का निर्धारण सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तावित कर समन्वय में अनुमोदन के बाद किया जायेगा। बोर्ड की बैठक कैलेंडर वर्ष में 4 बार अर्थात् 3 माह में एक बार आयोजित की जाएगी।

### जनजातीय समुदाय के लिए हुए प्रभावी कार्य: राज्यपाल

**विसं भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं ने जनजातीय समुदाय के लिए आवास, आरोग्य और जन कल्याण के प्रभावी कार्य किए है। पटेल गुरुवार को पांढुर्णा के ग्राम आमला में आयोजित जनजातीय समुदाय से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की अभूतपूर्व योजना है। आमजन को गंभीर बीमारियों के उपचार में बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को भी योजना में उपचार का लाभ मिल रहा है।

# सड़क सुरक्षा के लिए अलग से बनेगा सचिवालय

## परिवहन, सहकारिता, जनजातीय और पीडब्ल्यू विभाग की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में सड़क सुरक्षा सचिवालय का गठन किया जाएगा, जो राज्य में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराएगा। राज्य सरकार ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी कमेटी के अनुशंसा पर लिया है। इसी तरह राज्य में संस्थागत लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना जल्द प्रारम्भ होगी। मंत्रालय में गुरुवार को परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सचिवालय गठित करने सहित दूसरे अहम निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस दोनों निर्णयों पर अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में परिवहन सचिव मनीष सिंह ने बताया कि पिछले दिनों राज्य में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की बैठक आहुत की गई थी। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की थी। कमेटी की अनुशंसा पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में पृथक से मप्र राज्य सड़क सुरक्षा सचिवालय का गठन करने का निर्णय लिया गया है। सिंह ने बैठक में बताया कि विभाग द्वारा क्रियान्वित पीएम-राहत योजना एवं राहवीर योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, पूरे देश में पहले स्थान पर है। बालाघाट जिले में राह-वीर योजना पर बेहतर काम किया गया है। विभाग ने अपने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा राजस्व अर्जित किया है,जो लक्ष्य से 111.6 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह विभाग द्वारा प्रदेश में 51 प्रकार की फेसलेस सर्विसेस दी जा रही हैं।




### साल में सवा लाख पैक्स गठित करने का लक्ष्य

मंत्रालय में सीएम ने सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि वर्ष में सवा लाख नए केसीसी स्वीकृति का लक्ष्य रखें। अगले 3 साल में सभी कमजोर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का सुदृढ़ीकरण किया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि पैक्स से लेन-देन की प्रक्रिया को मोबाइल ऐप के जरिए किए जाने के प्रयास किए जाएं। बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### परिवहन चौकियों को जल्द करे इंटीग्रेटेड

विभागों की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रदेश की सीमा में अन्य राज्यों से आने वाले मालवाहक वाहनों की जांच के लिए परिवहन चौकियों और टोल नाकों को और अधिक आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न बनाएं। इसके लिए परिवहन चौकियों को शीघ्र ही एकीकृत (इंटीग्रेटेड) करने के प्रयास किए जाएं। राह-वीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। विभाग में मानव संसाधन की कमी की पूर्ति अभियान चलाकर की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक दुर्घटना क्षेत्रों की मैपिंग करा ली जाए, जिससे जरूरतमंदों को जल्द से जल्द मेडिकल सर्विसेस मुहैया कराई जा सकें। विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही एम्बुलेंस सेवाओं को एक प्लेटफार्म पर लाया जाए, जिससे दुर्घटना क्षेत्रों में जरूरतमंद तक 30 मिनट से भी कम समय में एम्बुलेंस ऑटो मोड में पहुंच जाए। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना का जल्द से जल्द फील्ड में शुभारंभ किया जाए। सचिव मनीष सिंह ने बताया कि योजना को धरातल पर लाने के लिए तेजी से प्रक्रियागत काम जारी है। उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण में प्रदेश के कुल 1,164 मार्गों पर लगभग 5,206 बसों का संचालन अगले दो सालों में किया जाएगा। इन सभी बसों की सुचारू मॉनिटरिंग के लिए एक दक्ष एवं इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट मैंनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया जा रहा है।

### जैविक खेती के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाये। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह भी मौजूद रहे। डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों, आश्रम और छात्रावासों में शिक्षा और रहन सहन की गुणवत्ता बेहतर करें। जनजातीय क्षेत्रों में परंपरागत सामाजिक मूल्यों के संरक्षण और समग्र विकास के लिए समाज सेवी संगठनों का भी सहयोग लें। उन्होंने प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया और सहारिया के समग्र विकास के लिए सतत् कार्य करने के निर्देश दिए।

### युवा पीढ़ी का गुस्सा है कॉकरोच पार्टी: सिंघार

**विसं, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि कॉकरोच जनता



पार्टी कोई मीम नहीं है, बल्कि यह उस पीढ़ी का गुस्सा है, जिसे बेरोजगारी, पेपर लीक और टूटी हुई व्यवस्था ने हताश कर दिया है। सिंघार ने इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि 12 मिलियन से ज्यादा लोग इसलिए नहीं इस पार्टी से जुड़ गए क्योंकि यह ट्रैंड है, बल्कि इसलिए लोग जुड़ रहे हैं कि युवा अब चुप रहने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा युवाओं को सुना जाना चाहिए न कि उन्हें दबाया जाए।

### एमपीपीएससी परीक्षा संचालन के बने नियम

**जागरण, भोपाल।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं को संचालित करने के लिये नवीन प्रारूप नियमों को तैयार किया है और इन्हें लागू करने से पहले 5 जून 2026 तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया ने बताया कि राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा नियम 2026 अधिसूचित किया जाना प्रस्तावित है।

# सूबेदार और सब-इंस्पेक्टर के इंटरव्यू पांच से 11 जून तक

## भोपाल-जबलपुर में परीक्षा केंद्र, आधार हिस्ट्री भी होगी चेक



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में सूबेदार और उप निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) भर्ती परीक्षा-2025 में मेन्स एग्जाम में सफल हुए अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट और इंटरव्यू 5 से 11 जून तक होगा। कुल 500 पदों की भर्ती के लिए मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित की गई ऑनलाइन परीक्षा के नतीजे पिछले सोमवार को जारी किए गए हैं। इस मेन्स एग्जाम में कुल 1639 अभ्यर्थियों का चयन आगामी चरणों के लिए किया गया है, जिनमें 473 महिला अभ्यर्थी तथा 1166 पुरुष अभ्यर्थी हैं। अब परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवारों के फिजिकल टेस्ट, दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए भोपाल में लाल परेड ग्राउंड और जबलपुर की छठी बटालियन रांझी के परेड ग्राउंड में केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए हर उम्मीदवार को ईएसबी द्वारा जारी होने वाले कॉल लेटर में ही परीक्षा केंद्र के साथ तारीख और समय की जानकारी दी जाएगी।

### उम्मीदवारों के लिए एडवाइजरी जारी

- लिखित परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थी ईएसबी की वेबसाइट से कॉल लेटर डाउनलोड कर सकते हैं। इसी में टेस्ट की तारीख, समय और जगह की जानकारी रहेगी। कॉल लेटर की कॉपी सेंटर पर साथ ले जानी होगी।
- हर उम्मीदवार को उसके कॉल लेटर में दी गई तय तारीख और समय पर ही पहुंचना अनिवार्य है। इसमें किसी भी परिस्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।
- फिजिकल टेस्ट के लिए आधार ई-केवाईसी वेरिफिकेशन किया जाएगा। सभी आवेदकों को ओरिजिनल कार्ड साथ लाना है। आधार नंबर लॉक नहीं होना चाहिए।
- डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए असली सर्टिफिकेट साथ लाने होंगे। सेल्फ अटेस्टेड फोटोकॉपी का सेट भी ले जाना होगा।

### अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल के दामों में आए उछाल का असर

# कस्टम ड्यूटी में केंद्र ने की कटौती, प्रदेश को होगा 2,800 करोड़ रुपए का नुकसान

### पेट्रोल-डीजल के दामों में 4 रुपये लीटर की हो चुकी है वृद्धि

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की बढ़ती कीमतों से जहां आम आदमी की परेशानी में इजाफा हुआ है, वहीं कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों ने अप्रत्यक्ष तौर पर एमपी की अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर असर डाला है। क्रूड ऑयल के बढ़ते दामों को देखते हुए केंद्र सरकार ने करीब एक महीने पहले तेल कंपनियों को राहत देने के लिए पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले आबकारी शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी। इसके पीछे अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध के कारण इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल के दामों में आए उछाल को कंट्रोल करना है। लेकिन केंद्र के इस फैसले से एमपी सरकार को सालाना करीब 2,800 करोड़ रुपये का भारी नुकसान होने का अनुमान है।




### पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम से हालत सुधरने की उम्मीद

पेट्रोल और डीजल की खपत के हिसाब से एक्साइज ड्यूटी से केंद्र सरकार को साल भर में कुल 1 लाख करोड़ रुपये की आमदनी होती है। नियम के मुताबिक, केंद्र सरकार इस वसूले गए टैक्स का बंटवारा साठ-चालीस के अनुपात में केंद्र-राज्यों के बीच करती है। ऐसे में इस रकम में से 40 हजार करोड़ रुपये राज्यों के हिस्से में आते हैं। एमपी को केंद्रीय एक्साइज ड्यूटी में 40 फीसदी का सात प्रतिशत भाग मिलता है। यह रकम 2,800 करोड़ रुपये होती है। इस साल प्रदेश को यह रकम नहीं मिल पाएगी। हालांकि पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम राज्य सरकारों को हो रहे नुकसान से उबरने में मदद कर सकते हैं। फिलहाल तेल कंपनियां लगातार दाम बढ़ा रही हैं, जिससे राज्य सरकार को वैट की अधिक राशि मिल रही है। पिछले कुछ ही दिनों में पेट्रोल और डीजल के दामों में 4 रुपये प्रति लीटर का इजाफा हो चुका है।

### वैट घटाने पर प्रदेश सरकार की चुप्पी

मध्य प्रदेश में तेल पर वसूला जाने वाला वैट और सेस प्रदेश सरकार के राजस्व का बड़ा जरिया माना जाता है। राज्य सरकार फिलहाल पेट्रोल पर 29 फीसदी वैट, 2.50 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त वैट और 1 फीसदी उपकर (सेस) वसूल रही है। इसके अलावा डीजल पर 19 प्रतिशत वैट, 1.50 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त वैट और 1 प्रतिशत उपकर (सेस) वसूला जाता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने पर राज्य सरकार का रेवेन्यू भी बढ़ रहा है, लेकिन यह तय है कि इस कटौती से सीधे तौर पर होने वाला नुकसान प्रदेश की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करेगा। एमपी देश के उन राज्यों में शुमार है, जहां फिलहाल देश में सबसे अधिक वैट और सेस की वसूली हो रही है। इधर, प्रदेश में विपक्षी कांग्रेस समेत डीजल-पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन पेट्रोल-डीजल पर वैट कम करने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इससे प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की बिक्री गिर रही है। फिलहाल प्रदेश सरकार की तरफ से जिम्मेदारों ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है।

# मीसाबंदियों को भी हाउसिंग बोर्ड के आवास आवंटन में मिलेगा आरक्षण

### लैंड पूलिंग पर अधिकारी करें काम : जैन

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल अपने नए आवास आवंटन में स्वंत्रतता संग्राम सेनानियों के साथ लोकतांत्रिक सैनानियों को भी आरक्षण देगा। यह निर्णय बोर्ड की बैठक में लिया गया। आरक्षित वर्ग में मकान क्रय करने वालों को अपनी समग्र आई देनी पड़ेगी, जिससे उन्हें आरक्षण का लाभ एक बार ही मिल सके। संचालक मंडल की पहली बार अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष ओम जैन ने अधिकारियों को अपनी प्राथमिकताए गिनाई। उन्होंने कहा कि वे नए प्रोजेक्ट के लिए लैंड पूलिंग योजना पर शीघ्र काम शुरू करे,क्योंकि इससे बोर्ड को जमीनों की खरीदने के लिए ज्यादा पूंजी नहीं लगानी पड़ेगी,साथ ही किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। जैन ने संपत्ति कर वसूल करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया को और मजबूत एवं सरल बनाने की बात कही।



### 4 प्रतिशत आरक्षण हैं तय

गौरतलब है कि बोर्ड स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिए अपने आवास के आवंटन में 4 प्रतिशत का आरक्षण देता हैं। अध्यक्ष जैन ने सीएम डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार अब फ्रीडम फाइटर के साथ मीसाबंदियों को भी आरक्षण देने के निर्देश दिए।उनके इस निर्देश को निर्णय में बदल दिया गया।

### विजयवर्गीय पहुंचे दफ्तर

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को पर्यावास भवन स्थित बोर्ड मुख्यालय पहुंचे, जहां अध्यक्ष जैन एवं आयुक्त गौतम सिंह ने स्वागत किया। विजयवर्गीय ने कहा कि मंडल को अत्यंत अनुभवी और योग्य नेतृत्व प्राप्त हुआ है। जैन के दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, विजन और कुशल मार्गदर्शन में मंडल के विकास कार्यों को नई गति और ऊँचाई मिलेगी। दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के बड़े महानगरों में बड़े प्रोजेक्ट्स का क्रियान्वयन किया जाना है। जैन ने अपने उद्बोधन में विजयवर्गीय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि उनका लंबा राजनैतिक-प्रशासनिक अनुभव हमारे लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा। हम उनके द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों और प्राथमिकताओं का अक्षरशः पालन करते हुए मंडल को विकास के नए प्रतिमानों पर ले जाएंगे। अपर मुख्य सचिव दुबे ने मण्डल अध्यक्ष जैन को आश्वस्त किया कि मंडल के सभी सदस्य उनके साथ पूर्ण तत्परता और समर्पण भाव से कार्य करेंगे।

### भोज और कमलापति के नाम जारी होंगे डाक टिकट : शर्मा

**विसं भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा जल्द ही राजा भोज और रानी कमलापति के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किए जाएंगे। इस पर केन्द्रीय संचार मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर राजा भोज और रानी कमलापति के योगदान को चिर स्थाई बनाने और आने वाली पीढ़ी को उनके कार्यो से प्रेरणा मिल सके,इसके लिए उनके नाम पर डाक टिकट जारी करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि सम्राट राजा भोज भारतीय इतिहास में ऐसे यशस्वी शासक थे,जिन्होंने शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, स्थापत्य, जल प्रबंधन एवं सुशासन के क्षेत्र अद्वितीय योगदान दिया है। भोपाल का बड़ा तालाब सहित अन्य जल धरोहरें उनकी दूरदर्शी सोच और जनकल्याणकारी कार्य आज भी भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक है।



# कांग्रेस ने पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया याद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। इस मौके पर नेताओं ने स्व.गांधी की उपलब्धियों को याद किया,तो भाजपा सरकार पर देश की अर्थव्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि आज देश में नफरत और विभाजन की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है।राजनीतिक लाभ के लिए पूरे सरकारी और आर्थिक तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। महात्मा गांधी,श्रीमति इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या नफरत की विचारधारा का परिणाम थी और आज भी वही वातावरण देश में तैयार किया जा रहा है। पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत,रोजगार और मजबूत अर्थव्यवस्था के वादों के साथ सत्ता में आए थे,लेकिन आज देश आर्थिक संकट,बेरोजगारी और सामाजिक विभाग की स्थिति का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था,प्रशासनिक संस्थाओं और शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से कमजोर कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश को जोड़ने,लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की राजनीति करती रही है। राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की



नींव रखी थी और तकनीकी क्रांति के माध्यम से देश को नई दिशा देने का कार्य किया । आज उनके विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता हैं। इस मौके पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह,सुखदेव पांसे,पूर्व मंत्री पी.सी शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह,जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना,सेवादल के प्रदेश संगठक अवनीश भार्गव ,जेपी.धनोपिया,अभिवन बरोलिया,आनंद जाट के अलावा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रवेश**

### यूजी-पीजी में अब 3 जनू तक होंगे पंजीयन, सीएलसी का शेड्यूल भी बदला

# धीमे प्रवेश ने बढ़ाई चिंता, दूसरे चरण की काउंसलिंग एक सप्ताह पहले शुरू

### दूसरे चरण में दो दिन होगा सत्यापन कालेज लेवल काउंसलिंग 8 जून से

**जागरण, भोपाल।** कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का दूसरा चरण शुरू होते ही उच्च शिक्षा विभाग ने शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। दूसरे चरण में अब 3 जून तक पंजीयन कराया जा सकेगा। दस्तावेज सत्यापन के बाद ग्रेजुएशन लेवल पर सीट आवंटन 7 जून को होगा तो पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर कॉलेज एवं सीट 8 जून को आवंटित की जाएगी। इसके बाद कॉलेज लेवल काउंसलिंग सीएलसी का फर्स्ट राउंड शुरू होगा, जो 8 से 30 जून तक चलेगा। प्रदेश के सरकारी, प्रायवेट और अनुदान प्राप्त कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का दूसरा चरण 21 मई से शुरू हो गया है। पहले चरण में यूजी-पीजी मिलाकर अब तक करीब डेढ़ लाख छात्र-छात्राओं ने



प्रवेश लिया है। मगर यह काफी कम है। इसके चलते दूसरे चरण जो पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 28 मई से शुरू होना था, उच्च शिक्षा विभाग ने 21 मई से ही शुरू कर दिया है। जबकि पहले चरण में आवंटित सीट पर छात्र-छात्राओं ने अभी तक फीस भी जमा नहीं की है। प्रथम चरण में आवंटित कॉलेज में फीस जमा करने की तिथि 20 से 26 मई रखी गई है। इसी को देखते हुए दूसरा चरण 28 मई से रखा गया था। मगर अब यूजी का दूसरा चरण 21 मई से 3 जून तक चलेगा। दस्तावेजों का सत्यापन भी 22 मई से ही शुरू हो जाएगा, जो 4 जून तक चलेगा। यूजी की सीटों का आवंटन 7 जून तथा पीजी का 8 जून को किया जाएगा। कालेजों में फीस जमा करने की अंतिम तिथि 7 से 13 जून तथा पीजी के लिए 8 से 13 जून रहेगी।

### सीएलसी का कार्यक्रम भी बदला

प्रवेश की धीमी गति देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने कालेज लेवल काउंसलिंग सीएलसी का कार्यक्रम भी बदल दिया गया है। पहले यूजी की सीएलसी का पहला चरण 15 जून से शुरू होना थी, जो अब 8 जून को ही शुरू हो जाएगा। यह चरण 19 जून तक चलेगा। इसमें 24 जून को सीट आवंटित की जाएंगी और 30 जून तक कॉलेजों में फीस जमा होगी। इस चरण में दस्तावेजों के सत्यापन की अवधि भी बढ़ा गई है। अब 11 दिन सत्यापन के लिए मिलेंगे।

### अभी भी नहीं आए हैं रिजल्ट

उच्च शिक्षा विभाग ने इस बार 12वीं के रिजल्ट जल्दी आने से यूजी, पीजी और एनसीटीई के कोर्सेस में प्रवेश की काउंसलिंग भी जल्दी शुरू कर दी थी। विभाग की काउंसलिंग 1 मई से शुरू हो गई थी, लेकिन सीबीएसई की हायर सेकंडरी 12वीं का रिजल्ट पिछले दिनों ही जारी हुआ है। वहीं पीजी में विश्वविद्यालयों के ही रिजल्ट अब तक जारी नहीं हो सके हैं। अधिकांश विश्वविद्यालयों में ग्रेजुएशन फाइनल ईयर और सेमेस्टर की परीक्षाएं अभी चल रही हैं। इनके रिजल्ट ही जून के पहले या दूसरे सप्ताह में आ सकेंगे। ऐसे में पीजी में प्रवेश के लिए पंजीयन तो हो रहे हैं, लेकिन छात्र न दस्तावेजों का सत्यापन कराने पहुंच पा रहे हैं और न फीस ही जमा कर रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने इस बार काउंसलिंग के केवल दो चरण रखे हैं। ऐसे में सीएलसी के राउंड लगातार बढ़ाने पड़ सकते हैं। विश्वविद्यालयों के रिजल्ट समय पर न आने से सीएलसी का दूसरा राउंड भी जल्द ही घोषित किया जा सकेगा।

# 26 दिवंगतों के बीवी-बच्चे अनुकंपा नियुक्ति के लिए काट रहे चक्कर

## कर्मचारी महासंघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार संविदा और अस्थायी कर्मचारियों के हित में नित्य नई योजना बना रही है। खासकर रिटायरमेंट के समय ही ग्रेज्युटी, वेतन व भत्तों के शत प्रतिशत भुगतान को संवेदनशील मामला बताते हुए निर्देश दिए जा रहे हैं। मगर स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र आरएसके की संवेदनशीलता का हाल यह है कि 40 संविदा कर्मी रिटायरमेंट के तीन साल भी रोजाना कार्यालय पहुंचकर अपनी ग्रेज्युटी मांग रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। वहीं सालों पहले दिवंगत हो चुके 26 कर्मचारियों केपत्नी और बच्चे अनुकंपा नियुक्ति के लिए सालों से चक्कर काट रहे हैं। संविदा कर्मचारियों और उनके परिवारों की समस्याओं को लेकर मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार



को स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन राज्य शिक्षा केंद्र में संविदा कर्मचारियों को संविदा नीति 2023 का लाभ न मिलने की शिकायत की गई। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने शिक्षा मंत्री से कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग संविदा नीति 2023 बना चुका है, लेकिन राज्य शिक्षा केंद्र में इसके लागू न होने से 26 दिवंगत संविदा कर्मचारियों के आश्रितों को अब तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल सकी है।

# सिंधु के बाद अब चेनाब बेसिन पर पकड़ मजबूत कर रहा भारत

## चेनाब-ब्यास लिंक टनल और जम्मू-कश्मीर में गाद प्रबंधन के लिए बाईपास टनल बनेगी, 2600 करोड़ की दो परियोजनाओं का काम शुरू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सिंधु जल संधि को ठंडे बस्ते में डालने के बाद भारत ने अब चेनाब नदी प्रणाली पर अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। एनएचपीसी ने करीब 2600 करोड़ रुपए की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। इनमें हिमाचल प्रदेश में चेनाब-ब्यास लिंक टनल और जम्मू-कश्मीर के सलाल बांध में गाद प्रबंधन के लिए नई बाईपास टनल शामिल है। विशेषज्ञ इन परियोजनाओं को भारत की जल और सामरिक नीति के लिहाज से बेहद अहम मान रहे हैं। माना जा रहा है कि इससे भारत पश्चिमी नदियों पर अपने अधिकारों का प्रभावी उपयोग कर सकेगा।

**सलाल बांध में गाद हटाने की नई योजना:** दूसरा अहम प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले स्थित सलाल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से जुड़ा है। यहां एनएचपीसी करीब 268 करोड़ रुपए की लागत से नई डायवर्जन-कम-सेडिमेंट बाईपास टनल बनाएगी।



### लाहौल-स्पीति में बनेगी 8.7 किमी लंबी टनल

- सबसे बड़ा प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति क्षेत्र में शुरू किया गया है। इस परियोजना पर करीब 2352 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत लगभग 8.7 किलोमीटर लंबी एक इंटर-बेसिन टनल बनाई जाएगी।
- इसका उद्देश्य चेनाब बेसिन के अतिरिक्त पानी को मोड़कर ब्यास नदी प्रणाली तक पहुंचाना है। यह परियोजना भारत के बड़े नदी-लिंकिंग अभियान का हिस्सा मानी जा रही है।
- पहले चरण में चंद्रा नदी पर करीब 19 मीटर ऊंचा बराज बनाने की योजना है। इसके जरिए पानी को हाइड्रोलिक संरचनाओं और सुरंग के माध्यम से ब्यास बेसिन की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- यह इलाका चीन सीमा के नजदीक होने के कारण सामरिक दृष्टि से भी संवेदनशील माना जाता है। ऐसे में परियोजना को केवल जल प्रबंधन ही नहीं, बल्कि रणनीतिक नजरिए से भी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है।

### सिंधु जल संधि के बाद बदली रणनीति

1960 में हुए सिंधु जल संधि के तहत भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों पर पूर्ण अधिकार मिला था, जबकि सिंधु, झेलम और चेनाब जैसी पश्चिमी नदियों का अधिकांश पानी पाकिस्तान के हिस्से में जाता है। हालांकि भारत को इन नदियों पर रन-ऑफ-द-रिवर परियोजनाएं बनाने का अधिकार हमेशा से प्राप्त रहा है। पिछले वर्षों में सीमा पार आतंकवाद और सुरक्षा मुद्दों के बाद भारत ने संधि को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अब चेनाब प्रणाली पर शुरू हुए ये प्रोजेक्ट इस बात का संकेत माने जा रहे हैं कि भारत अपने हिस्से के पानी का अधिकतम उपयोग करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडुः विजय कैबिनेट में शामिल हुए 23 मंत्री



**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में विजय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान 'कामराज अमर रहें', 'राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा- ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है। वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वाइथु' सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये हमेशा पहले बजाया जाता था। तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

### शाह के खिलाफ बयान पर अभिषेक को राहत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को आदेश दिया है कि वे चुनावी रैलियों में केंद्रीय गृह मंत्री शाह के खिलाफ दिए गए कथित बयानों को लेकर अभिषेक बनर्जी के खिलाफ कोई भी दंडात्मक या सख्त कार्रवाई न करें। पश्चिम बंगाल पुलिस ने विधानसभा चुनावों के दौरान भड़काऊ टिप्पणियां करने के आरोप में अभिषेक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। अभिषेक बनर्जी लोकसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को कलकत्ता हाईकोर्ट राहत मिली है। अदालत ने पुलिस को भी कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए हैं। तृणमूल कांग्रेस महासचिव ने अपने खिलाफ दर्ज केस रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था।

### पर्सनैलिटी राइट्स के लिए हाई कोर्ट पहुंचे चड्ढा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राघव चड्ढा ने अपने निजता अधिकारों की रक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है याचिका में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित डीपफेक, छेड़छाड़ किए गए वीडियो, कृत्रिम आवाज क्लोनिंग, रूपांतरित दृश्य, मनगढ़ंत भाषण और भ्रामक डिजिटल सामग्री के खिलाफ रोक की मांग की है वे उन प्रमुख अभिनेताओं, क्रिकेटरों, राजनेताओं और अन्य प्रसिद्ध हस्तियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने हाल के समय में अपने निजता और प्रचार अधिकारों की रक्षा के लिए अदालत का सहारा लिया है। इससे पहले अनिल कपूर और अमिताभ बच्चन जैसे कलाकार भी अदालत से राहत पा चुके हैं।

### गबन मामले में बैंक कर्मी समेत 15 आरोपी नामजद



**पंचकूला, जेएनएन।** सीबीआई ने बुधवार को पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में यह चार्जशीट पेश की। सरकार के विभिन्न विभागों के खातों से 504 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। 15 आरोपितों को नामजद किया गया, इनमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के छह अधिकारी, हरियाणा सरकार के तीन कर्मचारी, दो शेल कंपनियां उनके तीन पार्टनर/डायरेक्टर और एक निजी व्यक्ति शामिल हैं। जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपियों ने बैंक अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से विभिन्न सरकारी विभागों के खातों से रकम निकालकर गबन किया।

# ईरान पर 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' रोक से नेतन्याहू नाराज, ट्रंप से फोन पर विवाद

## रिपोर्ट में दावाः ईरान युद्ध को लेकर ट्रंप और नेतन्याहू में मतभेद, खाड़ी देशों की अपील पर ट्रंप ने रोके हमले

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रंप फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रंप से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए। सीएनएन के मुताबिक, ट्रंप ने रविवार को नेतन्याहू को बताया था कि अमेरिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था। लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रंप ने घोषणा कर दी कि तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रंप ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ईरान पर सख्त रुख बनाए रखना चाहती है। इजराइल के एक टीवी एंकर शिमोन रिक्लिन ने लाइव शो में दावा किया कि तेहरान पर दोबारा हमला हो सकता है।



### ईरान के हितों की अनदेखी से विवाद नहीं सुलझेगाः रूस

रूस ने कहा है कि ईरान संकट का हल सिर्फ डिप्लोमेसी और बातचीत के जरिए ही संभव है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि ईरान के हितों का सम्मान किया जाना जरूरी है। जखारोवा ने कहा कि रूस, ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत के जरिए जो भी समझौता होगा, उसे लागू कराने में मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी साफ कहा कि ईरान के यूरेनियम भंडार का भविष्य तय करने का अधिकार सिर्फ ईरान के पास है।

### यूएन की एनरिच्ड यूरेनियम की मुख्य मांग खामेनेई ने ठुकराई

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान के सर्वोच्च नेता ने आदेश दिया है कि देश के पास मौजूद हथियारों के ग्रेड के करीब वाले संवर्धित एनरिच्ड यूरेनियम का भंडार ईरान के भीतर ही रहना चाहिए। रॉयटर्स को दो वरिष्ठ ईरानी स्रोतों ने बताया कि इस कदम से मौजूदा क्षेत्रीय संघर्ष के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल के साथ शांति वार्ता और जटिल हो सकती है। रॉयटर्स के अनुसार, अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई का यह निर्देश ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत के दौरान वाशिंगटन की प्रमुख मांगों में से एक पर तेहरान के रुख को और कड़ा करता है। इजराइली अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल को आश्वासन दिया था कि किसी भी शांति समझौते में ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम भंडार को देश से बाहर निकालना शामिल होगा। इजराइल, संयुक्त राज्य अमेरिका और कई पश्चिमी देश लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार क्षमता हासिल करने का आरोप लगाते रहे हैं, जो नागरिक आवश्यकताओं से बहुत अधिक और हथियारों के ग्रेड के संवर्धन के करीब है।

# पश्चिम बंगाल के फालता में रिकॉर्ड 88 प्रतिशत मतदान



**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर गुरुवार को दोबारा मतदान हुआ। रिपोलिंग में करीब 2 प्रतिशत वोटिंग बढ़ गई। चुनाव आयोग के मुताबिक रात 10:30 बजे तक 88.13 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं 29 अप्रैल को इस सीट पर 86.71 प्रतिशत मतदान हुआ था।

बता दें कि वोटिंग के लिए कुल 285 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। फालता में मुख्य मुकाबला टीएमसी और भाजपा के बीच है। टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान मौखिक रूप से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का ऐलान कर चुके हैं। हालांकि उनकी ओर से ये बात लिखित में दिए जाने की सूचना नहीं है। ईवीएम में उनका नाम और सिंबल मौजूद है। गुरुवार को वोटिंग वाले दिन जहांगीर खान का कोई पता नहीं चला। उनके घर और पार्टी कार्यालय, दोनों जगह ताला लटका मिला। फालता में पिछली बार 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। आरोप था कि कुछ बूथ पर ईवीएम में भाजपा के बटन पर टेप चिपका था। कई अन्य बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें आईं। इसके बाद चुनाव आयोग ने रीपोलिंग का आदेश दिया। रिजल्ट 24 मई को आएगा। 29 अप्रैल को मतदान के बाद फालता क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया था। उस दिन कई बूथों से शिकायतें मिली थीं कि ईवीएम पर भाजपा के सिंबल पर टेप चिपकाया गया। इसके बाद चुनाव आयोग ने रीपोलिंग का आदेश दिया।

## सना मकबूलः बीमारी ने छीना कॅरियर रियलिटी शो जीतकर भी टूटे सपने

टीवी एक्ट्रेस सना मकबूल ने बिग बॉस ओटीटी 3 जीता था। विनर बनने के बाद उन्होंने बहुत काम किया। लेकिन कुछ महीनों बाद वो गायब हो गईं। सना के लाइमलाइट से दूर जाने की वजह उनके हेल्थ इश्यूज हैं। सना ने कहा कि वो अपने काम से पहचान बनाना चाहती हैं। उन्हें रैंडम क्लिक होना या लाइमलाइट में आना पसंद नहीं है। फिल्मीज्ञान संग बातचीत में सना ने हेल्थ पर बोलते हुए कहा कि उन्हें लिवर सिरोसिस है। कई लोगों को लगता है मैं शराब पीती हूं इसलिए मुझे ये बीमारी हुई है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। मैं ड्रिंक नहीं करती। मैं सिरोसिस के शुरुआती स्टेज पर थी। खुद को ठीक करने के लिए काम से ब्रेक लेना पड़ा। बिग बॉस ओटीटी से फेम मिलने के 6 महीने दिन रात काम किया। तभी अचानक से तबीयत खराब हुई। मेरी बॉडी को हिंट मिल रहे थे लेकिन मैं इग्नोर करती चली गई। मुझे बहुत काम करना था, घर लेना था, फैमिली के लिए कुछ करना था। 'मुझे पता चला कि मेरे पेट में पानी भरा हुआ था। लिवर की बायोप्सी हुई। तब मेरी कंडीशन काफी खराब थी। मुझे कहा गया था कि अगर 6 महीने में सुधार नहीं आया तो ट्रांसप्लांट कराना पड़ेगा। मुझे दुख है कि जब मेरा वक्त था तब मैं कुछ नहीं कर पाई। लोग कहते हैं ये गायब हो गई। लेकिन वो नहीं जानते मुझ पर क्या बीत रही है। मैं किन हेल्थ इश्यूज से जूझ रही हूं। तबीयत को देखते हुए मैंने हेल्थ पर फोकस किया। मैं हील हुई। मैं खुद को कोसती हूं।' सना ने कहा कि वो खतरों के खिलाड़ी 15 में पार्टिसिपेट करने वाली थीं।



## रिलायंस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-नहीं की गैस चोरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसकी विदेशी साझेदार कंपनियों ने कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन गैस विवाद मामले में केंद्र सरकार के आरोपों को सुप्रीम कोर्ट में सिरे से खारिज किया। इन कंपनियों ने कहा कि उन्होंने ओएनजीसी के क्षेत्र से गैस नहीं चुराई, बल्कि प्राकृतिक दबाव के कारण गैस का प्रवाह उनके ब्लॉक में हुआ था। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ रिलायंस, बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड और नीको लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने फरवरी 2025 में कंपनियों के पक्ष में आए मध्यस्थता (अरबिट्रेशन) फैसले को रद्द कर दिया था। केंद्र सरकार ने आरोप लगाया था कि रिलायंस-बीपी-नीको समूह ने बंगाल की खाड़ी के केजी-डी6 ब्लॉक में ओएनजीसी के क्षेत्र से आई गैस का इस्तेमाल किया और उससे उत्पादन किया। इसी कारण पेट्रोलियम मंत्रालय ने नवंबर 2016 में इस समूह पर 1.47 अरब अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया था। रिलायंस की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि प्राकृतिक गैस दबाव के अंतर के कारण एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्रवाहित हो सकती है। इसे जानबूझकर चोरी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी कई वर्षों तक गैस उत्पादन शुरू नहीं कर सका, ऐसे में रिलायंस पर गैस प्रवाह कराने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। पीठ ने कहा कि गैस का प्रवाह जानबूझकर नहीं कराया जा सकता और यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया हो सकती है। सिंघवी ने यह भी कहा कि यदि यह मान भी लिया जाए कि रिलायंस ने ओएनजीसी की गैस निकाली, तब भी इसकी मात्रा का सही आकलन कैसे किया जाएगा।



## आरजीकर केसः कलकत्ता हाई कोर्ट ने दिए फिर जांच के आदेश

**कोलकाता, जेएनएन।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजीकर रेप मर्डर केस को दबाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई की 3 सदस्यीय एसआईटी बनाने का आदेश दिया। जिसकी अगुवाई सीबीआई के पूर्वी क्षेत्र के जॉइंट डायरेक्टर करेंगे। एसआईटी को 25 जून तक रिपोर्ट देनी होगी। हाईकोर्ट ने सीबीआई को उस रात की पूरी घटनाक्रम की दोबारा जांच करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को जरूरत पड़ने पर किसी से भी पूछताछ करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह आदेश पीड़ित के माता-पिता की तरफ से लगाई याचिका पर दिया। पिछले साल 17 मार्च को पैरेंट्स ने सीबीआई पर केस की सही जांच नहीं करने और मामले को दबाने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की परमिशन दी थी। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था।

## सुवेंदु के पीए मर्डर केस में बलिया से नवीन गिरफ्तार



**बलिया, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के सीएम (नेता प्रतिपक्ष) सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में बलिया जनपद से लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर जनपद में एसटीएफ वाराणसी और सीबीआई की संयुक्त कार्रवाई से सनसनी फैल गई है। पश्चिम बंगाल के हाई प्रोफाइल मामले की जांच के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि फेफना थाना क्षेत्र के थम्हनपुरा निवासी नवीन कुमार सिंह के पास भारी मात्रा में अवैध असलहे छिपाए गए हैं।

# लखनऊ में रेलवे स्टेशन पर बक्से में मिली लाश, पिता ने ही की हत्या

## बेटी दूसरे समुदाय के युवक से करती थी बात इसलिए नाराज था पिता

**लखनऊ, जेएनएन।** लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के कोच में मिले टिन के बक्से ने जिस रहस्य को जन्म दिया था, उसका खुलासा अब दिल दहला देने वाला साबित हुआ है। कुशीनगर के रहने वाले बिग्गन अंसारी को डर था कि उसकी तीसरी बेटी भी कहीं घर छोड़कर न चली जाए।

पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसकी दो बेटियां पहले ही घर छोड़ चुकी थीं। अब 15 साल की बेटी शब्बा का दूसरे समुदाय के युवक से फोन पर बात करना उसे लगातार परेशान कर रहा था। इसी डर ने उसे इतना बेरहम बना दिया कि उसने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी, फिर शव के टुकड़े कर ट्रेन में फेंकने की साजिश रच डाली।

**ट्रेन के कोच में मिला था खौफनाक मंजरः** 17 मई को छपरा-गोमती नगर एक्सप्रेस लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन पहुंचे थी। ट्रेन के एस1 कोच में एक टिन का बक्सा लावारिस हालत में पड़ा मिला। पहले लोगों को लगा कि किसी यात्री का सामान होगा, लेकिन जब बक्सा खोला गया तो अंदर का दृश्य देखकर हर कोई दहल गया। बक्से में सलवार-सूट पहने एक किशोरी का धड़ रखा था। पास में मौजूद एक थैले में कटे हुए हाथ और पैर मिले। युवती का सिर गायब था।

**राजनीति**

## सैन फ्रांसिस्को में टैक्स के खिलाफ गूगल के सह-संस्थापक का दान

# ब्रायन ने टैक्स विरोधी कमेटी को दिए 5 लाख डॉलर



**सैन फ्रांसिस्को, जेएनएन।** अमेरिकी सिलिकॉन वैली से अपने 'संबंध तोड़ने' के बाद, गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रायन अब अपना भारी वित्तीय वजन सैन फ्रांसिस्को की स्थानीय राजनीति में लगा रहे हैं। हालिया अभियान बुरादों कैंपेन फाइलिंग्स के अनुसार, ब्रायन ने 'ओवरपेड सीईओ टैक्स' नामक एक विवादास्पद स्थानीय कर उपाय के खिलाफ लड़ रही एक राजनीतिक समिति को 5 लाख डॉलर का योगदान दिया है। द न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इसके साथ ही यह टेक दिग्गज एक प्रतिस्पर्धी, अधिक व्यवसाय-अनुकूल कर प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपने धन का उपयोग कर रहा है। लगभग 260 बिलियन डॉलर की अनुमानित कुल संपत्ति नेट वर्थ वाले अरबपति हाल ही में सिलिकॉन वैली से नेवादा में एक विशाल एस्टेट में चले गए हैं।

### मेजर डी ओवरपेड सीईओ एक्ट

इसे ट्रेड यूनियनों और प्रगतिशील संगठनों का समर्थन प्राप्त है। यह पेनाल्टी टैक्स किसी कॉर्पोरेशन के केवल सैन फ्रांसिस्को स्थित कर्मचारियों के बजाय उसके पूरे वैश्विक कार्यबल का उपयोग करके उसके एक्जीक्यूटिव-टू-वर्कर वेतन अनुपात की गणना करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह समग्र कर दरों को बढ़ाएगा और उन्हें कानूनी रूप से लॉक कर देगा, जिसका अर्थ है कि शहर को भविष्य में उन्हें कम करने के लिए पूर्ण सार्वजनिक मतदाता अनुमोदन की आवश्यकता होगी। इस बीच, प्रो-मेजर डी गठबंधन का प्रतिनिधित्व करने वाले चाइनीज प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून आवश्यक है कि 'सबसे अमीर निगम अपने हिस्से का उचित कर चुकाएं।' इसके विपरीत, व्यापार समर्थकों का तर्क है कि यह कानून स्थानीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा।

### सैन फ्रांसिस्को में दो कर उपाय

सैन फ्रांसिस्को के मतदाता आगामी 2 जून के मतपत्र में मेजर सी और मेजर डी पर निर्णय लेने की तैयारी कर रहे हैं। दोनों प्रतिस्पर्धी प्रस्तावों का उद्देश्य शहर की व्यावसायिक कर प्रणाली को पुनर्गठित करना है। मेजर सी बिजनेस-समर्थित योजना को स्थानीय वाणिज्य समूहों का समर्थन प्राप्त है। यह उपाय छोटे व्यवसायों के लिए ग्रॉस रिसीट्स टैक्स छूट को 5 मिलियन से बढ़ाकर 7.5 मिलियन डालर के राजस्व तक कर देगा। बजट को संतुलित करने के लिए, यह बड़े निगमों पर निर्धारित कर वृद्धि को तेज करेगा।

### धन करों वेल्थ टैक्स पर सर्गेई की 'निजी जंग'

सैन फ्रांसिस्को में ब्रायन का वित्तीय हस्तक्षेप धन पुनर्वितरण कानूनों के खिलाफ एक व्यापक अभियान का हिस्सा है। टेक अग्रणी ने कथित तौर पर एक अलग, प्रस्तावित राज्यव्यापी कैलिफोर्निया अरबपति कर बिलियनेयर टैक्स के खिलाफ लड़ाई में लाखों डॉलर लगाए हैं, जिसके इस नवंबर में मतदाताओं के सामने जाने की उम्मीद है। ब्रायन ने खुद अप्रैल में अपनी सामान्य सार्वजनिक चुप्पी तोड़ते हुए स्पष्ट किया था कि वास्तव में उनकी इस आक्रामक राजनीतिक सक्रियता के पीछे क्या वजह हैः 'मैं 1979 में अपने परिवार के साथ समाजवाद से भागकर आया था और सोवियत संघ में इसके द्वारा बनाए गए विनाशकारी, दमनकारी समाज को जानता हूँ। मैं नहीं चाहता कि कैलिफोर्निया का अंत भी उसी स्थान पर हो।'

## शंकराचार्य गो-एलएक्स पर खरीदे-बेचेंगे गाय



**वाराणसी, जेएनएन।** गोहत्या के खिलाफ आंदोलन चला रहे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अब गायों की ऑनलाइन खरीद-फरोख्त का ऐलान किया है। शंकराचार्य ने 'गो-एलएक्स' नाम से एक वेबसाइट शुरू करने का फैसला किया है, जिसके माध्यम से गायों की खरीद की जाएगी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- हम एक वेबसाइट बनवा रहे हैं। इस वेबसाइट के जरिए हम गायों को खरीदेंगे। जो पशुपालक या व्यापारी अपनी गाय बेचना चाहता है, वह वेबसाइट पर विज्ञापन दे सकता है। अगर कोई हिंदू अपनी गाय बेचना चाहता है, तो मुझे बेचे। हम खरीदने के लिए तैयार हैं। हम गायों को कटने नहीं देंगे और किसी गोहत्यारे को गाय खरीदने नहीं देंगे। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि हम गायों को खरीदकर उनकी सेवा करेंगे। हिंदुओं के कहने पर ही हमने वेबसाइट बनाई है। हमने इसका नाम 'गो-एलएक्स ' रखा है। लोग अपनी गाय यहां बेच सकते हैं।

# 'ब्राह्मणवादी पितृसत्ता' वाले प्रश्न पर बीएचयू में विवाद

## एबीवीपी ने किया इतिहास विभाग के बाहर प्रदर्शन

**वाराणसी, जेएनएन।** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू)में एमए इतिहास चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद गहरा गया है। 'वुमेन इन मॉडर्न इंडियन हिस्ट्री' विषय के प्रश्नपत्र में पूछे गए 'ब्राह्मणवादी पितृसत्ता' से जुड़े सवाल पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने इतिहास विभाग के बाहर प्रदर्शन किया। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से पूरे मामले की जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। बड़ी संख्या में छात्र इतिहास विभाग के बाहर जमा हुए। प्रदर्शनकारियों ने बैनर और पोस्टर लेकर विरोध जताया और विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा।

अभाविप की बीएचयू इकाई के अध्यक्ष पल्लव सुमन ने कहा कि विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों में 'वैचारिक रूप से प्रेरित' प्रश्न पूछना उचित नहीं है। उनके अनुसार विश्वविद्यालय ज्ञान, शोध और निष्पक्ष चिंतन का केंद्र होना चाहिए, न कि किसी विचारधारा के प्रचार का मंच।



### इस प्रश्न पर हुआ विवाद

विवाद एमए इतिहास चौथे सेमेस्टर के पेपर में पूछे गए प्रश्न को लेकर शुरू हुआ। इसमें पूछा गया था- 'ब्राह्मणवादी पितृसत्ता ने प्राचीन भारत में महिलाओं की प्रगति में किस प्रकार बाधा डाली?'

# जैवविविधता पुरस्कारों में दक्षिण पन्ना का परचम स्वामित्व रखने वाला सर्वश्रेष्ठ विभाग हुआ पुरस्कृत

## गिद्ध संरक्षण, जैवविविधता अभिलेखीकरण, जनभागीदारी आधारित नवाचार सर्पदंश जागरुकता अभियान ने दिलाई पहचान




जागरण, पन्ना

पन्ना जिले के वनकर्मियों जगदीश अहिरवार और वीरेंद्र पटेल का भी व्यक्तिगत श्रेणियों में सम्मान अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई 2026 के अवसर पर भोपाल स्थित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा घोषित राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार 2024 एवं 2025* में दक्षिण पन्ना वनमण्डल को जैवविविधता स्वामित्व रखने वाला सर्वश्रेष्ठ विभाग* श्रेणी में सम्मानित किया गया। राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जारी आदेश अनुसार दक्षिण पन्ना वनमण्डल का चयन उक्त श्रेणी में किया गया।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण, चेन्नई के अध्यक्ष वीरेंद्र आर. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल के निदेशक डॉ. के. रविचंद्रन ने की तथा राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण के सदस्य सचिव डॉ. बी. बालाजी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय पुरस्कार दक्षिण पन्ना वनमण्डल की ओर से वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई नितेश पटेल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्दा परिवेश भदौरिया द्वारा प्राप्त किया गया। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के नामांकन की अनुशंसा जिला कलेक्टर श्रीमती उषा परमार एवं वनमण्डलाधिकारी द्वारा की गई थी। दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अनेक अभिनव एवं जनभागीदारी आधारित कार्य किए गए। वनमण्डल द्वारा पक्षियों, तितलियों, औषधीय पौधों, विरासत वृक्षों, प्राकृतिक झिरियों तथा स्थानीय जैविक धरोहरों का व्यापक अभिलेखीकरण एवं दस्तावेजीकरण किया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर जैवविविधता संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए गए। गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में दक्षिण पन्ना द्वारा *वल्चर फ्रेंडली गौशाला*, सतत मॉनिटरिंग, प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम एवं ग्रामीण सहयोग आधारित संरक्षण मॉडल विकसित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण पन्ना क्षेत्र में गिद्धों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2021 में जहां गिद्धों की संख्या 614 थी, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 1127 तक पहुँच गई। मानव-सर्प संघर्ष को कम करने एवं सर्पदंश से बचाव हेतु दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा विशेष सांप-सीढ़ी आधारित शैक्षणिक खेल विकसित किया गया। इस नवाचार के माध्यम से हजारों बच्चों एवं ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपचार एवं वैज्ञानिक जानकारी सरल तरीके से उपलब्ध कराई गई। इस पहल से जनजागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा मानव-सर्प संघर्ष संबंधी भ्रांतियों को कम करने में सहायता मिली। व्यक्तिगत (शासकीय) श्रेणी में दक्षिण पन्ना वनमण्डल के वनरक्षक जगदीश प्रसाद अहिरवार को प्रथम पुरस्कार एवं वनरक्षक वीरेंद्र पटेल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जगदीश प्रसाद अहिरवार द्वारा दक्षिण पन्ना क्षेत्र में 129 महत्वपूर्ण औषधीय पौधों का अभिलेखीकरण एवं जनजागरूकता कार्य किया गया। वहीं वीरेंद्र पटेल द्वारा कल्दा क्षेत्र में 97 पक्षी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण कर पक्षी एवं जैवविविधता संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया। दक्षिण पन्ना वनमण्डल की यह उपलब्धि जनभागीदारी, टीम भावना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार आधारित संरक्षण प्रयासों का परिणाम है। यह सम्मान न केवल दक्षिण पन्ना वन विभाग बल्कि पूरे पन्ना जिले के लिए गौरव का विषय है तथा भविष्य में जैवविविधता संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

# दक्षिण पन्ना में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

## ग्रामीणों, बच्चों एवं वन विभाग की सहभागिता से जैव विविधता संरक्षण का दिया गया संदेश



जागरण, पन्ना। पन्ना दक्षिण वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न वन परिक्षेत्रों में 22 मई 2026 को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र कल्दा के ग्राम सारंगपुर एवं वन परिक्षेत्र शाहनगर के बीट उमरिया में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य ग्रामीणों, युवाओं एवं बच्चों में जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना रहा। वन परिक्षेत्र कल्दा अंतर्गत ग्राम सारंगपुर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों द्वारा जैव विविधता संरक्षण पर आधारित लघु नाटक, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित ग्रामीणों एवं अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक संवाद स्थापित कर वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखकर ग्रीष्मकाल में जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया तथा उपस्थित लोगों को जैव विविधता संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जैव विविधता से संबंधित पुस्तकों का वितरण एवं पुरस्कार वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती रचना शर्मा, उपवनमण्डलाधिकारी कल्दा की मुख्य उपस्थिति रही। साथ ही रूपलाल वर्मा, सरपंच सारंगपुर, बिहारी आदिवासी, अध्यक्ष ग्राम वन समिति सारंगपुर, सत्यपाल यादव, अध्यक्ष ग्राम वन समिति सलैया समारी, शिक्षक राजीव सुहाने सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यवाहक वनपाल पुष्पेन्द्र सिंह, वनरक्षक रामबाबू व्यास, अमित द्विवेदी, वीरभद्र सिंह एवं उपेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा। इसी क्रम में वन परिक्षेत्र शाहनगर के बीट उमरिया में भी ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता के साथ जैव विविधता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जैव विविधता का परिचय कराते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। जैव विविधता बैनर के साथ गांव में जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चों ने सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम में परिक्षेत्र सहायक अनिल प्रताप सिंह, वनरक्षक आशीष कुमार पाण्डेय, श्रीमती सत्यप्रभा सिंह, रवि चौबे, कु. रचना जादौन, संतोष कुमार रजक,उदयभान सिंह, जगतराज साहू सहित समिति सुरक्षा श्रमिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा आयोजित ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम स्थानीय समुदायों को प्रकृति एवं जैव विविधता संरक्षण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माने जा रहे हैं।

# पाँच वर्षों से फरार आरोपी को पवई पुलिस ने किया गिरफ्तार

## थाना पवई, कोतवाली एवं धरमपुर के कुल 08 प्रकरणों में फरार चल रहा था आरोपी




जागरण, पन्ना। पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दीर्घकालिक लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में थाना पवई पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

इसी दौरान थाना पवई के अपराध क्रमांक 559/2020, 13/2021, 34/2021 एवं 89/2021 धारा 457, 380 भादवि के अंतर्गत घर में घुसकर चोरी करने के मामलों में पिछले 05 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी कोमल (अहिरवार) उर्फ विनय वर्मा पिता राजकरण वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम शिमौनी सिंगपुर थाना तिंदवारी जिला बांदा (उ.प्र.) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।

उक्त आरोपी थाना पवई के 04 अपराधों के अतिरिक्त कोतवाली पन्ना के 03 एवं थाना धरमपुर के 01 अपराध में भी फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश एवं तकनीकी जानकारी एकत्रित कर दिनांक 22/05/2026 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से प्राप्त पुलिस रिमांड के आधार पर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उप निरीक्षक एम.एल. कोल, प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र प्रजापति, आरक्षक राजेश बरकने एवं पन्ना साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उत्तर मंडल पन्ना अंतर्गत और विश्रामगंज में स्मृति वन पन्ना क्षेत्र में कार्यक्रम



जागरण, पन्ना। आज दिनांक 22 में 2026 को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर उत्तर मंडल पन्ना अंतर्गत और विश्रामगंज में स्मृति वन पन्ना क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस जन जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं स्थानीय जन सामान्य वन विभाग अंतर्गत अधिकारी एवं कर्मचारी एवं पत्रकार बंधुओ को आमंत्रित कर जैव विविधता से संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छत्रसाल महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज शुक्ला द्वारा जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित लोगों को जैव विविधता से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। इसके पश्चात उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया जिसके अंतर्गत प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए। इस कार्यशाला एवं जन जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य जनमानस में जैव विविधता के महत्व एवं संरक्षण को लेकर जागरूक करना था।

# समाजवादी पार्टी पन्ना जिले के अध्यक्ष बने जयराम यादव

पन्ना। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश इकाई को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भारतीय संविधान और समाजवादी विचारधारा के प्रति गहरी निष्ठा रखने वाले जयराम यादव को पन्ना जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव तथा मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव द्वारा जारी मनोनयन पत्र में जयराम यादव की पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा, अखिलेश यादव के प्रति समर्पण और उनके अनुशासित व्यवहार को विशेष रूप से सराहा गया है।पत्र में उनसे अपेक्षा की गई है कि वे राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों व निर्देशों का पूर्णतः पालन करेंगे तथा पन्ना जिले में पार्टी का जनाधार विस्तार करने के लिए निरंतर और प्रभावी प्रयास करेंगे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र. 03 (E.T.)/रा.कि./न.पा.नि./2026-27 सतना, दिनांक 20.05.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सतना में विभिन्न स्थानों में वाहन पार्किंग का ठेका वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु लम्प-सम सतना, दिनांक 20.05.2026 दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व दि. | टे.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03/01 20.05.2026 | 2026_UAD _509161_1 | आटो पार्किंग (बस स्टैण्ड के पास), बस स्टैण्ड फ्लाई ओव्हर पार्किंग, सिंधी कैम्प सब्जी मंडी पार्किंग (द्वितीय काल) | 32,77,229/- | 8,19,400/- | 5,000/- | 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक |
| 02 | 03/02 20.05.2026 | 2026_UAD _509164_1 | विश्वासराव सब्जी मंडी पार्किंग (द्वितीय काल) | 13,47,500/- | 3,36,900/- | 2,000/- | |
| 03 | 03/03 20.05.2026 | 2026_UAD _509166_1 | काका पार्किंग स्टेशन रोड, बिहारी चौक पार्किंग, जयस्तम्भ चौक पार्किंग, पन्नीलाल चौक पार्किंग, हनुमान चौक पार्किंग, शास्त्री चौक पार्किंग एवं गांधी चौक पार्किंग (द्वितीय काल) | 11,02,640/- | 2,75,700/- | 2,000/- | |

1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 21.05.2026 समय 15:30 से दिनांक 06.06.2026 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)


# द्वारका-सोमनाथ की तीर्थयात्रा के लिए यात्रियों के चयन में अपनाई गई है पारदर्शी प्रक्रिया

पन्ना। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग भोपाल के दिनांक 28 अप्रैल 2026 को जारी निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा द्वारका एवं सोमनाथ की तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों के चयन में पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किया गया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पन्ना जिले से 191 तीर्थयात्रियों और सहायकों का चयन हुआ है। गत 20 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ऑनलाइन रैंडमाईजेशन प्रक्रिया संपादित की गई थी। इस दौरान उपस्थितजनों के प्रश्नों का समाधान किया गया और संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर 27 मई से 2 जून तक की अवधि की तीर्थ यात्रा के लिए अंतिम सूची तैयार की गई। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी धर्मस्व शाखा अनिल कुमार तलैया ने बताया कि सभी तहसीलदारों को पूर्व में संचालनालय स्तर से जारी पत्र की प्रति प्रेषित कर व्यापक प्रचार प्रसार कर वरिष्ठ नागरिकों के आवेदन पत्र प्राप्त करने के निर्देश जारी किए गए थे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रीवा जिला रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र.33/25-26/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2026 रीवा, दिनांक 20.05.2026

### ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

1. निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्दीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आन लाइन प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 20.05.2026 डाक्यूमेंट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 20.05.2026 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 03.06.26 बिड सबमिशन प्रारंभ का दिनांक 20.05.2026 एवं बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 03.06.26 को सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। manadatory A & Financial bid open का दिनांक 05.06.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(02) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।
(03) निविदाएँ निर्धारित तिथि दिनांक 05.06.2026 को खोली जायेंगी।
(04) कार्य का विवरण :-
रीवा जिले के खण्ड अन्तर्गत विकासखण्ड रायपुर में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग एवं आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन आदि समस्त कार्य।

| ई-टेण्डर नं. | विकासखण्ड/हैण्डपंपों की संख्या | कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र की कीमत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PHED_507000_1 | रायपुर (3360 हैण्डपंप) | 39.90 | 50000.00 | 5000.00 | 1 वर्ष वर्षा ऋतु सहित |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट hyyp//mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

G-13241/26
(चित्रांशु)
कार्यपालन यंत्री


# अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 से 12 जून तक

पन्ना। सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों हेतु ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की तिथि घोषित कर दी गई है। ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर रजिस्टर करने वाले अभ्यर्थी विभिन्न श्रेणियों के लिए आगामी 1 से 12 जून तक ऑनलाइन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए भोपाल में दो परीक्षा केंद्र क्रमशः प्रेस्टीज कॉलेज, कोकता बायपास, रायसेन रोड एवं आईओएन डिजिटल, दानिश कुंज, कोलार रोड में निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक दिवस ऑनलाइन परीक्षा चार शिफ्ट में होगी। ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही अग्निवीर क्लर्क व स्टोरकीपर टेक्निकल के लिए अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट होगा। भारतीय सेना की वेबसाइट से अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि भारतीय सेना में पारदर्शी माध्यम से केवल योग्यता के आधार पर चयन होता है। इसलिए दलालों से सावधान रहें। अभ्यर्थी एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन कर समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट साथ रखना होगा। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए दूरभाष क्रमांक 0755-2540954 और 9039018588 पर संपर्क किया जा सकता है।


कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल
ईमेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन- 0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

निविदा सूचना कमांक -1222/2026-27/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 18.05.2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.06.2026 को 17:30 बजे तक कय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_507729 | **टर्न की पद्धति परः**-सुजलाना तालाब (नहर रहित) परियोजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | रतलाम | 194.11 |
| 2. | 2026_WRD_507733 | **टर्न की पद्धति परः**-मोद नदी पर खेड़ा गलती बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | झाबुआ | 334.70 |
| 3. | 2026_WRD_507734 | बाणसागर त्योंथर उद्वहन सिंचाई योजना हेतु स्थापित 830 एच.पी. 6.6 के.व्ही. एच.टी. मोटर पम्प स.क्र. 134734 एवं 134736 का मरम्मत कार्य। | शहडोल | 44.17 |
| 4. | 2026_WRD_507735 | **टर्न की पद्धति परः**-सियाखेड़ी तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | शाजापुर | 361.17 |
| 5. | 2026_WRD_507737 | **टर्न की पद्धति परः**-भीमपुरा तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | शाजापुर | 381.84 |
| 6. | 2026_WRD_507738 | **टर्न की पद्धति परः**-मुरादपुर लोदिया बैराज (गेट सहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | शाजापुर | 254.99 |
| 7. | 2026_WRD_507739 | **टर्न की पद्धति परः**-मोहनपाडा तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | रतलाम | 270.00 |
| 8. | 2026_WRD_507740 | **टर्न की पद्धति परः**-संगेसरा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | रतलाम | 262.45 |
| 9. | 2026_WRD_507741 | **टर्न की पद्धति परः**-नागारूण्डी तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | रतलाम | 626.46 |
| 10. | 2026_WRD_507742 | **टर्न की पद्धति परः**-राजोदा बैराज कम काजवे का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | देवास | 256.79 |
| 11. | 2026_WRD_507743 | जेरा मध्यम सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित लखनपुर से बनसादेही सहित खेरी से भोजपुर (बेगमगंज रायसेन) पर विभिन्न उच्च दाब विघ्युत लाईन व डी.टी.आर. एवं रोड क्रांसिंग के प्रतिस्थापन का कार्य। | सागर | 92.49 |
| 12. | 2026_WRD_507744 | बारना विस्तारीकरण परियोजना अन्तर्गत फीडर नहर की आर.डी. 7290 मी. एवं 17922 मी. पर एस्केप निर्माण कार्य। | रायसेन | 53.86 |
| 13. | 2026_WRD_507745 | **टर्न की पद्धति परः**-गाड़ाघाट बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | इन्दौर | 273.24 |
| 14. | 2026_WRD_507746 | हनौता दबावयुक्त सिंचाई परियोजना पर नवीन 33 के.व्ही. विद्युत लाईन के विस्तार सहित अतिरिक्त बे का निर्माण एवं मीटिरिंग उपकरणों के स्थापना का कार्य। | सागर | 310.18 |

G-13272/26
मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेट)


# दो दिवसीय आधार महाअभियान 25 एवं 26 मई को

पन्ना। भारतीय डाक विभाग सतना संभाग द्वारा आम नागरिकों को आधार संबंधी सेवाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी 25 एवं 26 मई को पन्ना मुख्य डाकघर एवं अजयगढ़ उप डाकघर में दो दिवसीय विशेष आधार महाअभियान आयोजित किया गया है। इस दौरान आधार केंद्र संचालन का समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। जनहित में प्रधान डाकघर में यह सुविधा रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी। केंद्रों पर नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया और बैठने की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर नागरिक अपने आधार कार्ड में नया नामांकन और अपडेशन आसानी से करवा सकेंगे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

PHONE No. 07662-406740 E-mail:-dpepiurewa@gmail.com

एन.आई.टी. नं.-14/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/897 रीवा, दिनांक 18.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWPIU_ 508783_1 | 60 बिस्तरीय बालिका छात्रावास सैनिक स्कूल परिसर रीवा में फर्नीचर की सप्लाई का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 76.83 | 76830.00 | 10000 | 01 माह | हां |

**1.** निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। **2.** निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। **3.** निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 20-05-2026 समय 10:00 से दिनांक 05-06-2026 समय 05:30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। **4.** निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-13243/26
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, रीवा

## जनसेवा गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत

# रेडक्रॉस ब्लड सेंटर स्थापना से अब तक 44,561 यूनिट रक्त संग्रहण एवं 42,271 यूनिट रक्त किया वितरण






### रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली की वार्षिक आम सभा 26 संपन्न

जागरण, वैढ़न

आज जिला मुख्यालय स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के केंद्रीय कार्यालय डीडीआरसी भवन में वार्षिक आम सभा वर्ष 26 का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा आईएएस उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में रेडक्रॉस उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह चेयरमैन एस.डी.सिंह वाइस चेयरमैन गोविंद प्रसाद पाण्डेय सचिव डॉ.ओ.पी.राय कोषाध्यक्ष ओपीएन सिन्हा तथा रेडक्रॉस राज्य शाखा भोपाल के प्रबंध समिति सदस्य मान सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके उपरांत मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा रेडक्रॉस झंडा गीत की प्रस्तुति दी गई।

**चेयरमैन ने प्रस्तुत की जनसेवा ब्लड सेंटर एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गतिविधियों की जानकारी :** रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के चेयरमैन एस.डी. सिंह ने वार्षिक आम सभा में उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए संस्था द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस ब्लड सेंटर द्वारा स्थापना से अब तक कुल 44,561 यूनिट रक्त संग्रहण एवं 42,271 यूनिट रक्त वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित पंजीकृत 195 मरीजों को 1,950 यूनिट निःशुल्क रक्त बिना रिप्लेसमेंट उपलब्ध कराया गया है। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जा रही है।

### बालिका आश्रय गृह एवं जन औषधि केंद्र की उपलब्धियां

बालिका खुला आश्रय गृह के माध्यम से बालिकाओं को पोषण संरक्षण शिक्षा एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। अब तक 294 बालिकाओं का पुनर्वास किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से आमजन को सस्ती एवं गुणवत्तायुक्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों विद्यालयों पुलिस विभाग एवं माइनिंग विभाग के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन सभा में प्रस्तुत

रेडक्रॉस सचिव डॉ. ओ.पी. राय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए निवर्तमान सचिव डॉ.डी.के.मिश्रा को वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत किया गया। इसके पश्चात डॉ.मिश्रा ने वर्ष 25–.26 की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट सभा के समक्ष प्रस्तुत की। प्रतिवेदन में रेडक्रॉस सदस्यता प्रबंध समिति विभिन्न उपसमितियों प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रबंधन मानव संसाधन विकास तथा कार्मिक कल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही सेवायुक्तों को समय.समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेजे जाने की जानकारी भी साझा की गई।

### सामाजिक एवं मानवीय कार्यों की सराहना

सभा में ब्लड सेंटर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बालिका खुला आश्रय गृह प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र तत्काल आर्थिक सहायता विश्व रेडक्रॉस दिवस निःशुल्क प्याऊ अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस क्षय रोगियों को गोद लेने की पहल विश्व सांकेतिक दिवस विश्व दिव्यांग दिवस जिला जेल में मानवीय सेवा मातृत्व एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 36 मोतियाबिंद मरीजों के सफल नेत्र ऑपरेशन एवं कंबल वितरण जैसे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा इन गतिविधियों की सराहना करते हुए करतल ध्वनि से अनुमोदन किया गया।

### अंकेक्षित लेखों एवं प्रस्तावित बजट को मिली स्वीकृति

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष ओ.पी.एन. सिन्हा द्वारा वर्ष 24–.25 के अंकेक्षित आय.व्यय लेखों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गयाए जिसे आम सभा द्वारा सर्वसम्मति से अंगीकृत किया गया। इसके साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 26.–27 के प्रस्तावित बजट एवं अनुमानित आय.व्यय की जानकारी भी प्रस्तुत की गईए जिसे सभा द्वारा पारित किया गया। मुख्य अतिथि सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा आईएएस ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली जिले में उत्कृष्ट एवं मानवीय कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप ब्लड सेंटर बालिका खुला आश्रय गृह एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा कहा कि कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान कर संस्था दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रेडक्रॉस प्रबंध समिति सदस्य संजय प्रताप सिंह डॉ.आर.डी.द्विवेदी डॉ. एन.के. जैन जी.पी. सिंह भूपेंद्र गर्ग डॉ. आर.डी. पाण्डेय सुरेश गिरी सत्य प्रकाश सिंह राजेश प्रताप सिंह सोमदेव सिंह ब्रह्म विवेक कुमार त्रिपाठी सीए मनोरमा शाहवाल जितेंद्र सिंह एवं अभिलाष जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त रेडक्रॉस आजीवन सदस्य मिथिलेश मिश्रा अमित राज सजन अग्रवाल शारदा प्रसाद त्रिपाठी शिवेन्द्र पाण्डेय अमरदीप भारुका संतोष देव पाण्डेय राजू सिंह प्रियंका त्रिपाठी महाराणा प्रताप सिंह उमा शंकर शुक्ला सत्य नारायण बंसल नटवर दास अग्रवाल भानु प्रताप सिंह जॉर्ज राजन सुभाष वैश्य विनोद शाह जय प्रकाश दुबे एवं हरिशंकर गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### सेवायुक्तों ने निभाई सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में रेडक्रॉस द्वारा संचालित सभी विभागों के सेवायुक्तों ने सक्रिय भूमिका निभाई। ब्लड सेंटर से हरिशंकर एवं टीम डीडीआरसी से मुकुल किशोर एवं टीम बालिका खुला आश्रय गृह से शिरीन एवं टीम केंद्रीय कार्यालय से अरविंद विश्वकर्मा तथा जन औषधि केंद्र से रवीशकांत त्रिपाठी एवं उनकी टीम द्वारा व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी.के.मिश्रा द्वारा किया गया तथा अंत में जी.पी. सिंह ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।



## एनसीएल ने खदानों में विद्युत सुरक्षा विषय पर छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

**जागरण, सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने ई एंड एम संवर्ग के अधिकारियों विद्युत पर्यवेक्षकों एवं इलेक्ट्रिशियनों के लिए शखदानों में विद्युत सुरक्षाश् विषय पर छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण के केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान सीईटीआई सिंगरौली में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट फॉर माइनर्स एंड मेटलवर्कर्स एजुकेशन आईएमएमई कोलकाता के बिभास कुमार मुखर्जी एवं एन. अंसारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को विद्युत मशीनरियों के संचालन अनुरक्षण एवं प्री.कमीशनिंग परीक्षण इलेक्ट्रिकल ड्राइव एवं कंट्रोल स्विचगियर एवं प्रोटेक्टिव डिवाइसेज अर्थिंग सिस्टम न्यूट्रल सिस्टम ऑफ पावर सप्लाई सब.स्टेशन की डिजाइन एवं लेआउट सब.स्टेशन स्विचयार्ड एवं स्विचबोर्ड में सुरक्षा ओवरहेड लाइनों का संचालन एवं अनुरक्षण खदान प्रतिष्ठानों में प्रयुक्त विद्युत उपकरण एवं मशीनरियों की सुरक्षा सामान्य सुरक्षा उपाय केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विनियम–2023 समय.समय पर संशोधित अधिनियम नियम तथा ऑन–साइट इमरजेंसी मैनेजमेंट प्लान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय.समय पर कर्मियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने हेतु ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

## दरभंगा एयरपोर्ट की सुरक्षा अब सीआईएसएफ के हवाले

### उत्तर बिहार में विमानन सुरक्षा को बड़ी मजबूती



**जागरण, विंध्यनगर।** सीआईएसएफ इकाई विंध्यनगर के वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार राय ने सभी बल सदस्यों को बताया कि दरभंगा हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ की तैनाती रणनीतिक रूप से संवेदनशील उत्तर बिहार में विमानन सुरक्षा होगी और सुदृढ़ दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा का दायित्व औपचारिक रूप से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ को सौंपने हेतु हवाई अड्डा परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया। यह उत्तर बिहार में विमानन सुरक्षा तथा महत्वपूर्ण अवसंरचना की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तैनाती के साथ ही दरभंगा देश का 72वाँ हवाई अड्डा बन गया है जिसे सीआईएसएफकी सुरक्षा प्राप्त हुई है। पटना और गया के बाद यह बिहार का तीसरा हवाई अड्डा है जो अब सीआईएसएफके सुरक्षा घेरे में आ गया है। इस इंडक्शन समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सीआईएसएफके महानिदेशक प्रवीर रंजन बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार आईपीएस उपस्थित रहे।

## अशोक मिश्रा मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनोनीत

**जागरण, वैढ़न।** मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के संरक्षक वीरेंद्र खोगल प्रांताध्यक्ष सुरेंद्र निगम के निर्देशन में मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेंद्र मिश्रा की अनुशंसा पर अशोक मिश्रा खनिज निरीक्षक खनिज शाखा जिला सिंगरौली को मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस की सिंगरौली जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति में शासन से मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी को स्थानांतरण से छूट देने संबंधी जारी आदेश में दिए गए निर्देशानुसार अशोक मिश्रा को मध्य प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन का पदाधिकारी होने के परिणाम स्वरूप स्थानांतरण से छूट की पात्रता श्री मिश्रा की यह प्रथम पदावधि है यह जानकारी मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेंद्र मिश्रा द्वारा दी गई।

## कलेक्टर ने जनगणना कार्य का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

### आंकड़ों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**जागरण, सीधी।** जनगणना कार्य को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज प्रातः नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र में घर–घर भ्रमण कर जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से तालाबंद मकानों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति की जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ऐसे परिवारों का डेटा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पुनः संपर्क कर सही तरीके से दर्ज किया जाए, ताकि कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे। कलेक्टर ने कुछ घरों में दर्ज जनगणना आंकड़ों का मौके पर ही सत्यापन कराया। उन्होंने प्रगणकों द्वारा एकत्रित की गई जानकारी को स्वयं के समक्ष मिलान कर सटीकता की जांच की और आवश्यक सुधार



संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं, संसाधनों का वितरण और जनकल्याणकारी नीतियां तैयार की जाती हैं। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रगणकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिवार की जानकारी पूरी सावधानी, गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ दर्ज की जाए। आंकड़ों की शुद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा यदि किसी प्रकार की शंका या त्रुटि हो तो तत्काल उसका निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य केवल आंकड़े संकलन का कार्य नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक योजना निर्माण की आधारशिला है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को पूर्ण प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ संपादित करें। निरीक्षण के दौरान जनगणना कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

## नगर पालिका अध्यक्ष को मिला वित्तीय अधिकार

### उच्च न्यायालय जबलपुर ने पूर्व पारित आदेश को किया निरस्त

### अब नगर पालिका परिषद सीधी के वित्तीय कार्यों में आएगी तेज

जागरण, सीधी

नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा के वित्तीय अधिकारों पर लगाई गई रोक को आज हाईकोर्ट द्वारा हटाते हुये पूर्व की स्थिति बहाल कर दी गई है। नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा ने कहा है कि नगर पालिका परिषद सीधी के स्थाई कर्मचारी बृजेश सिंह गोरे द्वारा उच्च न्यायालय में डब्ल्यूपी नंण् 11116/2026 तथ्यों को छिपाकर प्रस्तुत की गई थी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप एन भट्ट द्वारा दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अंतरित आदेश पारित करते हुये मेरे वित्तीय अधिकारों के प्रयोग में रोक लगा दी गई थी। नपाध्यक्ष ने आगे कहा कि उनके द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष वस्तुस्थिति को स्पष्ट किया गया तथा उत्तर प्रस्तुत कर आदेश दिनांक 6 अप्रैल 2026 को वापस लिये जाने बावत आवेदन पत्र भी प्रस्तुत किया। जिस पर आज दिनांक 22 मई 2026 को उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की गई तथा आदेश दिनांक 6 अप्रैल 2026 जिसके आधार पर वित्तीय अधिकारों के प्रयोग में रोक लगाई गई थी को वेकेट वापस कर दिया गया। इसके साथ ही आज दिनांक 22 मई 2026 से वित्तीय अधिकारों पर लगा रोक आदेश दिनांक 6 अप्रैल 2026 निष्प्रभावी हो गया है। रिट याचिका को अंतिम सुनवाई हेतु आगे नियत किये जाने का आदेश दिया गया। नपाध्यक्ष काजल वर्मा ने आगे कहा है कि बृजेश सिंह गोरे निकाय के स्थाई कर्मचारी हैं जिन्हें ऐसी याचिका प्रस्तुत करने का विधि के अधीन कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने अपने पदीय कर्तव्यों के अधीन कार्य न कर घोर अनुशासनहीनता की है, जिसके संबंध में समुचित कार्यवाही की जायेगी। नगर पालिका परिषद सीधी में इस प्रकरण के कारण बीते कई महीनों से नगर पालिका में वित्तीय स्वीकृत देने में दिक्कतें हो रहीं थीं। क्योंकि बहुत से चेक में अध्यक्ष और सीएमओ दोनो के हस्ताक्षर होते हैं, अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार पर रोक लग जाने के कारण कई भुगतान अटके हुये थे। अब जबकि हाईकोर्ट ने इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों को वापस कर दिया गया है तो फिर से सभी स्थिति सामान्य हो जायेगी।

## प्री-मानसून मेंटेनेंस के लिए विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**जागरण, सीधी।** अधीक्षण अभियंता, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, सीधी ने जानकारी दी है कि प्री–मानसून मेंटेनेंस एवं टेस्टिंग कार्य के मद्देनजर जिले के विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों में निर्धारित तिथियों पर शटडाउन प्रस्तावित किया गया है। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 132/33 केव्ही, 50 एमवीए टीएएल एक्स–एमईआर, 132 केव्ही सब स्टेशन सिहावल में प्री–मानसून मेंटेनेंस एवं टेस्टिंग कार्य के लिए 30 मई 2026, शनिवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित है। इस दौरान 33 केव्ही गेरूआ एवं 33 केव्ही बीठी फीडर बंद रहेंगे, जिससे संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। इसी प्रकार 132/33 केव्ही, 50 एमवीए टीएएल एक्स-एमईआर, 132 केव्ही सब स्टेशन मड़वास में प्री–मानसून मेंटेनेंस एवं टेस्टिंग कार्य के लिए 03 जून 2026, बुधवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित है। इस दौरान 33 केव्ही कमछड़, 33 केव्ही कुसमी एवं 33 केव्ही मड़वास फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रह सकती है। विद्युत विभाग ने बताया है कि कार्य की आवश्यकता के अनुसार शटडाउन की अवधि में समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है। नागरिकों से अपील की गई है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में सुनिश्चित कर लें।

## एनटीपीसी विंध्याचल को लगातार चौथे वर्ष मिला अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 26



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल को लगातार चौथे वर्ष प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 26 के मेरिट कैटेगरी सम्मान से नवाज़ा गया है। यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता तथा विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों की दिशा में स्टेशन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान कार्यस्थल सुरक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय स्थिरता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने हेतु एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना करता है। यह पुरस्कार कर्मचारियो विक्रेताओं ठेकेदारों एवं सहयोगियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है जिन्होंने सक्रिय पहलों सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन तथा निरंतर सुधार की कार्यसंस्कृति के माध्यम से मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ एनटीपीसी विंध्याचल ने विद्युत क्षेत्र में एक आदर्श मानक के रूप में अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ की है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब स्टेशन को यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार सयुंक्त रूप से आशीष अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अशोक कुमार यादव उप महाप्रबंधक टीएमडी ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से प्राप्त किया। यह सम्मान न केवल स्टेशन के लिए वैश्विक गौरव लेकर आया है बल्कि सुरक्षित स्वस्थ एवं सतत भविष्य के निर्माण के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को भी पुनः स्थापित करता है।

## बालिकाओं के समग्र विकास पहल है बालिका सशक्तीकरण अभियान : संजय असाटी

### सपनों की उड़ान -बालिका सशक्तीकरण अभियान-26 का शुभारंभ






**जागरण, रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद सीएसआर विभाग द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एक माह के लिए बालिका सशक्तीकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला का भव्य उद्घाटन आज तरंग प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि संजय असाटी परियोजना प्रमुख रिहंद विशिष्ट अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख सिंगरौली श्रीमती प्रज्ञा नायक अध्यक्षा वनिता समाज श्रीमती नीलू असाटी अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल समिति प्रणय कुमार नायक महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण सतेन्द्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एनटीपीसी विंध्याचल माणिक्यन सुरेश महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम एनटीपीसी विंध्याचल उप समादेष्टा सीआईएसएफ़ प्रकाश विभागाध्यक्षगाण वर्तिका महिला मण्डल समिति की वरिष्ठ सदस्याओ यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण एवं अन्य अतिथियों द्वारा एनटीपीसी गीत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री असाटी ने बालिका सशक्तीकरण के महत्व पर ज़ोर देते हुए बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु सीएसआर द्वारा आयोजित इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सशक्तीकरण का अर्थ है किसी को शक्ति देना या किसी को मजबूत और आत्मविश्वासी बनाना। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं है अपितु यह एक समग्र विकास पहल है जो शैक्षिक सहायता कौशल निर्माण व्यक्तित्व विकास और जीवन कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। कार्यशाला में भाग ले रही बालिकाओं को संबोधित करते हुए श्री असाती ने कहा कि आप सभी ताकत लचीलापन और आशा की प्रतिमूर्ति हो। आपको यहाँ से जो सीख मिले उसे अपने आस.पास में भी बाटना है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि सहित अन्य आमंत्रित गणमान्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मानव संसाधन विभागाध्य राजेश बोयपाई ने सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनकी उपस्थिति के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष सात विद्यालयों से कुल 140 बालिकाएं प्रशिक्षण में शामिल हुई हैं। इस अवसर पर बालिका सशक्तीकरण अभियान के पूर्व प्रतिभागियों तथा डीएवी स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी का मन मोह लिया तथा पूर्व के वर्षों में आयोजित कार्यशाला के अनुभवों को साझा करते हुए एनटीपीसी रिहंद के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान डीएवी में अध्ध्यनरत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पिछले कार्यशाला की जेम बालिकाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।





## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)

| | |
|---|---|
| सुदर्शन (गुजरात) | 638 |
| शुभमन (गुजरात) | 616 |
| सूर्यवंशी (राजस्थान) | 579 |



## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 24 |
| कगीसो रबाडा (गुजरात) | 24 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 20 |



## बाउंड्री मीटर

1267 छक्के

2037 चौके

137 अर्धशतक

शुभमन गिल (185 पारी) टी-20 में सबसे तेज 6000 रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। उनसे कम पारियों में भारत के लिए केएल राहुल (166 पारी) और विराट कोहली (184 पारी) ने ऐसा किया है।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 | 1.065 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.695 |
| हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 16 | 0.350 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 | 0.083 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 | 0.227 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 6 | 13 | 0.011 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 | -0.345 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.871 |
| मुंबई | 13 | 4 | 8 | 9 | -0.510 |
| लखनऊ | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.702 |

### लखनऊ के लिए घर पर सम्मान बचाने की लड़ाई, मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से

# पंजाब किंग्स के पास प्लेऑफ की दावेदारी का आखिरी मौका, लखनऊ पर बड़ी जीत की जरूरत

जेएनएन, लखनऊ

लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को इस निराशा को भुलाकर आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले छह मैच जीते थे, लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब पहले सात मैचों में छह जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी, लेकिन लगातार छह हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब को न केवल अपने अंतिम लीग मैच में लखनऊ को हराना होगा, बल्कि प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए रविवार के दो मैचों (मुंबई बनाम राजस्थान और कोलकाता बनाम दिल्ली) के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम चाहेगी कि राजस्थान और कोलकाता दोनों ही अपने-अपने मैच हार जाएं। अगर राजस्थान की टीम मुंबई को हरा देती है, तो पंजाब की उम्मीदें आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी, वहीं अगर कोलकाता की टीम दिल्ली को हरा देती है, तो मामला नेट रन रेट पर अटक सकता है। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से थोड़ा बेहतर है। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो इस सत्र में उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। वह पिछले 10 मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल करने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गया है। एलएसजी ने अपने घरेलू स्टेडियम में हाल में आरसीबी और सीएसके को हराया था और उसकी टीम इसी प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।



**हेड टू हेड:** दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मुकाबलों में कांटे की टक्कर हुई है, जिसमें पंजाब को चार, जबकि लखनऊ को तीन मुकाबलों में जीत मिली है। वहीं लखनऊ में हुए दोनों टीमों के बीच तीन मुकाबलों में भी पंजाब को दो, जबकि लखनऊ को एक जीत मिली है। हालांकि 2025 से दोनों टीमों के बीच हुए अब तक तीन मैचों को पंजाब ने जीता है।

■ चहल का भी लखनऊ के बल्लेबाजों के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड रहा है। मार्श को वह दो आईपीएल पारियों में दोनों बार आउट कर चुके हैं, जबकि पंत भी उनका तीन बार शिकार हुए हैं। पूरन, बदोनी और समद भी चहल का दो-दो बार शिकार हुए हैं, जबकि इनमें से सिर्फ पूरन का स्ट्राइक रेट ही 150 से ऊपर, 164 का है।

## अर्शदीप और चहल होंगे पंजाब के मुख्य हथियार

टी-20 के दिग्गज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल के लिए यह सीजन मिला जुला रहा है। जहां अर्शदीप ने 9.78 की इकॉनमी से रन देते हुए 13 मैचों में 14 विकेट लिए हैं, वहीं चहल के नाम भी 11 पारियों में सिर्फ 10 विकेट हैं और उन्होंने भी 9.72 के रन रेट से रन दिया है। हालांकि लखनऊ के खिलाफ इन दोनों गेंदबाजों की लय में वापसी हो सकती है। एडन मार्करम को अर्शदीप 19 टी-20 पारियों में सात बार आउट कर चुके हैं, जबकि मार्करम उन पर सिर्फ 117 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। फॉर्म में चल रहे मिचेल मार्श को भी अर्शदीप ने आठ पारियों में तीन बार अपना शिकार बनाया है, जबकि मार्श भी अर्शदीप के खिलाफ 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। निकोलस पूरन भी अर्शदीप का दो टी-20 पारियों में शिकार हुए हैं, वहीं अब्दुल समद अगर खेलते हैं, तो वह भी पांच पारियों में दो बार अर्शदीप की गेंदों पर पवेलियन लौट चुके हैं। आयुष बदोनी, अर्शदीप के खिलाफ पांच पारियों में सिर्फएक ही बार आउट हुए हैं, लेकिन बदोनी का स्ट्राइक रेट उनके खिलाफ सिर्फ 111 का रहा है।

## सीएसके के कप्तान रुतुराज पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**अहमदाबाद, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। गुजरात ने अपने अंतिम लीग मैच में चेन्नई पर 89 रन की शानदार जीत के साथ आईपीएल प्लेऑफ में शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली। इस हार के साथ ही पांच बार की चैंपियन टीम सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की रही सही उम्मीद भी समाप्त हो गई। आईपीएल ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीएल की धीमी ओवर गति से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम (चेन्नई) का यह इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा इंपैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है।

## केकेआर के अंगकृष रघुवंशी चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी चोट के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर हो गए हैं। रघुवंशी को सिर में चोट (कन्कशन) के साथ बाएं हाथ की उंगली में फ्रैक्चर है। उन्हें यह चोट मुंबई के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले के दौरान कैच लेने की कोशिश में लगी। केकेआर ने कहा कि मुंबई के खिलाफ 20 मई को मैच के दौरान कैच लेने की कोशिश में रघुवंशी को कन्कशन और बाएं हाथ की एक उंगली में फ्रैक्चर हुआ, जिसके चलते वह 2026 आईपीएल से बाहर हो गए हैं। तीन बार की आईपीएल चैंपियन केकेआर अभी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है।

## रोनाल्डो ने दो गोल दागकर सऊदी अरब में खिताब का सूखा खत्म किया



**रियाद, जेएनएन।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है। पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा। अल-हिलाल ने 34 मैचों के सत्र में अजेय रहने के बावजूद दूसरा स्थान हासिल किया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पाक टीम में तीन नए खिलाड़ी

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहैल नाजिर, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफात मिन्हास ने कुछ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन उन्हें पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। नाजिर और गाजी गोरी टीम में दो विकेटकीपर हैं। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद दो और चार जून को लाहौर में मैच खेले जाएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, नसीम शाह और शादाब खान ने टीम में वापसी की है। फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे।

## विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से शुक्रवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'क्रिकेट खेलना' जारी रखने के लिए 'नए अवसरों की तलाश' करेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2025-26 सत्र में त्रिपुरा टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और नौ टी-20 मैच खेले। शंकर ने सोशल मीडिया पर फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा कि मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है, ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा। नागपुर में भारत के 500वें वनडे में आखिरी ओवर फेंकना और 2019 विश्व कप में पहली गेंद पर पहला विकेट लेना मेरे लिए अविस्मरणीय पल हैं।

आईपीएल में शंकर ने चार टीमों का प्रतिनिधित्व किया। इसमें चेन्नई (2014 और 2025), हैदराबाद (2017, 2019-2021), दिल्ली (2018) और गुजरात (2022-2024) शामिल है। वह मौजूदा सत्र में वह किसी टीम का हिस्सा नहीं थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शंकर ने 2012 में अपने पदार्पण के बाद कुल 77 प्रथम श्रेणी, 112 लिस्ट ए और 159 टी-20 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी में 46.73 की औसत से 4,253 रन बनाए, जिनमें 13 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं, और 43 विकेट भी लिए। उन्होंने लिस्ट ए में 34.87 की औसत से 2,790 रन बनाए। इसमें उनके नाम दो शतक, 15 अर्धशतक और 73 विकेट है। टी-20 में शंकर ने 2,583 रन बनाए और 38 विकेट लिए।



■ शंकर 2019 में वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा भी थे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैनचेस्टर में राष्ट्रीय टीम के लिए अपना आखिरी मैच खेला था। पैर के अंगूठे की चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा और फिर वह टीम में वापसी नहीं कर सके।

## पाक हॉकी खिलाड़ियों ने बकाया भुगतान और दैनिक भत्ते को लेकर शिकायत की

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ियों की आर्थिक परेशानियां जारी हैं, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) से अभी तक बकाया राशि नहीं मिली है। इस साल अगस्त में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप से पहले उनके दैनिक प्रशिक्षण शिविर भत्ते में भी कटौती की गई है। राष्ट्रीय महासंघ (पीएचएफ) के अंतरिम निकाय ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों को अब विदेशी दौरों पर प्रतिदिन 110 डॉलर का भत्ता मिलेगा। खिलाड़ियों ने हालांकि शिकायत की है कि उनके प्रशिक्षण शिविर भत्ते को 11 डॉलर (लगभग 3000 पाकिस्तानी रुपए) से घटाकर 3.5 डॉलर (लगभग 1000 रुपए) कर दिया गया है।

## मलेशिया मास्टर्स: अश्मिता चालिह का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21, 18-21, 11-21 से हार गईं। चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा, क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।



**कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत पांच संस्थाओं से एमओयू**

## प्रदेश के सरकारी कालेज अब गोपनीय तरीके से बढ़ाएंगे विद्यार्थियों का कौशल

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रदेश के विद्यार्थियों में कौशल उन्नयन के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। आधा दर्जन विभागों को प्रदेश में कौशल विकास का जिम्मा दिया गया है। इसका प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी हर विभाग को दिए गए हैं। मगर उच्च शिक्षा विभाग कॉलेजों के छात्र-छात्राओं का कौशल दबे पांव बढ़ाना चाहता है। इसके लिए बकायदा आदेश जारी कौशल विकास के आयोजन की गोपनीयता बरतने को कहा जा रहा है। असल में उच्च शिक्षा विभाग ने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत पांच संस्थाओं से एमओयू किया है। इस एमओयू में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना व उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों और पांचों संस्थाओं के प्रबंधन ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत इन संस्थाओं को प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए कौशल व व्यक्तित्व विकास, कैरियर के अवसर के अलवा मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए प्रशिक्षण के साथ ही प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करेंगी। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा है कि पांच में से किसी भी एक संस्था से संपर्क कर अपने संस्थान में प्रशिक्षण का आयोजन करें। ये संस्थाएं विद्यार्थियों के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट ड्राइव के साथ ही शिक्षकों के विकास के लिए भी प्रशिक्षण देंगी। इन संस्थाओं की विस्तार से जानकारी भी कॉलेज प्राचार्यों को विभाग की ओर से दी गई है, लेकिन साथ ही सभी को ताकीद किया गया है कि जिस संस्था का प्लेसमेंट ड्राइव, प्रशिक्षण और टीचर्स ट्रेनिंग के लिए चयन किया जाए, उसके संबंध में पूरी गोपनीयता रखी जाए। सारे आयोजन गोपनीय तरीके से किए जाएं। एमओयू की शर्तो को लेकर भी सभी को ताकीद किया गया है। यह आदेश मिलने के बाद दो दिन से सारे प्राचार्य गोपनीयता की शर्त के मायने समझने में जुटे रहे। बताया जाता है कि पहली बार इस तरह की शर्त रखी गई है, अभी तक तो सारे प्रशिक्षण और प्लेसमेंट ड्राइव की जानकारी सारे कॉलेज खुलकर सार्वजनिक कराते रहे हैं। प्रचार-प्रसार के लिए विभाग ही दबाव बनाता था।

**सीएसआर से होना है आयोजन:** जानकारी के अनुसार इन संस्थाओं से प्रशिक्षण और प्लेसमेंट का आयोजन सीएसआर के तहत निशुल्क किया जाना है। हालांकि प्रशिक्षण के लिए संसाधन खुद कॉलेजों को ही उपलब्ध कराना है। इनमें अपने विद्यार्थियों व शिक्षकों के अलावा प्रशिक्षण के लिए जरूरी जगह, कमरे, कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रोजेक्टर आदि कॉलेजों द्वारा ही उपलब्ध कराना है। आयोजन की रिपोर्ट भी बनाकर विभाग को भेजना अनिवार्य होगा।

## 'ब्राह्मणवादी पितृसत्ता' वाले प्रश्न पर बीएचयू में विवाद

### एबीवीपी ने किया इतिहास विभाग के बाहर प्रदर्शन

**वाराणसी, जेएनएन।** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू)में एमए इतिहास चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद गहरा गया है। 'वुमेन इन मॉडर्न इंडियन हिस्ट्री' विषय के प्रश्नपत्र में पूछे गए 'ब्राह्मणवादी पितृसत्ता' से जुड़े सवाल पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने इतिहास विभाग के बाहर प्रदर्शन किया। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से पूरे मामले की जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। बड़ी संख्या में छात्र इतिहास विभाग के बाहर जमा हुए। प्रदर्शनकारियों ने बैनर और पोस्टर लेकर विरोध जताया और विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा। अभाविप की बीएचयू इकाई के अध्यक्ष पल्लव सुमन ने कहा कि विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों में 'वैचारिक रूप से प्रेरित' प्रश्न पूछना उचित नहीं है।



**इस प्रश्न पर हुआ विवाद**

विवाद एमए इतिहास चौथे सेमेस्टर के पेपर में पूछे गए प्रश्न को लेकर शुरू हुआ। इसमें पूछा गया था-
'ब्राह्मणवादी पितृसत्ता ने प्राचीन भारत में महिलाओं की प्रगति में किस प्रकार बाधा डाली?'

## जेनेवा ओपन: भांबरी-वीनस की जोड़ी पुरुष युगल के फाइनल में पहुंची



**जेनेवा, जेएनएन।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने न्यूजीलैंड के अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ शुक्रवार को जिनेवा ओपन के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की पेत्र रिक्ल और एडम पावलासेक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर इस सत्र का अपना पहला एटीपी फाइनल सुनिश्चित किया। भारतीय-न्यूजीलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सेमीफाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भांबरी और वीनस ने अहम मौकों पर शानदार खेल दिखाया और लगातार प्रभावी सर्विस के दम पर एक घंटा 12 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। फाइनल में अब उनका सामना रोमेन अर्नियोडो और मार्क पोलमांस की जोड़ी से होगा। इस जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में कॉन्स्टैन्टिन फ्रांटजेन और रॉबिन हासे को 7-6(4), 6-2 से हराया।

# इस बार एमबीबीएस की 5550 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

### 20 सरकारी और 14 निजी मेडिकल कॉलेज हैं प्रदेश में, राजगढ़, छतरपुर और बुधनी मेडिकल कॉलेज भी शुरू होने की कतार में

#### मान्यता मिली तो बढ़ेंगी 450 सीटें

**भोपाल।** एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नीट यूजी की परीक्षा 21 जून को होने वाली है, हालांकि यह परीक्षा 3 जून को हो चुकी थी, लेकिन पेपर लीक के चक्कर में परीक्षा रद्द कर दी गई है। अब एनटीए ने फिर से परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा होने और रिजल्ट जारी होने के बाद शुरू होगी नीट यूजी काउंसलिंग। काउंसलिंग शुरू होने से पहले ही स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है, मप्र सरकार ने तीन नए मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन को पत्र लिखा है। उक्त तीनों मेडिकल कॉलेज के लिए एमबीबीएस की 150-150 सीटों का प्रस्ताव गया है। यदि मान्यता मिल जाती है तो 450 सीटों की वृद्धि और हो जाएगी। इस बार काउंसलिंग में मप्र के कुल 34 मेडिकल कॉलेजों की करीब 5 हजार 5 सौ 50 एमबीबीएस सीट पर प्रवेश दिए जाएंगे। पिछले वर्ष सीटों की संख्या 4775 थी, लेकिन काउंसलिंग के दौरान कई कॉलेजों में सीट वृद्धि हो गई, इससे सीटों की संख्या बढ़कर 5550 तक पहुंच गई।

#### पिछले वर्ष से कम कॉम्पटीशन

मेडिकल कॉलेज और उनमें एमबीबीएस की सीट बढ़ने का सबसे शुरूआती फायदा यहां प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को होता है। पिछले वर्ष मप्र से करीब डेढ़ लाख अभ्यर्थियों ने नीट यूजी की परीक्षा दी थी, इस बार यह संख्या 1 लाख 18 हजार है। नीट जैसी कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने या क्वालीफाई करने का औसत 40 से 50 प्रतिशत है। पिछले वर्ष मप्र में 60 हजार लोगों ने परीक्षा को पास किया था, और इनके पास 4775 सीटें थी। इस बार यह आंकड़ा बदल सकता है, सीटों की संख्या बढ़ी है और छात्रों की कम हुई है।

#### दूर होगी डॉक्टर्स की कमी

मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीट बढ़ने से जहां एक तरफ ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स को प्रवेश लेने में आसानी होगी। वहीं पांच साल बाद बड़ी संख्या में डॉक्टर्स पास होकर इन कॉलेजों से निकलेंगे। इनमें से ज्यादातर डॉक्टर्स बांड स्कीम के तहत पढ़ाई कर रहे हैं, इसलिए बांड शर्त के अनुसार इन्हें ग्रामीण क्षेत्र में जाकर नौकरी करना होगी। जिससे गांव में चिकित्सकों की कमी दूर होगी।

#### 6 नए कॉलेज शुरू करने की तैयारी

मप्र में 20 सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। राज्य सरकार ने 6 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी की हुई है। इनमें राजगढ़, छतरपुर और बुधनी का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा उज्जैन, मंडला और दमोह में भी काम निमार्णाधीन है। इन तीन कॉलेजों को अगले शैक्षणिक सत्र यानि 2027-28 में शुरू करने की योजना है। उक्त सभी छह कॉलेजों को 150-150 एमबीबीएस सीटों के साथ शुरू करने की योजना है। जब यह कॉलेज शुरू हो जाएंगे तो एमबीबीएस की 900 सीटों की वृद्धि होगी। जिसके बाद मप्र में एमबीबीएस की कुल सीटों की संख्या साढ़े 6 हजार से अधिक हो जाएगी।

#### किस कॉलेज में कितनी सीटें

| | |
|---|---|
| 1 जीएमसी भोपाल | - 250 |
| 2 गजराराजा, ग्वालियर | -200 |
| 3 एमजीएम इंदौर | - 250 |
| 4 एनएससीबी, जबलपुर | - 250 |
| 5 एसएस रीवा | - 150 |
| 6 बुंदेलखंड, सागर | - 150 |
| 7 मेडिकल कॉलेज रतलाम | -180 |
| 8 एबीएमसी, विदिशा | -180 |
| 9 मेडिकल कॉलेज दतिया | - 120 |
| 10 मेडिकल कॉलेज खंडवा | - 120 |
| 11 मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा | -150 |
| 12 मेडिकल कॉलेज शहडोल | -100 |
| 13 मेडिकल कॉलेज शिवपुरी | -100 |
| 14 मेडिकल कॉलेज सतना | - 150 |
| 15 मेडिकल कॉलेज मंदसौर | - 100 |
| 16 मेडिकल कॉलेज सिवनी | -100 |
| 17 मेडिकल कॉलेज नीमच | -100 |
| 18 मेडिकल कॉलेज श्योपुर | -100 |
| 19 मेडिकल कॉलेज सिंगरौली | - 100 |
| 20 ईएसआई कॉलेज, इंदौर | - 50 |
| कुल सरकारी कॉलेज की सीट | -2900 |

**निजी मेडिकल कॉलेज में सीट**

| | |
|---|---|
| 1 पीपुल्स भोपाल | - 250 |
| 2 एलएन भोपाल | -250 |
| 3 चिरायु भोपाल | -250 |
| 4 अरबिंदो इंदौर | - 250 |
| 5 इंडैक्स, इंदौर | - 250 |
| 6 आर्डीगार्डी उज्जैन | - 150 |
| 6 अमलतास, देवास | -250 |
| 8 आरकेडीएफ भोपाल | -150 |
| 9 एलएनसीटी इंदौर | - 150 |
| 10 सुख सागर, जबलपुर | - 150 |
| 11 महावीर कॉलेज भोपाल | - 150 |
| 12 रामकृष्ण कॉलेज भोपाल | - 150 |
| 13 सत्यसांई कॉलेज सीहोर | -100 |
| 14 मानसरोवर, सीहोर | - 150 |
| कुल सीटों की संख्या | - 2650 |





# पिनाका नर्सिंग होम संचालक को कारण बताओ नोटिस

## सीएमएचओ को मिली थी कमियां, की कार्यवाही

जागरण सतना

शहर में संचालित एक नर्सिंग होम संचालक को सीएमएचओ डॉ मनोज शुक्ला ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। दनअसल नर्सिंग होम कम बेड के लिए स्वीकृत है मगर निरीक्षण में ज्यादा बेड संचालित पाये गये। जी हॉ यह पूरा मामला भरहुत नगर में संचालित पिनाका नर्सिंग होम का बताया जा रहा है जहां पर 22 मई को सीएमएचओ द्वारा किये गये निरीक्षण में बडे पैमाने पर कमियॉ पाई गई है।

### निरीक्षण के समय न तो आरएमओ और न ही एमबीबीएस डॉ ड्यूटी पर मिले

सीएमएचओ द्वारा किये गये निरीक्षण में पाया गया है कि निरीक्षण के दौरान न तो कोई आरएमओ और न ही एमबीबीएस डॉ डियूटी पर मिले। डियूटी पर उपलब्ध नर्सिंग स्टाफ योग्यता अनुसार नही पाया गया बायोमेडिकल बेस्ट प्रबंधन हेतु समुचित व्यवस्था उपलब्ध नही पाई गई। मरीजो से प्राप्त शुल्क की रसीद संधारित नही मिली। केस सीट मरीज भर्ती रजिस्टर संधारित नही पाये गये।


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सतना (म.प्र.)

क्रमांक : स्त्रोउपचार 6876 दिनांक : 22/5/2026

प्रति,
संचालक,
पिनाका नर्सिंग होम,
भरहुत नगर, सतना (म.प्र.)

विषय:- निरीक्षण में पाई गई कमियों के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सतना (म.प्र.)

क्रमांक : स्त्रोउपचार 6876-77 दिनांक : 22/5/2026

### मरीजो की भर्ती पर लगाया प्रतिबंध

सीएमएचओ डॉ मनोज शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के कारण पिनाका नर्सिंग होम में नये मरीजो की भर्ती पर तत्काल प्रभाव रोक लगा दी हे। इतना ही नही उन्होने तीन दिन के अंदर समाधान कारक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। साथ ही यह भी कहा है कि यदि समयावधि में संतोषजनक जवाब नही पाया गया अथवा निर्देशो का उल्लंघन पाया तो संस्थान के विरूद्ध रूजो उपचार अधिनियम अंतर्गत पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

# बाइक चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, तीन मोटर साइकल जब्त

## सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही कर दबोचा

**जागरण सतना।** शहर में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है इतना ही नही उनके कब्जे से तीन बाइक भी जप्त की गई है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी डॉ शिवेश सिंह बघेल एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है घटना

विजय कुमार देशमुख ने 20 मई को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी आरोपी अज्ञात होने के कारण तलाश के लिए टीम लगाई गई। जिसके चलते मुखबिरो के माध्यम से मिली जानकारी के मुताबिक दानिश सिद्दीकी पिता मो हमीद खान उम्र 21 वर्ष निवासी नजीराबाद श्यामू भाई के घर के पीछे कुआ के पास थाना सिटी कोतवाली जिला सतना , मो हसन उर्फ राशिद उर्फ लल्लन पिता मो आरिफ उम्र 28 वर्ष निवासी पेट्रोल पंप के पीछे मक्का मस्जिद के सामने नजीराबाद थाना सिटी कोतवाली जिला सतना से उक्त अपराध मे चोरी की गई मोटरसायकल बरामद की गई तथा पूछताछ मे पूर्व मे अन्य दो मोटरसायकलो की चोरी करना बताये जाने से उक्त आरोपियो से कुल 03 नग चोरी की गई मोटरसायकल बरामद करते हुये उपरोक्त आरोपीगणो को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर पेश माननीय न्यायालय किया गया है । पुलिस ने इस कार्यवाही में 225000 रूपये कीमत की तीन बाइक जप्त की है।



**पिनाका नर्सिंग होम पर हुई कार्यवाही** **जागरण सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला द्वारा शुक्रवार को भरहुत नगर स्थित पिनाका नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पिनाका नर्सिंग होम में खामियों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुक्ला ने नर्सिंग होम संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी कमियों को तत्काल दूर करने के लिए कहा गया है। चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने या निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित नर्सिंग होम का पंजीयन निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# लू व तापघात से बचाव के लिये एडवायजरी जारी

**जागरण सतना।** वर्तमान मौसम में गर्मी का प्रभाव बढने लगा है तथा आगामी दिवस में इसमें और बढोतरी की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए आमजनों को एडवायजरी जारी कर सलाह दी गई है कि इस मौसम में अनावश्यक दोपहर के समय घर से बाहर नही निकले। माह मई एवं जून में तापमान की अधिकता के कारण गर्म हवाओ के रूप में लू चलती है, जिससे आमजनों को भी लू लगने की समस्या हो सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला ने बताया, कि अत्याधिक गर्मी एवं तेज धूप के सम्पर्क में आने से शरीर में पानी एवं नमक (लवण) की कमी हो जाती है, जिससे लू लगने की संभावना बढ जाती है। ऐसी स्थिति में आवश्यक सावधानियां अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अनावश्यक धूप में निकलने से बचना चाहिये, यदि आवश्यक हो, तो सिर पर कपडे या गमछे का उपयोग करे। आखों पर चश्मा पहन कर चले। घर से बाहर निकलने से पहले कुछ खाकर निकले, जरूरी कार्य सुबह जल्दी या सायंकाल को करे।

नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप गौतम ने बताया, कि तेज बुखार, सिसदर्द, चक्कर आना, उल्टी, मुहं का सुखना, अत्यधिक प्यास लगना, कमजोरी, पूरे शरीर में दर्द, पसीना नही आना, पेशाब कम आना या पीले गहरे रंग का आना, भूख नही लगना एवं बैहोसी जैसे लक्षण लू के संकेत हो सकते है। ऐसे लक्षण दिखाई दे तो संबन्धित व्यक्ति को तुरंत छायादार एवं ठंडे स्थान पर लिटाकर प्राथमिक उपचार प्रदान करना चाहिए तथा तुरंत ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखाना चाहिये।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर चोरी, बंदूक से गोलियॉ भी निकाल ले गये

**जागरण सतना।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले प्रॉपर्टी डीलर के घर चोरो ने धावा बोला और वहां से लाखो का माल पार कर दिया है इतना ही नही चोर बंदूक से गोलियॉ भी निकाल ले गये यह घटना बगहा बाइपास स्थित सैनिक कॉलोनी में गुरूवार शुक्रवार की दरमियानी रात हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। ढाई बजे नींद खुली तो चोरी का पता चला पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर दिनेश सिंह सिद्धू ने बताया कि चोरी उनकी पत्नी के कमरे में हुई। गुरुवार रात कमरे का कूलर खराब होने के कारण उनकी पत्नी दूसरे कमरे में सो गई थीं। रात करीब साढ़े 11 बजे उनका बेटा घर लौटा जिसके बाद परिवार के सभी सदस्य अपने.अपने कमरों में सो गए। रात करीब ढाई बजे पत्नी की नींद खुली। जब वह अपने कमरे में पहुंचीं तो वहां का नजारा देखकर चौंक गईं। कमरे की अलमारी खुली थी सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था और लॉकर टूटा हुआ था। उनके शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गए।



# सगे भतीजे की हत्या करने वाले चाचा को आजीवन कारावास

**जागरण सतना।** प्रधान सत्र न्यायालय ने एक वर्ष पूर्व हुई नृशंस हत्या के मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी रामखेलावन सिंह गोंड तनय हीरालाल गोंड उम्र 62 वर्ष निवासी जवारिन थाना बरौधा को दोषी करार दिया है प्रधान सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है अर्थदंड जमा न करने की स्थिति में दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इस महत्वपूर्ण मामले में राज्य की ओर से रमेश मिश्रा लोक अभियोजकध्शासकीय अभिभाषक जीपी ने पैरवी की तथा मामले की बारीकियों और कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी भी साझा की हैं अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष यह सिद्ध किया कि यह हत्या पूरी तरह से पूर्व नियोजित थी अभियोजन के अनुसार घटना 12 अक्टूबर 2024 की सुबह लगभग 8 बजे की है बरौंधा थाना क्षेत्र के ग्राम जवाहर में रहने वाले मृतक प्रेम सिंह गोंड जब हैंडपंप पर पानी लेने जा रहे थेए तभी उनके छोटे चाचा रामखेलावन सिंह गोंड ने उन्हें रोकाए पुराने पारिवारिक विवाद हिस्सा.बांट को लेकर आरोपी ने मृतक के साथ गाली.गलौज की विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथ लाई गई कुल्हाड़ी से प्रेम सिंह के सिर और शरीर के अन्य संवेदनशील हिस्सों पर ताबड़तोड़ प्रहार किए जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान 13 अक्टूबर 2024 को उनकी मृत्यु हो गई न्यायालय ने अपने निर्णय में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला न्यायालय ने पाया कि घटनास्थल पर कुल्हाड़ी की उपलब्धता स्वतः नहीं थीए जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी हत्या के इरादे से ही कुल्हाड़ी साथ लेकर आया था बचाव पक्ष द्वारा दी गई दलील कि मृत्यु चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण हुईए को न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में सिरे से खारिज कर दिया।आरोपी की वृद्धावस्था और पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड न होने के बचाव पक्ष के तर्कों पर टिप्पणी करते हुए न्यायालय ने कहा कि सगे भतीजे की इस निर्मम हत्या के कृत्य को देखते हुए आरोपी किसी भी सहानुभूति का पात्र नहीं है हालांकि इसे दुर्लभतम से दुर्लभ श्रेणी का मामला नहीं माना गया इसलिए मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास दण्डित किया गया है आरोपी रामखेलावन सिंह गोंड 14 अक्टूबर 2024 से ही न्यायिक अभिरक्षा में है। आज वीसी के माध्यम से निर्णय सुना जाने के बाद उसे सजा भुगतने के लिए केंद्रीय जेल सतना मे ही रहना होगा । न्यायालय ने मामले से जुड़े जप्त साक्ष्यों कुल्हाड़ी कपड़े आदि को अपील अवधि समाप्त होने के उपरांत नष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

# डाक विभाग में डायरेक्ट एजेंट की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**जागरण सतना।** भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत संचालित इंडिया पोस्ट की प्रतिष्ठित बीमा योजनाओं पोस्टल लाइफइंश्योरेंस (पीएलआई) एवं रूरल पोस्टल लाइफइंश्योरेंस (आरपीएलआई) के व्यवसाय विस्तार के लिए डाक संभाग सतना में प्रत्यक्ष अभिकर्ता (डायरेक्ट एजेंट) की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधीक्षक डाकघर डाक संभाग सतना ने बताया कि चयन हेतु साक्षात्कार 29 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से कार्यालय अधीक्षक डाकघर डाक संभाग सतना में आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही बीमा या मार्केटिंग का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता मिलेगी। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड/पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) की मूल एवं स्वप्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। चयनित अभिकर्ताओं का कार्य पीएलआई एवं आरपीएलआई योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं व्यवसाय अर्जन करना होगा।






# राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

## रामपुर में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में दिये निर्देश

### मतदाता सूची से संबंधित दावा-आपत्तियों की समीक्षा



जागरण, सीधी

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक एसएन रूपला सेवानिवृत्त आईएएस ने 22 मई 2026 को तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची से संबंधित दावा-आपत्तियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध, त्रुटिरहित एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक श्री रूपला ने ग्राम पंचायत बुढ़गौना, पिपराव, पटना, मझिगवां तथा नगर पंचायत रामपुर नैकिन के वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 6 में प्राप्त दावा-आपत्ति प्रपत्रों की विस्तृत जांच की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी गंभीरता और सावधानी के साथ किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपना नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य निर्वाचन प्रक्रियाओं के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को प्रक्रिया की पूरी जानकारी मिल सके और पात्र नागरिक समय पर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकें। प्रेक्षक ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए त्रुटिरहित मतदाता सूची का तैयार होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए कार्य करें। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी विकास आनंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव कुमार तिवारी, तहसीलदार आशीष कुमार मिश्रा, खंड पंचायत अधिकारी पशुपतिनाथ द्विवेदी, इलेक्शन प्रोग्रामर दीपक पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर कमलेश मिश्रा तथा निर्वाचन सुपरवाइजर महेश कुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# जूरी, गांधीग्राम, ममदर, पड़रिया में स्वास्थ्य शिविर आज

**जागरण, सीधी।** जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 23 मई 2026 को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार 23 मई को शाम 4 बजे से 7 बजे तक जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की चयनित ग्राम पंचायतों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। इनमें धौहनी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत जूरी (कुसमी), सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत गांधीग्राम, चुरहट विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत ममदर तथा सिहवल विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया शामिल हैं। इन विशेष शिविरों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक उपचार संबंधी मार्गदर्शन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी-**7089620900 **सिंगरौली-**9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com